निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



संसद हमले की 24वीं बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते पीएम नरेंद्र मोदी

• बोकारो, रविवार 14 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 207 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## ब्रेक फेल होने के बाद ट्रेलर ने पांच गाड़ियों में मारी टक्कर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र की चूटूपालू घाटी में शनिवार को एक ट्रेलर का ब्रेक फ़ेल हो गया। इसके बाद ट्रेलर ने अपने आगे चल रही बाइक समेत पांच गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। दुर्घटना में पांचों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घायलों को स्थानीय सदर अस्पताल और निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। घाटी के एक लेन को बंद कर दिया गया जबकि दूसरे लेन से वाहनों का आवागमन जारी रखा गया। दुर्घटनाग्रस्त सभी वाहनों को प्रशासन द्वारा सड़क से हटवा दिया गया है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए घाटी में जाम लग गया था लेकिन अब यातायात सामान्य हो गया है। दरअसल छड़ से लदा यह ट्रेलर रामगढ़ की ओर आ रहा था। घाटी में अचानक उसका ब्रेक फ़ेल हो गया जिसके बाद वह अनियंत्रित होकर आगे चल रहे वाहनों से टकरा गया। जिन वाहनों को टक्कर लगी, उनमें इनोवा, बोलेरो, हुंडई आई10, फॉर्च्यूनर और एक बाइक शामिल हैं।

# नए साल में स्विट्जरलैंड जायेंगे सीएम हेमंत सोरेन

## दावोस में निवेश संभावनाओं पर करेंगे मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने और राज्य की औद्योगिक, खनन व पर्यटन संभावनाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनवरी 2026 में स्विट्ज़रलैंड की यात्रा पर जाएंगे। मुख्यमंत्री के साथ उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी विदेश दौरे पर रहेगा। यह यात्रा 19 से 25 जनवरी 2026 तक प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा होस्ट किया जा रहा है जिसमें झारखंड को विशेष रूप से शामिल किया गया है। झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित लगभग 15-16 अधिकारियों की टीम स्विट्ज़रलैंड रवाना होगी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सचिव, उद्योग सचिव, उद्योग निदेशक, जियाडा निदेशक समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे। मुख्यमंत्री स्विट्ज़रलैंड के दावोस में आयोजित होने वाली विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) की वार्षिक बैठक में भाग लेंगे। यह झारखंड के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा क्योंकि राज्य पहली बार इस प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मेलन में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएगा। दावोस सम्मेलन में दुनिया भर के प्रमुख निवेशक, उद्योगपति और कई राष्ट्राध्यक्ष भाग लेते हैं। इस वर्ष सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत अनेक वैश्विक नेता शामिल होंगे। उद्योग विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस यात्रा के दौरान झारखंड की खनन संपदा, औद्योगिक ढांचा, पर्यटन और निवेश के विविध अवसरों को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ सहयोग के नए रास्ते खोलना है। दावोस के बाद प्रतिनिधिमंडल लंदन का भी दौरा करेगा। लंदन को निवेश, शिक्षा और पर्यटन का वैश्विक केंद्र माना जाता है। इस दौरान वहां बसे भारतीय प्रवासियों और निवेशकों से भी झारखंड में निवेश को लेकर चर्चा होने की संभावना है। सरकार का मानना है कि इस पहल से झारखंड की ब्रांड वैल्यू बढ़ेगी और राज्य में रोजगार व विकास के नए अवसर सृजित होंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में प्राचार्य की मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर जुरा के पास बीती रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में सकरौली स्कूल के प्रिंसिपल प्रेम कुजूर की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो गाड़ी को आग के हवाले कर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक प्रेम कुजूर अपनी बाइक से जा रहे थे कि इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही एक बोलेरो गाड़ी ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिक्षक प्रेम कुजूर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### कार की चपेट में आने से महिला की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पांडेडीह के पास शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार बगोदर थाना क्षेत्र के अटका निवासी सुधीर कुमार राणा अपनी पत्नी चमेली देवी के साथ बाइक से गिरिडीह जा रहे थे। वे दोनों गिरिडीह कोर्ट में लोक अदालत के किसी काम से जा रहे थे। पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पांडेडीह के पास पीछे से आ रहे कार ने ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

### फंदे से लटका मिला महिला कर्मचारी का शव

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के सुभाष चौक के पास शनिवार को उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब बरेलिया नर्सिंग होम की कर्मचारी लवली कुमारी के परिजनों ने उनकी मौत के बाद न्याय और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। लवली कुमारी पिछले दो वर्षों से इस नर्सिंग होम में कार्यरत थीं। लवली कुमारी का शव बीते कल एक किराए के मकान में फंदे से लटका हुआ पाया गया था। उनके साथ रहने वाली नर्सिंग होम की अन्य कर्मचारियों ने इसकी सूचना नर्सिंग होम के मालिक डॉ. राहुल बरेलिया को दी। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

### हाइवा और ट्रक की टक्कर में मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** रांची-गुमला एनएच-43 पर शनिवार को भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। नवा टोली नदी के समीप बालू लदे हाइवा और कोयला लदे ट्रक के बीच सीधी टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि दोनों भारी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस वजह से सड़क पर लंबा जाम लग गया। इस दुर्घटना में कोयला लदे ट्रक के चालक बेगूसराय निवासी मोहन यादव और उपचालक विमलेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।

### युवक की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** हरिहरगंज थाना अंतर्गतकौवाखोह के पास एक एसयूवी और पिकअप वैन की टक्कर में 30 वर्षीय सुनील राम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए।

#### मुख्य सचिव ने गैस रिसाव वाले इलाके और बेलगड़िया टाउनशिप का किया निरीक्षण

# गैस रिसाव को नियंत्रित करना चुनौती : अविनाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने केंदुआडीह क्षेत्र में गैस रिसाव वाले इलाके का शनिवार को दौरा किया। उनके साथ प्रभारी डीजीपी तदास मिश्रा, बीसीसीएल के सीएमडी, धनबाद के डीसी एवं एसएसपी समेत कई आला अधिकारी मौजूद रहे। अविनाश कुमार पूरे इलाके का निरीक्षण किया और लोगों से बातचीत भी की। लोगों की सरकार से जो आकांक्षाएं हैं, उन्हें सुनी और विचार करने का आश्वासन भी दिया। यही नहीं बेलगड़िया टाउनशिप का भी मुख्य सचिव एवं अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया जहां प्रभावित परिवारों को बसाया जाना है। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने कहा कि गैस रिसाव की घटना पर पूरी तरह से नियंत्रण रखना बड़ी चुनौती है। प्राकृतिक कारणों से ऐसी घटनाएं घटती हैं।



हालांकि विशेषज्ञों की रिपोर्ट पर विचार विमर्श जारी है। मुख्य सचिव ने कहा कि पल-पल का अध्ययन किया जा रहा है। ग्रामीण सालों से यहां रहते हैं, बेहतर परिस्थिति वही समझते हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि ग्रामीणों की सहभागिता के बिना समाधान निकालना मुश्किल है। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को सुरक्षित स्थान पर बसाने और गैस रोकने की दिशा में आकलन करने में जुटी है। केंद्र एवं राज्य सरकार, बीसीसीएल प्रबंधन और स्थानीय लोगों के बीच बेहतर ताल मेल बैठाकर ही कोई निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक, सांसद, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से बातचीत के माध्यम से समस्या का हल निकाला जाएगा। राज्य और केंद्र दोनों सरकारें घटना को लेकर काफी गंभीर हैं। केंदुआडीह में मुख्य सचिव ने लोगों से बातचीत भी की और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। मुख्य सचिव अविनाश कुमार और डीजीपी समेत तमाम अधिकारियों ने बेलगड़िया टाउनशिप का भी दौरा किया। यहां पर वर्तमान में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्य सचिव ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सरकार सजग है। मौके पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि घटना को विधानसभा में भी आवाज उठाया और मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या का समाधान के लिए लिखित आवेदन दिया है। विधायक ने कहा कि यह मामला केंद्र सरकार के अधीन है लेकिन राज्य सरकार को भी लोगों की सुरक्षा के बारे में सोचने की जरूरत है।

## घूस लेते कार्यपालक अभियंता गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) जमशेदपुर की टीम ने भवन निर्माण विभाग चाईबासा भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अरुण कुमार सिंह को 70 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नारकोटिक्स विभाग के भवन निर्माण कार्य से जुड़े भुगतान मामले में की गई। संबंधित योजना की कुल लागत 55 लाख रुपये थी। इसमें से 29 लाख रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका था जबकि शेष राशि के भुगतान के एवज में अभियंता द्वारा 2.5 प्रतिशत कमीशन के रूप में 70 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। घूस की मांग से परेशान होकर भवन निर्माण विभाग के संवेदक रितेश चिरानिया ने एसीबी जमशेदपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद एसीबी ने पूर्व नियोजित ट्रैप ऑपरेशन चलाया और अभियंता को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। एसीबी द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने अभियंता के कार्यालय के पास स्थित आवास की भी जांच की। इसके पश्चात अभियंता को पूछताछ के लिए एसीबी जमशेदपुर कार्यालय ले जाया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व डीएसपी इंद्रदेव राम ने किया। इस टीम में इंस्पेक्टर जयराम प्रसाद, इंस्पेक्टर कल्याण बिरुली, एएसआई मनोज कुमार सिंह, मनीष कुमार राम, अरुण कुमार मंडल तथा कार्य दंडाधिकारी सह सीओ जमशेदपुर मनोज कुमार शामिल रहे।

## सूबे के हर शहर को सुरक्षित, समावेशी व खुशहाल बनाना हमारा संकल्प : हेमंत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची शहर का औचक निरीक्षण किया। शहर का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि राज्य के प्रत्येक शहर में आवागमन, नागरिक सुविधाओं तथा जीवन की सुगमता को और अधिक बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध है। श्री सोरेन ने कहा कि उनका संकल्प है कि राज्य का हर शहर सुरक्षित, समावेशी एवं खुशहाल बने। राज्य के प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ बेहतर जीवन सुविधाएं सुनिश्चित हों।

## मुख्य न्यायाधीश ने परिवार संग बैद्यनाथ धाम में की पूजा-अर्चना

**देवघर (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान शनिवार को बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने अपने परिवार के संग के संग पूजा कर अपने एवं राज्य के बेहतर भविष्य की कामना की। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान के आने से पहले मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दी गई थी और प्रोटोकॉल के अनुसार जिले के सभी अधिकारी और पदाधिकारी मंदिर परिसर में मौजूद रहे। देवघर के बाबा मंदिर में मुख्य न्यायाधीश के आगमन को देखते हुए मंदिर के बाहर भी ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया गया था। मंदिर के वीआईपी गेट के पास उनकी वाहन लगी और वह सीधा मंदिर के मुख्य कार्यालय में पहुंचकर अपने परिवार के संग विधि विधान के साथ संकल्प किया और फिर तीर्थ पुरोहितों के साथ गर्भगृह में पूजा अर्चना की। शनिवार को सुबह मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के पूजा करने के दौरान आम श्रद्धालुओं को थोड़ी देर के लिए रोक दिया गया था। हालांकि थोड़ी देर बाद ही सुरक्षा कर्मियों ने सभी श्रद्धालुओं को पूजा करने की इजाजत दे दी। शनिवार को सुबह पूजा करने के बाद देवघर के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी सौरभ ने उन्हें भेंट के रूप में अंग वस्त्र और देवघर का प्रसाद दिया। बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा करने के बाद मुख्य न्यायाधीश देवघर के लिए रवाना हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान को पूजा करने के लिए देवघर के बाद बासुकीनाथ जाना था लेकिन वो सीधे देवघर के लिए रवाना हो गए।

## झारखंड में पहली बार बैलेट पेपर से होगा नगर निकाय चुनाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में पहली बार बैलेट पेपर के जरिए शहर की सरकार चुनी जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने आने वाले समय में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर यह महत्वपूर्ण फैसला लिया है। अभी तक नगर निकाय चुनाव जब कभी भी हुए हैं उसमें ईवीएम का ही इस्तेमाल होता था। जाहिर तौर पर बैलेट पेपर के जरिए मतदान होने से चुनाव कार्य थोड़ा जटिल होगा और निर्वाचनकर्मियों को मतदान से लेकर मतगणना तक में परेशानी का सामना होगी। यह फैसला राज्य निर्वाचन आयोग ने ईवीएम की अनुपलब्धता के कारण लिया है। आयोग को जितनी संख्या में ईवीएम की जरूरत है, उस हिसाब से अपने राज्य में ईवीएम नहीं होने के कारण दूसरे राज्य पर निर्भर होना पड़ता है। बिहार सहित झारखंड के दूसरे पड़ोसी राज्यों ने ईवीएम उपलब्ध कराने के नाम पर हाथ खड़े कर दिए हैं। इतना ही नहीं ईवीएम बनाने वाली कंपनी ने मांग के अनुरूप नया ईवीएम बनाने के लिए एक वर्ष के समय की मांग की है। जाहिर तौर पर इन सारे तमाम कारणों की वजह से राज्य निर्वाचन आयोग ने इस बार बैलेट पेपर के जरिए शहर की सरकार चुनने का फैसला किया है। नगर निकाय चुनाव में बैलेट पेपर अलग-अलग रंगों में रहेगा। यानी अध्यक्ष के लिए अलग रंग का बैलेट पेपर रहेगा। वहीं वार्ड सदस्य के लिए अलग रंग का बैलेट पेपर। मतदाता को मतदान के दौरान दो बैलेट पेपर मिलेगें और अलग-अलग बैलेट बॉक्स में इसे डालना होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद के अनुसार पर्याप्त संख्या में बैलेट बॉक्स उपलब्ध हैं। जिलों में मतदान केंद्रों के अनुसार इसका आकलन किया जा चुका है और ब्लैक बॉक्स की रंगाई पुताई भी की जा रही है। इधर बैलेट पेपर की छपाई के लिए प्रिंटिंग प्रेस के चयन की तैयारी आयोग ने शुरू कर दी है। आमतौर पर बैलेट पेपर कोलकाता में प्रिंट होता था लेकिन इस बार स्थानीय स्तर पर यानी रांची में ही प्रिंट कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए आयोग द्वारा प्रिंटिंग प्रेस की चयन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन बनेगा उसरी जलप्रपात : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले में स्थित प्रसिद्ध उसरी जलप्रपात को आधुनिक इको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। नगर विकास, पर्यटन एवं खेलकूद मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शनिवार को लगभग 10 करोड़ रुपए की इस परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए आकर्षक केंद्र बनाने का लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उसरी जलप्रपात को इको-टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा रहा है। परियोजना के तहत उसरी जलप्रपात क्षेत्र में कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनमें विस्तृत पार्किंग एरिया, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, वॉच टावर,



पिकनिक जोन, आकर्षक प्रवेश द्वार, पर्यटकों के लिए आरामदायक बैठने की व्यवस्था, गेस्ट हाउस और एक आधुनिक रेस्टोरेंट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पूरे क्षेत्र में पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस परियोजना से गिरिडीह को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले वर्ष जून तक उसरी जलप्रपात का नया स्वरूप तैयार हो जाएगा। मंत्री सोनू ने यह भी कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में गिरिडीह झारखंड ही नहीं बल्कि देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले पांच वर्षों में गिरिडीह जिले में पर्यटन विकास से संबंधित कई अन्य योजनाएं भी लागू की जाएंगी। शिलान्यास समारोह में उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते और एसडीपीओ जीतवाहन उरांव सहित पूर्वी वन प्रभाग के रेंजर, फॉरेस्टर एवं वनरक्षी उपस्थित थे। बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और पर्यावरण प्रेमी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

# चुरचू में अनाज घोटाला, जॉब कार्ड वसूली व दीदी बाड़ी में घूसखोरी पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चुरचू चरही।** प्रखंड मुख्यालय में सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी रही। ग्रामीण प्रशासन के पास जमा किए गए अनाज के वितरण की उम्मीद में पहुंचे थे, जबकि कई लोग अपनी विभिन्न शिकायतों को लेकर भी एकजुट हुए। प्रखंड मुख्यालय के निकट ग्रामीणों ने पहले जमकर नारेबाजी की और अनाज की कथित कालाबाजारी में आरोपित कृषि पदाधिकारी काशीनाथ गुप्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।



ग्रामीणों ने बताया कि जॉब कार्ड निर्गत करने के नाम पर रोजगार सेवक घनश्याम राम द्वारा पूरे क्षेत्र में अवैध रूप से 400 से 500 रुपये तक की वसूली की गई है। इस तरह की कई घटनाएं सामने आने पर ग्रामीणों ने कृषि पदाधिकारी और रोजगार सेवक दोनों के विरुद्ध प्रखंड मुख्यालय परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी के बाद ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम के चेंबर में पहुंचा। जहां उन्होंने एक-एक कर अपनी समस्याओं को सामने रखा। ग्रामीणों ने बताया कि जिस अनाज को ग्रामीणों ने पकड़ा था और जो फिलहाल थाने में रखा गया है, उसका वितरण जल्द से जल्द किया जाए और कृषि पदाधिकारी पर विभागीय कार्रवाई वेकी जाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दीदी बाड़ी योजना, जिसकी स्वीकृति राशि 28,000 रुपये है, उसे स्वीकृत कराने के एवज में रोजगार सेवक द्वारा 8,000 रुपये की मांग की जा रही है। इतना ही नहीं, योजना के जिओ टैगिंग के नाम पर भी 500 रुपये तक वसूली की गई है। इन सभी गंभीर आरोपों को ग्रामीणों ने बीडीओ के समक्ष रखा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम ने ग्रामीणों को बताया कि कृषि पदाधिकारी काशीनाथ गुप्ता को विभाग द्वारा शो-कॉज नोटिस जारी किया जा चुका है, और आगे की कार्रवाई विभागीय जांच के आधार पर की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जॉब कार्ड पूरी तरह निःशुल्क है और इसके लिए किसी भी ग्रामीण को कोई पैसा नहीं देना चाहिए। साथ ही, दीदी बाड़ी योजना में 8,000 रुपये की कथित मांग और जिओ टैगिंग शुल्क की शिकायत को भी गंभीरता से लेते हुए उन्होंने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। बीडीओ ने कहा कि रोजगार सेवक द्वारा की गई अवैध वसूली की उन्हें जानकारी नहीं थी, लेकिन अब इस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन के कब्जे में रखा गया गेहूं और अन्य सामग्री सोमवार तक उनकी निगरानी में ग्रामीणों के बीच वितरित कर दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और हर शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई अवश्य की जाएगी।ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश के बीच अब देखने वाली बात यह होगी कि भ्रष्टाचार के इन मामलों पर प्रशासन कितनी तेजी से कार्रवाई करता है और ग्रामीणों को न्याय कब तक मिलता है।

# हजारीबाग के विभिन्न होटलों में फायर मॉक ड्रिल एवं फायर ऑडिट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह के निदेशानुसार अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं आपदा से निपटने की तैयारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज हजारीबाग शहर के सिंदूर क्षेत्र में स्थित होटल, रेस्ट्रो बार एंड रेस्टोरेंट, मनोकामना होटल, वृंदावन होटल एंड मैरेज हॉल तथा अतिथि होटल में फायर मॉक ड्रिल एवं फायर ऑडिट का आयोजन किया गया।



इस दौरान अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा होटलों में उपलब्ध फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच की गई तथा आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित निकासी, फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग, अलार्म सिस्टम एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं की व्यवहारिक जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के माध्यम से होटल कर्मियों एवं प्रबंधन को आपात स्थिति में समन्वय के साथ कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया।

फायर ऑडिट के क्रम में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक सुझाव भी दिए गए। अधिकारियों ने होटल प्रबंधन को निर्देशित किया कि सभी अग्नि सुरक्षा उपकरणों को सदैव क्रियाशील अवस्था में रखें तथा समय-समय पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में जान-माल की क्षति को न्यूनतम किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की बात कही गई, जिससे सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।

# उसरी वाटर फॉल को राष्ट्रीय स्तर के पर्यटकों के लिए प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा : सुदिव्य

## पर्यटन विकास से स्थानीय स्तर पर होगा रोजगार का सृजन : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज सुदिव्य कुमार मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, नगर विकास एवं आवास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार ने उसरी वाटर फॉल को आधुनिक इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने को लेकर 10 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास किया।



मौके पर जिला उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, उप विकास आयुक्त, स्मृता कुमारी, एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव समेत जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग पथ प्रमंडल एन.आर.ई.पी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे इस दौरान मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि गिरिडीह के प्राकृतिक सौंदर्य को अब एक नई पहचान मिलने वाली है। पूर्वी वन प्रमंडल क्षेत्र में स्थित उसरी जलप्रपात, जो अब तक सीमित तौर पर स्थानीय लोगों का पसंदीदा सैर स्थल रहा है, जल्द ही आधुनिक इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित होगा सुदीव्य कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में उसरी जलप्रपात को पर्यटकों के लिए आकर्षक और सुविधाजनक बनाया जाएगा। योजना के तहत यहां सुव्यवस्थित पार्किंग, बच्चों के लिए खेल परिसर, वॉच टावर, पिकनिक स्पॉट, आकर्षक प्रवेश द्वार, बैठने की बेहतर व्यवस्था, गेस्ट हाउस और आधुनिक रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए स्वच्छता, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था को भी मजबूत किया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले पांच वर्षों में जिले में पर्यटन विकास से जुड़ी कई और योजनाएं धरातल पर उतरेंगी। इसके साथ ही जिले के प्रमुख स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में और बेहतर और विकसित करने को लेकर राज्य सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा सभी तैयारियां सुनिश्चित कराई जा रही हैं। साथ ही सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का भी प्रयास किया जा रहा है। जिससे कि यहां के स्थानीय को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो और पर्यटन को बढ़ावा मिलें।मौके पर जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन स्थलों को विकसित करने के दिशा में प्रयासरत है। जिले के पर्यटन स्थलों के विकास से यहां पर पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी और स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने उसरी वाटर फॉल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सारी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जिसके चारों तरफ कनेक्टिविटी पर काम किया जायेगा। जिससे कि जलप्रपात के चारों तरफ पर्यटक घुमकर प्राकृतिक घटा का आंनद उठा सके। साथ ही पर्यटकों के लिए इसे और भी आकर्षक बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि यहां के स्थानीय लोगों को सड़क संपर्क, रोजगार और स्थानीय व्यवसाय को भी नई गति मिलेगी।

# कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की कार्य प्रगति की समीक्षा

## आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 111 आवेदनों का अनुमोदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गिरिडीह जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली।



इस संबंध में हो रहे कार्यों की जानकारी देने के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से कुल 114 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके पश्चात बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि के लिए प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 111 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया क्या है मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना झारखंड कल्याण विभाग की ओर से सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों को बीमारी में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसके लिए विभाग चिकित्सा सहायता योजना चला रही है। योजना के तहत किसी तरह की बीमारी या सर्जरी होने पर या कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने का प्रवाधान है। अब सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए इसमें कोविड होने पर भी लाभ देने का प्रवाधान शुरू किया है। अगर आप अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग में आते हैं और आपको कोविड हुआ है या हुआ था या आप होम आइसोलेशन में थे, तो सरकार आपको 2500 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता देगी वहीं अब इस योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता कर दिया गया है। 1500 से 25,000 रुपये तक का सहायता देगी सरकार योजना के तहत लाभ दो वर्गों में दिया जाता है। पहला - 18 से अधिक उम्र वालों को और दूसरा 18 से कम उम्र वालों को।

# राष्ट्रीय कायस्थवृन्द ने किया बार एसोशिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कायस्थों की अग्रणी संस्था राष्ट्रीय कायस्थवृन्द ने सम्मान समारोह आयोजित कर जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित कायस्थ समाज से जुड़े पदाधिकारियों को सम्मानित किया राष्ट्रीय कायस्थवृन्द के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश कुमार के संचालन में आयोजित इस सम्मान समारोह में जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों में संघ के महासचिव चुन्नू कांत, उपाध्यक्ष विशाल आनंद, संयुक्त सचिव प्रशासन शिवेन्द्र कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी सुभोनिल सामंता एवं कोषाध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा के अलावे कार्यकारिणी समिति के नव निर्वाचित सदस्य अमित कुमार, उत्तम कुमार, सृष्टि सौम्या एवं वैभव विशाल को संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुके और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिलाधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय भी आमंत्रित थे। लेकिन अपरिहार्य कारणों से समारोह में वो उपस्थित नहीं हो सके थे इस सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एमके वर्मा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव संजीव सिन्हा 'सज्जन' ने किया।

# गिरिडीह जिला कर्मचारी-शिक्षक-मजदूर समन्वय समिति की बैठक संपन्न

## 4 श्रम संहिता कर्मचारी मजदूर विरोधी : धर्म प्रकाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कर्मचारी शिक्षक मजदूर समन्वय समिति की एक अहम बैठक एल आई सी गिरिडीह शाखा परिसर में आहूत की गई। इस बैठक में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ, बीएसएस आर यूनियन, झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, बैंक एम्पलॉइज फेडरेशन, अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ, झारखंड कोल मजदूर यूनियन, झारोटेफ ,डी वाई एफ आई सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस बैठक की अध्यक्षता झरोटेफ के जिला अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा तथा संचालन बीमा कर्मचारी संघ के सचिव धर्म प्रकाश ने किया बैठक में अतिथि के रूप में सीटू के राज्य सचिवालय सदस्य संजय पासवान उपस्थित थे बैठक को महासंघ के महासचिव अशोक कुमार सिंह नयन, बीएसएसआर यूनियन के सचिव मृदुल कांति दास बैंक एम्पलॉइज फेडरेशन के पवन कुमार बरनवाल, बैंक कर्मचारी संघ के दीपक कुमार, बीमा कर्मचारी संघ के अनुराग मुर्मू, सीटू के संजय पासवान आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज की जो परिस्थिति है उसमे सभी संगठनों को एकजुट होकर सरकार के कर्मचारी शिक्षक मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करना होगा। देश में मंहगाई, बेरोजगारी तथा आर्थिक असमानता बढ़ रही हैं। केंद्र सरकार 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 श्रम संहिता लागू किया हैं , जो कर्मचारी शिक्षक मजदूर विरोधी है। इस संहिता लागू होने से श्रम संगठन की स्थापना, हड़ताल करना मुश्किल हो जाएगा। इस संहिता में फिक्स टर्म एंप्लायमेंट का प्रवाधान हैं जो बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनवरी माह में मास मीटिंग किया जाएगा तथा जो संगठन आज की बैठक में भाग नहीं ले सके उन्हें भी अगली बैठक में शामिल किया जाएगा बैठक में सर्वसम्मति से एक तदर्थ समिति का गठन किया गया। बीएसएसआर यूनियन के मृदुल कांति दास को अध्यक्ष और बीमा कर्मचारी संघ के धर्म प्रकाश को जिला संयोजक तथा महासंघ के अमर किशोर प्रसाद सिन्हा और झारखंड कोल मजदूर यूनियन के हरगौरी साहू को उपाध्यक्ष, झारो टेफ के मुन्ना प्रसाद कुशवाहा, बैंक कर्मचारी संघ के दीपक कुमार और प्रेम कुमार को सहसंयोजक एवम बैंक एम्पलॉइज फेडरेशन के पवन कुमार बरनवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। अंत में बीमा कर्मचारी संघ के राजेश कुमार उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन किया बैठक में इनके अलावे विजय कुमार, संजय शर्मा, उमानाथ झा, स्वेता, करन बनर्जी, आशीष सिन्हा, राम किसुन महतो, सुरेश प्रसाद सिन्हा, अभिजीत डान, जुबेर आलम, रोहित रवानी, विकाश कुमार गुप्ता, नागेश्वर साव, राजेश प्रसाद ,विजय मंडल ,संजय प्रसाद गुप्ता सहित कई कर्मचारियों ने भाग लिया।

# 11 जनवरी को कोडरमा में राष्ट्रीय मानवाधिकार सेमिनार, तैयारियों को लेकर समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा आगामी 11 जनवरी 2026 (रविवार) को कोडरमा के उरवा स्थित सिल्वर लेक व्यू रिसॉर्ट में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मानवाधिकार सेमिनार की तैयारियों को लेकर समिति की महत्वपूर्ण बैठक तिलैया रोड स्थित उजैना होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव ने की जबकि संचालन जिला अध्यक्ष धीरज कुमार ने किया।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, अतिथियों का स्वागत, भोजन एवं आवास व्यवस्था, कोष प्रबंधन, बैनर-होर्डिंग लगाने और पूरे आयोजन की समय-सारिणी पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव ने कहा कि इस सेमिनार को ऐतिहासिक बनाने में हजारीबाग और कोडरमा के कार्यकताओं की भूमिका अहम होगी। प्रदेश संयोजक भरत यादव ने बाहर से आने वाले मानवाधिकार कार्यकताओं के रात्रि विश्राम और भोजन की जिम्मेदारी स्थानीय टीम को सौंपने की बात कही। वहीं प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय ने बेहतर कार्य करने वाले मानवाधिकार साथियों को सम्मानित करने प्रस्ताव रखा ताकि उनका मनोबल बढ़े।

# अपराध उन्मूलन में पुलिस प्रशासन को सहयोग मिले : ज्ञान रंजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर थाना गिरिडीह के पुलिस इंस्पेक्टर ज्ञान रंजन के नेतृत्व में पुलिस बल और गिरिडीह जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और सचिव ने बड़ा चौक गांधी चौक पदम चौक टॉवर चौक आदि के कई दुकानदारों के प्रतिष्ठानों का भ्रमण किया गया तथा उनसे अनुरोध किया गया कि वह अपने प्रतिष्ठान के बाहर लगे कैमरे अच्छी क्वालिटी के लगाए तथा सड़क के दोनों तरफ का व्यू उसमें पूरी तरह आए, इसकी व्यवस्था करें ताकि शहर में अपराध उन्मूलन में तथा नागरिकों की सुरक्षा में पुलिस प्रशासन को सहयोग मिले इस अभियान में सभी दुकानदारों का बहुत अच्छा सहयोग सामने आया और सभी ने भरोसा दिया कि वह जल्द से जल्द इसका अनुपालन करेंगे।

सोमवार को पुन गिरिडीह शहरी क्षेत्र के अन्य चौक चौराहों का भ्रमण कर वहां के दुकानदारों से भी अनुरोध किया जाएगा।



# जनवरी में कलाकारों का होगा महाजुटान : पंकज

## जुटेंगे 12 राज्यों के कलाकार : बगाड़िया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कला संगम की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष श्री प्रकाश सहाय की अध्यक्षता में हुई। संचालन सचिव सतीश कुन्दन ने किया बैठक में रजत जयंती धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया 29 जनवरी से 1 फरवरी तक स्व. उमा रानी ताह की स्मृति में 25वां अखिल भारतीय बहुभाषी नाटक लोक नृत्य प्रतियोगिता के अवसर पर बंगाल, उड़िसा, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, असम, राज्यों के कलाकारों द्वारा 20 नाटकों का मंचन किया जायेगा जिसमें ईदिपस, ताजमहल का टेंडर जैसे मशहूर नाटक सहीत झारखंड के नटुआ झूमर कर्मा बीहु छऊ महाराष्ट्र की लावनी नृत्य ओडिसी कत्थक भरतनाट्यम नृत्य होंगे अधिवक्ता संघ के चुनाव में कला संगम ने लहराया परचम।



अध्यक्ष उपाध्यक्ष संयुक्त सचिव प्रशासन तथा लाईब्रेरी पदों पर जीत हासिल की ईस अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया तथा विजेता पदाधिकारियों को बुके तथा शौल देकर सम्मानित किया गया अध्यक्ष प्रकाश सहाय को संरक्षक राजेन्द्र बगडिया तथा उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिन्हा ने सम्मानित किया। उपाध्यक्ष पद पर जीते विशाल आनंद को संरक्षक श्रेयांस जैन तथा कार्यकारी अध्यक्ष पंकज ताह ने पुष्प गुच्छ और शौल देकर सम्मानित किया महासचिव पद पर जीते चुन्नूकांत को संरक्षक राजेन्द्र बगडिया तथा कृष्ण कुमार सिन्हा ने पुष्प बुके तथा शौल देकर सम्मानित किया वही शिवेन्द्र सिन्हा को संयुक्त सचिव प्रशासन पर चुने जाने पर संरक्षक श्रेयांस जैन अजय सिन्हा मंटू ने पुष्प गुच्छ तथा शौल देकर सम्मानित किया संयुक्त सचिव लाइब्रेरी में चयनित सुभोनिल सामंता को सचिव सतीश कुन्दन कार्यक्रम कोर्डिनेटर देवेंद्र सिंह ने शौल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कोष कमिटी के देवेंद्र सिंह ने सभी सदस्यों से 30 दिसंबर तक आजीवन सदस्यता सहयोग जमा करने की अपील की तथा स्मारिका के लिए विज्ञापन लाने की अपील की। राजेन्द्र बगडिया ने कहा रजत जयंती को यादगार बनाना है ईसबार 12 राज्यों के कलाकार आ रहें उन्हें ऐसा दिखे कि गिरिडीह सांस्कृतिक राजधानी है पंकज ताह ने कहा एक कलाकार स्व उमा रानी ताह के स्मृति में मनाया जा रहा है ईसकी महत्व और बढ जाता है। सचिव को आश्वस्त करते हुए कहा धन की कमी नहीं होने दी जायेगी। संरक्षक अजय सिन्हा मंटू ने विजेताओं को बधाई देते हूए कहा नाटक और नृत्य प्रतियोगिता की सफलता के लिए भी आगे बढ़-चढ़ कर मदद करें ताकि यह समारोह एक ईतिहास रच दे अध्यक्ष प्रकाश सहाय ने कहा कला संगम अब उस मुकाम पर पहुँच गया है जहां कोई नहीं छू सकता यह एक सामूहिक नेतृत्व में चलने वाला संगठन है 21 दिसम्बर को अधिवक्ता संघ हौल में काल कोठरी नाटक का प्रीमियर शो होगा। सभी को कार्यक्रम की सफलता के लिए लग जाना है। हमारी ओर से हर कदम पर सहयोग मिलेगा। ईस अवसर पर स्मारिका सर्जना निकालने का निर्णय लिया गया। जिसकी जिम्मेदारी सुनील मंथन शर्मा को दिया गया तथा मुख्य सम्पादक राकेश सिन्हा को बनाया गया प्रबंधन सतीश कुन्दन देखेंगे। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिन्हा ने किया बैठक में संगीत प्रभारी अरित चंद्रा अजय शिवानी देवेंद्र सिंह सह सचिव सुजय गुप्ता, मदन मंजर्वे शिवेन्द्र सिन्हा, संयोजक चुन्नूकांत सह संयोजक सुनील भूषण राजेश सिन्हा कोषाध्यक्ष बिनय बक्शी नाटक प्रमुख नीतीश आनंद शुभम आकाश विकास सिद्धांत अनुराग सागर संदीप सिन्हा सुजाता अनुष्का संस्कृति अर्पिता शिलधर प्रसाद अनिल चंद्रवंशी कार्यालय प्रभारी मनोज कुमार मुन्ना अशोक गुप्ता अजय वैशखियार सुभोनिल सामंतों प्रदीप वर्णवाल अशोक रविश आनंद, सौरभ आदि उपस्थित थे।

# कोबरा कराटे अकादमी में राष्ट्रीय पदक विजेताओं का सम्मान, 45 खिलाड़ियों ने दी बेल्ट टेस्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग के जबरा रोड स्थित द कोबरा कराटे अकादमी में दिनांक 13 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले कराटे खिलाड़ियों के सम्मान समारोह के साथ बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में कोबरा कराटे अकादमी द्वारा किया गया।



आयोजित बेल्ट टेस्ट में कुल 45 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं हाल ही में आयोजित ऑल इंडिया इंटरजोनल कराटे चैंपियनशिप में अकादमी के 11 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में शिवा यादव ने स्वर्ण पदक जीतकर अकादमी का गौरव बढ़ाया। जबकि चंद्र प्रकाश उपाध्याय, प्रमोद यादव, मनीष राज, संध्या कुमारी और अंजली कुमारी ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं मंदाकिनी यादव, शिवा कुमारी एवं प्रांजल कुमार ने कांस्य पदक जीतकर सफलता हासिल की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी करण जायसवाल रहे। अतिथि सह परीक्षक के रूप में एसकेएफआई के टेक्निकल डायरेक्टर क्योशी नरेंद्र सिन्हा, सिहान शशि पांडे, संरक्षक डॉ. रबिन्द्र कुमार मिश्रा एवं सेन्सेई संजय सोनकर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन अकादमी के संस्थापक सेम्पाई चंद्र प्रकाश उपाध्याय एवं को-फाउंडर सेम्पाई अभिषेक हरि शंकर उपाध्याय के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। बेल्ट टेस्ट में मंदाकिनी यादव को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार दिया गया। वहीं अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में वैष्णवी सिन्हा, अर्णव कुमार, मनीष राज, प्रांजल कुमार, संतोष दास, शिवा कुमारी, दीवीका गुप्ता और संध्या कुमारी शामिल रहे। मुख्य अतिथि करण जायसवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे हजारीबाग और राज्य में खेलों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। कराटे खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखते हुए उन्होंने भविष्य में हरसंभव सहयोग देने तथा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रमोद यादव, संजय कुमार, छाया कुमारी, रीना यादव, संतोष गुप्ता, श्वेता गुप्ता, प्रियंका कुमारी, रिया राज, सुबी कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# लोक अदालत में 74 हजार से अधिक मामले का निस्तारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** वर्ष 2025 के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन दुमका से मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान व विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति सुरजीत नारायण प्रसाद व अन्य झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सूबे के सभी जिले के न्यायाधीश ऑन लाइन उदघाटन कार्यक्रम से जुड़े रहे। पलामू जिला में भी प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के साथ सिविल कोर्ट के सभी न्यायिक पदाधिकारी वीसी रूम से जुड़े रहे व राष्ट्रीय लोक




अदालत का जिले में शुभारम्भ किया। पलामू जिले में भी राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 12 पीठों का गठन किया गया था।इसमें सुलह समझौता के आधार पर 74 हजार से अधिक मामले का निस्तारण किया गया। समाचार लिखे जाने तक 153 करोड़ रूपए से अधिक का मामला सेटल किया गया। विद्युत विभाग के लगभग 300 मामले का निस्तारण किया गया। वहीं कुटुंब न्यायालय के 36 मामले व मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस के 15 मामले का निस्तारण किया गया। ज्ञात हो कि उक्त कार्यक्रम को पैनल अधिवक्ता, एलएडीएस अधिवक्ता व पीएलवी के अलावे डालसा के स्टेक होल्डर द्वारा देखा गया। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, जिला व सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार, राजकुमार मिश्रा, प्रतीक चतुर्वेदी, श्वेता ढींगरा, आभाष कुमार, आयशा खान, मनोरंजन कुमार, सुशीला सोरेंग, रविशंकर पांडेय, सौरभ कुमार गौतम, सोनम विश्नोई, निशिकांत, कमल प्रकाश, समीरा खान, निर्भय प्रकाश, शंभू महतो, प्रज्ञेश निगम, रश्मि चंदेल, कंज्यूमर फोरम के अध्यक्ष मोहम्मद नसरुद्दीन, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, हुसैनाबाद एसडीएम ओमप्रकाश गुप्ता, छतरपुर एसडीएम आशीष गंगवार, डालसा सचिव राकेश रंजन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अधिवक्ता वीणा मिश्रा, ज्ञानरंजन, वीर विक्रम वक्स राय, संजय कुमार सिन्हा, कुमार शिवाजी सिंह, कुमारी नीतू सिंह, रामचंद्र सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, महिमा श्रीवास्तव, पुष्कर राज, पीएलवीकृपा शंकर दुबे, अधिवक्ता अजय कुमार पांडेय, संजीव कुमार सिंह के अलावे विद्युत विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग, बैंक, श्रम विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व सैकड़ों वादकारी उपस्थित थे।

# लेबर कोड कानूनों पर पीवीयूएनएल कर्मियों व श्रमिकों को किया जागरुक

**कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारियों में श्रम कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा संगठन में बेहतर कार्य वातावरण एवं सहयोग को सुदृढ़ करने पर जोर**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड में कार्यरत कर्मियों एवं श्रमिकों के बीच चार लेबर कोड कानूनों को लेकर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को नए श्रम कानूनों की विस्तृत जानकारी देना तथा उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों को स्पष्ट करना था। कार्यक्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी, हजारीबाग श्री रामकृष्ण भुइयां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने लेबर कोड के विभिन्न प्रावधानों, उनके प्रभावों तथा व्यावहारिक उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया




कि नए श्रम कानून किस प्रकार श्रमिकों के हितों की रक्षा करते हैं और कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं सुगम बनाने में सहायक हैं। जागरूकता सत्र के दौरान पीवीयूएनएल के कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने सक्रिय भागीदारी की और अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। इस अवसर पर, मनीष खेतरपाल, महाप्रबंधक (ओएंडएम) ओ.पी. सोलंकी, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) तथा सुरक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल को श्रमिक कल्याण एवं सुरक्षित कार्य संस्कृति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# प्रधान न्यायाधीश की पहल पर पति-पत्नी एक साथ रहने पर हुए सहमत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला कुटुंब न्यायालय में पति- पत्नी के विवाद को कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास की पहल पर राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलझा दिया गया। नावाबाजार थाना अंतर्गत राजहरा कोठी निवासी फारूक अब्दुल्ला ने अपनी पत्नी शबाना परवीन को दांपत्य जीवन की पुनर्स्थापना के लिए चार अगस्त 2025 को कुटुंब न्यायालय पलामू में केस किया था। फारूक अब्दुल्ला की शादी सदर थानांतर्गत खनवा निवासी शबाना परवीन से 9 मई 2018 को हुई थी। दोनों के दाम्पत्य जीवन से एक पुत्र पांच वर्ष का है। शबाना परवीन 20 जून 2025 से मायके में रह रही थी ।दोनों शनिवार से साथ रहने पर सहमत हुए। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने दोनों को



राजी खुशी से अपनी उपस्थिति में विदा किया। वही एक दूसरा मामला भरण पोषण से संबंधित था। हरिहरगंज थाना अंतर्गत तिलकाटॉड निवासी सोनम देवी ने विश्रामपुर थाना अंतर्गत कौड़िया निवासी अपने पति अवधेश राम के द्वारा भरण पोषण नहीं देने को लेकर केस की थी। सोनम देवी का आरोप था कि उसकी शादी 7 मई 2019 को अवधेश राम के साथ हुई थी। अवधेश राम व उसके दाम्पत्य जीवन से दो लड़की है। सोनम देवी को अवधेश राम भरण पोषण नहीं दे रहा था।भरण पोषण नहीं देने को लेकर सोनम देवी ने कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश की अदालत में 26 जुलाई 2023 को केस की थी। उसने बताया था कि उसके पति अवधेश राम सरिया सेंट्रिंग में काम करते हैं। जिससे महीना में 50 हजार रुपये कमा लेते हैं । खेती-बाड़ी से दो लाख रुपए सालाना आमदनी होता है। उसने पति से 25 हजार रुपए महीना भरण पोषण दिलाने को लेकर न्यायालय में केस की थी।परन्तु दोनों पक्ष राजी खुशी से सुलह कर लिए व दोनों साथ रहने पर सहमत हो गए। इस तरह से घर टूटने से बच गया।

# पीएनबी मेटलाइफ ने बोकारो में नई शाखा खोलकर अपनी उपस्थिति मजबूत की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एकपीएनबी मेटलाइफ ने बोकारो, झारखंड में अपनी नई शाखा के उद्घाटन की घोषणा की। शाखाओं का उद्घाटन कंपनी की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह बीमा को और अधिक सुलभ बनाना चाहती है, ताकि ग्राहकों को जहां भी वे हों, पॉलिसी सेवाएं और भरोसेमंद सलाह उपलब्ध हो सके। समीर बंसल, एमडी और सीइओ, पीएनबी मेटलाइफ़ ने कहा, विश्वास हमेशा से पीएनबी मेटलाइफ़ के अपने ग्राहकों के साथ संबंधों की नींव रहा



है। भारत भर में अब 178 शाखाओं के साथ, हम न केवल अपनी पहुँच का विस्तार कर रहे हैं बल्कि इस भरोसे को और मजबूत कर रहे हैं कि ग्राहक हर कदम पर हम पर निर्भर कर सकते हैं। हमारा फोकस वहीं उपस्थित रहना है जहाँ उन्हें हमारी सबसे अधिक ज़रूरत है, सुरक्षा को करीब लाना, उसे सरल बनाना और उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपना वित्तीय भविष्य योजना बनाने में मदद करना। अपनी 178 शाखाओं के अलावा, कंपनी 20,000 से अधिक बैंक एश्योरेंस पार्टनर स्थानों के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंचती है, जिससे उसके सुरक्षा और बचत समाधान तक व्यापक और भरोसेमंद पहुंच सुनिश्चित होती है। अपने भौतिक नेटवर्क को विश्वसनीय साझेदारियों के साथ जोड़कर, पीएनबी मेटलाइफ़ लगातार ग्राहकों को उनकी वित्तीय यात्रा के हर चरण में एक समान, उच्च-गुणवत्ता वाली सेवा का अनुभव और सहयोग प्रदान करता है।

# रांची में पारा 11.2, कई जिलों में 10 डिग्री के करीब पहुंचा तापमान

**झारखंड में दिन सुहावना, रातें सर्द**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के बोकारो, जमशेदपुर, डाल्टनगंज, बोकारो थर्मल और चाईबासा में दिन का अधिकतम तापमान 23 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज हुआ, जबकि रांची शहर में अधिकतम तापमान सामान्य से थोड़ा कम 22.6 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।

*रात का न्यूनतम तापमान*

रांची में न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो राज्य के प्रमुख स्टेशनों में सबसे कम रहा. बोकारो, जमशेदपुर, कोडरमा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, चाईबासा और अन्य स्वचालित वेदर स्टेशनों पर रात का तापमान 12 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जिससे सुबह-शाम ठिठुरन महसूस की गई. इसके अलावा गुमला में 5.7,



लोहरदगा में 6.0, खूंटी में 6.1, सिमडेगा में 7.4, डाल्टनगंज में 7.6, हजारीबाग में 8.1, लातेहार में 8.9 और पश्चिमी सिंहभूम में 9.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

*किस जिले में कैसा मौसम*

मौसम केंद्र रांची के मुताबिक दिन में ज्यादातर जिलों में मौसम शुष्क और आंशिक रूप से बादल रहित रहा, कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई. बोकारो, देवघर, कोडरमा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा और सरायकेला आदि जिलों में अधिकतम तापमान 25 से 27 डिग्री के बीच रहने से दोपहर में हल्की गर्माहट और सुबह-शाम ठंड का अहसास बना रहा। रिपोर्ट के अनुसार राज्य में कहीं भी घना कोहरा या ठंड की लहर की स्थिति दर्ज नहीं हुई. रांची में न्यूनतम दृश्यता 500 मीटर तक रही। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार 18 दिसंबर तक झारखंड में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे से लेकर सामान्य सीमा के बीच, लगभग 4 से 12 डिग्री सेल्सियस के दायरे में रहने की संभावना है। इसके बाद 19 से 25 दिसंबर के बीच रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है और यह सामान्य से थोड़ा ऊपर, लगभग 5 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जिससे कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिल सकती है।

# मनरेगा का नाम बदलने से नाराज कांग्रेस और राजद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा देश में रोजगार की सबसे बड़ी गारंटी देनेवाली योजना 'मनरेगा' का नाम बदल पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना कर दिया है। इसको लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। वहीं राष्ट्रीय जनता दल के नेता ने भी मनरेगा के नाम बदलने को राष्ट्रपिता का अपमान करार दिया है।

*'नाम बदलने में माहिर है मोदी सरकार'*

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने महात्मा गांधी नेशनल रूरल रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदल दिया है। केंद्र की सरकार योजनाओं के नाम और कानून के नाम बदलने में नरेंद्र मोदी की सरकार माहिर है, इसका कोई मुकाबला नहीं है। उन्होने कहा कि निर्मल भारत अभियान को स्वच्छ भारत अभियान बनाया, ग्रामीण एलपीजी वितरण कार्यक्रम को उज्ज्वला नाम दिया। पैकेजिंग,

**सिर्फ नाम बदलना जानती है मोदी सरकार!**

ब्रांडिंग और नाम देने में ये उग धुरंधर है। हैरानी इस बात की है कि पंडित नेहरू से तो इन्हें नफरत है लेकिन महात्मा गांधी से इतनी नफरत, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना 2005 से चल रही है. इसका नाम आप पूज्य बापू रोजगार गारंटी योजना कर रहे हैं, महात्मा गांधी नाम से इन्हें क्या दिक्कत है?

राकेश सिन्हा ने कहा कि सरकार नाम बदल कर बेरोजगारी, डॉलर के मुकाबले रुपया का सबसे निचला स्तर पर जाने, वोट चोरी, भारत का नंबर 01 कर्जदार देश बन जाने जैसे ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए मनरेगा का नाम बदला गया है। उन्होंने कहा कि 11 साल में केंद्र की भाजपा सरकार ने जनता के लिए कोई योजना नहीं चलाई। लेकिन कांग्रेस सरकार की बनाई योजना का नाम बदलकर अपनी पीठ थपथपा कर जनता को गुमराह कर रही है।

# सीपीआई की जिला कमिटी की बैठक, 26 दिसंबर को पलामू के उपायुक्त के समक्ष होगा प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की जिला कमिटी की विस्तारित बैठक कृष्ण मुरारी दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने किया। बैठक की शुरुआत में राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह ने पार्टी के साथी शेर मोहम्मद, इप्टा के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार, आजसू नेता सतीश कुमार, सिने अभिनेता धर्मेंद्र कुमार तथा सुदना निवासी राहुल पाठक के निधन पर शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने आगामी 26 दिसंबर को पार्टी के स्थापना दिवस मनाने, पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने व इसे आत्मसात करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने व जनता के सवालों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव सह डालटनगंज विधानसभा के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार




तिवारी ने कहा कि आज देश और राज्य में भ्रष्टाचार एवं अराजकता का माहौल बना हुआ है। झारखंड में कांग्रेस के ऑडियो लीक मामले के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। अफसरशाही हावी है। उन्होंने कहा कि भले ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड विधानसभा में मौजूद नहीं है। लेकिन पार्टी सड़क पर उतरकर आम जनता के साथ लगातार संघर्ष करती रही है। उन्होंने ऐलान किया कि भ्रष्ट पदाधिकारियों व जनविरोधी सरकार पर लगाम लगाने के लिए सीपीआई 26 दिसंबर को पलामू उपायुक्त के समक्ष जोरदार प्रदर्शन करेगी। इसमें गांव-गांव से पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे। रूचिर कुमार तिवारी ने पलामू प्रमंडल में आयुक्त का पद पिछले छह महीनों से रिक्त रहने, कई अंचलों में अंचलाधिकारियों के प्रभार पर काम करने व निगम क्षेत्र में जनता से होल्डिंग टैक्स वसूली के बावजूद बुनियादी जनसुविधाओं की अनदेखी पर गंभीर चिंता जताई। बैठक में राज्य कमेटी सदस्य राजेंद्र बैठा, उमेश सिंह चेरो, मनाजरूल हक, शमशुद्दीन अंसारी, जनेश्वर राम, प्रभु साव, नसीम राइन, सोनू अहमद, रंग बहादुर सिंह, शंभू सिंह चेरो, निरंजन कमलापुरी, करीमन पासवान, मोहन सिंह, ललन सिन्हा, गनौरी भुइंया, अभय कुमार भुइंया, देवानंद बढ़ईक, छोटू पासवान, लालू सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए गए 808 मामले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जहानाबाद व्यवहार न्यायालय परिसर में वर्ष का चौथा एवं अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, ब्रजेश कुमार के द्वारा की गई, जिसका उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष ब्रजेश कुमार के तथा जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा किया गया। राष्ट्रीय एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सुलहनीय आपराधिक मामले, बिजली के मामले, बैंक संबंधी मामले, पारिवारिक मामले, चेक बाउंस मामले व अन्य मामलों के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का



आयोजन किया गया था ,जिसमें कुल 808 मामलों का निपटारा किया गया, जबकि 2 करोड़ 52 लाख 95 हजार 87 रुपया समझौता राशि तय की गई। बताते चले की राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित 1700 मामलों को निपटारे के लिए चिन्हित किया गया था, जिसमें से कुल 539 मामलों का निपटारा हुआ, जिसमें दो करोड़ 52 लाख 13930 रूपये समझौता राशि तय की गई। वहीं बीएसएनएल से संबंधित 175 मामलों के निपटारे का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें 12 मामलों का निपटारा किया गया और समझौता राशि 66157 रुपए तय की गई इस दौरान सुलहनीय आपराधिक मामलों के 1994 मामलों को निपटारे के लिए चिन्हित किया गया था, लेकिन 257 मामलों का निपटारा हो सका, जिसमें 15 हजार समझौता राशि तय की गई, जबकि दांपत्य विवाद से संबंधित 16 मामलों को निपटारे के लिए रखा गया था,जिसमें एक भी मामले का निपटारा नहीं हो सका।

प्रधान जिला जज ब्रजेश कुमार ने व्यवहार न्यायालय जहानाबाद एवं व्यवहार न्यायालय अरवल में न्यायपीठ का निरीक्षण किया एवं पक्षकारों को अधिक से अधिक सहुलियत प्रदान करने का निर्देश संबंधितो को भी दिया। जहानाबाद व्यवहार न्यायालय में अरुण कुमार शर्मा, डी एंड ए एस जे प्रथम कौशलेंद्र कुमार शुक्ला, मुख्य न्यायिक अधिकारी अदिति कुमारी अवर न्यायाधीश अनीश कुमार एसडीजेएम, आरव जैन, कुमारी डिंपी, कुमारी प्रेरणा सिंह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी एवं पैनल अधिवक्ताओं ने लंबित मामलों के निपटारे में सहयोग किया। इधर अरवल व्यवहार न्यायालय में पीठासीन पदाधिकारी राजेश कुमार वर्मा डी एंड ए एस जे 2, मनीष कुमार पांडे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आलोक कुमार एसडीजेएम एवं दीपक कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के अलावा पैनल अधिवक्ताओं ने लंबित मामलों के निपटारा में सहयोग किया। इस अवसर पर जहानाबाद एवं अरवल न्यायालय के न्यायालय कर्मी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मी तथा काफी काफी संख्या में पक्षकार उपस्थित थे।

# अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, छह एकड़ की खेती विनष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम जोबला के जंगली क्षेत्र में ताल पिकेट के पुलिस पदाधिकारी व जवानों ने अवैध अफीम की खेती का पता लगाया। जांच के क्रम में वन भूमि पर लगभग दो एकड़ क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती पाई गई। उक्त कार्रवाई के दौरान स्थानीय ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें अवैध अफीम की खेती करने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई व दुष्परिणामों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके उपरांत ग्राम जोबला में पाई गई अवैध अफीम की खेती को पूर्ण रूप से विनष्ट कर दिया गया।

इसी क्रम में मनातू थाना अंतर्गत ग्राम अपटी के जंगली क्षेत्र में पुलिस व संबंधित विभाग के संयुक्त प्रयास से अवैध रूप से लगी अफीम की खेती के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के क्रम में जंगली क्षेत्र में लगभग चार एकड़ भूमि पर अवैध रूप से लगी अफीम की फसल को शुरुआती अवस्था में ही ट्रैक्टर चलाकर पूर्णतः विनष्ट किया गया।

पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि ग्राम मुक्ता के जंगलों में भी वन भूमि पर लगभग 03 एकड़ क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। उक्त अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान एवं नाम-पता सत्यापन की कार्रवाई की जा रही है। अवैध अफीम की खेती में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वन विभाग द्वारा वन अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि मादक पदार्थों की अवैध खेती एवं तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

# जिलाधिकारी ने विद्यालयों में औचक निरीक्षण के बाद अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** शनिवार को जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के धराउत पंचायत स्थित दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के कैंपस का निरीक्षण किया तथा इसके साथ ही उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय 10+2 धराउत का भी जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने विद्यालय परिसर में चल रहे कार्यों की समीक्षा की और उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में चाहरदीवारी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को दिया। साथ ही पूरे विद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इसके अतिरिक्त विद्युत कनेक्शन से संबंधित कार्यों में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया, ताकि विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में कोई बाधा न आए। वहीं जिला पदाधिकारी ने उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय 10+2 धराउत में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, सुविधाओं एवं समस्याओं की जानकारी ली।

# लोक कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में कोताही स्वीकार्य नहीं : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी के निदेशो के आलोक में 10 दिसंबर 2025 को सभी पंचायतो एवं नगर निकाय क्षेत्रों में आने वाले जन वितरण प्रणाली के तहत संचालित 498 दुकानों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के पश्चात प्राप्त प्रतिवेदनो का संकलन एवं समीक्षा लगातार की जा रही है। अब तक 253 जांच प्रतिवेदनों की समीक्षा की जा चुकी है। समीक्षा प्राप्त 98 जन वितरण प्रणाली के तहत संचालित दुकाने ऐसे हैं ,जिनपर कार्यवाई की अनुशंसा की गई है। इनमें से 32 मामलों में संबंधित जन वितरण प्रणाली के दुकानों के विक्रेताओं को अनुमंडल पदाधिकारी जहानाबाद राजीव रंजन सिंहा के द्वारा स्पष्टीकरण किया गया है।

विगत निरीक्षण में जन वितरण प्रणाली के तहत संचालित कई दुकान मानक के अनुरूप संचालित नहीं पाए गए थे। अतः उन पर कार्यवाही हुई है एवं दोषियों पर आगे भी कार्यवाई करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। जांच के क्रम में जिस तरह की कमियां पाई गई थी। सूचना पट्ट का प्रकाशक नहीं किया गया था। कहीं कहीं मूल्य तालिका प्रदर्शित नहीं थी। कुछ दुकानें बंद पाई गई। ई पोश मशीन एवं भौतिक रूप से उपलब्ध स्टॉक में भिन्नता पाई गई थी। प्राप्त जांच प्रतिवेदनों के आधार पर आगे भी कमियां दृष्टिगोचर होने पर संबंधितों पर कार्रवाई करने का निर्देश जिला पदाधिकारी के द्वारा दिया गया है।

# मारपीट के मामले में दो आरोपितों को जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के विशुनगंज थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हडैल गांव में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार चल रहे दो आरोपी राकेश कुमार और उसके पिता नवल दास शामिल हैं। बताया गया कि गिरफ्तार लोगो पर गांव में ही मारपीट करने का आरोप था, जिसमें प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी के बाद दोनों लोगो को चिकित्सीय जांच के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया गया है।

# सात बीघा का धान जलकर बर्बाद, तीन लाख का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के गाजी कर्मा गांव में शुक्रवार की रात्रि अचानक लगी आग से किसान विजय यादव का भारी नुकसान हो गया। किसान विजय यादव ने बताया कि बीते रात गांव के उत्तर दिशा स्थित खलिहान में आग लग गई, जिससे लगभग सात बीघा धान की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। इस घटना में लगभग 3,00,000 से अधिक का नुकसान होने का अनुमान



है। ग्रामीण अरुण सिंह ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन घटना के बाद किसानों में चिंता का माहौल बना हुआ है। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, हालांकि तब तक ज्यादातर धान जल चुका था।

# 67 अतिक्रमणकारियों को कराया गया नोटिस का तामिला

## 21 और लोग जद में, लोगों में मची खलबली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद**। जिले के मखदुमपुर प्रखंड अंर्तगत टेहटा बाजार में जिला परिषद की जमीन पर सालों से अवैध कब्जा जमाए लोगों को हटाया जाएगा। इसको लेकर प्रशासन हरकत में आ गया है। अंचल कार्यालय से 67 अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेज कर उसका तामिला कराया गया, शेष 21 अतिक्रमण कारियों को शनिवार को नोटिस भेजा जाएगा।

मखदुमपुर सीओ द्वारा निर्गत नोटिस में कहा गया है कि 15 दिसंबर तक आदेश का अनुपालन करते हुए स्वयं से लोक भूमि की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर दें, यदि आपके द्वारा उक्त तिथि तक जमीन को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जाता है तो प्रशासन के द्वारा पुलिस बल का प्रयोग करते हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा।

अतिक्रमण हटाने में आने वाला खर्च भी आपसे वसूला जाएगा। साथ ही अवज्ञा की स्थिति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2003 की



सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

इस बाबत पूछने पर मखदुमपुर सीओ रंजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि टेहटा बाजार से अतिक्रमण हटाने के लिए वर्ष 2023 में अतिक्रमणकारियों को चिह्नित किया गया था, कुल 88 कब्जाधारियों को चिह्नित किया गया था, जिसमें 68 लोगों पर कार्रवाई करते हुए पांच जुलाई 2023 को अतिक्रमण हटाया गया था।

लेकिन अतिक्रमणकारियों ने फिर से अपनी जगह पर अवैध कब्जा जमा लिया, जिसे हटाने के लिए फिर से कार्रवाई शुरू हो गई है। 15 दिसंबर तक का समय दिया गया है, उसके बाद बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा।

टेहटा बाजार में जिला परिषद की सरेन मौजा की जमीन थानां नम्बर 313, खाता संख्या 1090, प्लाट संख्या 3605, 3606 व 3611 पर अवैध कब्जा है। भूमि पर अतिक्रमणकारी पक्का-कच्चा दुकान बनाकर अवैध तरीके से व्यवसाय कर रहे हैं। अतिक्रमण की वजह से आए दिन आम आवाम को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

## एटीएम काटकर लाखों की लूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर**। पुलिस की तमाम गश्ती व्यवस्था को धता बताकर शहर के सदर थाना क्षेत्र के कच्ची पक्की इलाके में एसबीआई के एटीएम को बदमाशों ने निशाना बनाया।

गैस कटर से मशीन को काटकर लाखों रुपये उड़ा लिए गए। शनिवार की सुबह घटना प्रकाश में आने के बाद सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन की। एफएसएल की टीम भी जांच को पहुंची। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है।

पुलिस का कहना है कि कितने राशि की चोरी की गई है, इसका अभी बैंक की ओर से नहीं बताया गया है।

विदित हो कि कच्ची पक्की इलाके में पहले भी एटीम से चोरी की घटना हो चुकी है। बदमाशों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए अभी तक चुनौती बनी है।

# जद यू के सदस्यता अभियान को ले जिला स्तरीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया**। जिला जनता दल यूनाइटेड की एक बैठक शनिवार को जिला कार्यालय में आयोजित की गई । जिसमें मुख्य रूप से सदस्यता अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आशीष पटेल ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शिया वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष जदयू के वरीय नेता इरशाद अली आजाद के साथ जदयू के वरिष्ठ नेता जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम पप्पू और अररिया विधान सभा के जदयू प्रभारी प्रमोद राय शामिल हुए।

चुनाव के बाद आयोजित इस बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व मंत्री और जोकीहाट से रहे जदयू प्रत्यासी मंजर आलम ,रानीगंज विधान सभा से विधायक प्रतिनिधि मनी सिंह ,डॉक्टर एम आलम , रजी अहमद ,उमेश राय ,रेशम लाल पासवान ,महिला जिलाध्यक्ष सुशीला साह, संचिता मंडल ,प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ,शहबाज आलम, सुनील राय ,मुन्ना खान वीरेंद्र राय ,शाद अहमद ,उपेंद्र मंडल के अलावा सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष शामिल हुए।

मौके पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि जहां तीनों सीट जदयू के हारने का गम है लेकिन वही बिहार में फिर से पूरी मजबूती के साथ पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनने की खुशी है ,नीतीश कुमार के विकास की जीत हुई है।

नेताओं ने कहा कि पार्टी नेता को अपने पूरे मनोबल के साथ आगे पार्टी के लिए काम करना है। सदस्यता अभियान आज से पूरे बिहार में शुरू हो गया जो पंद्रह जनवरी तक चलेगा ,इसलिए अधिक से अधिक कार्यकर्ता को पार्टी का सदस्य बनाना हमारा लक्ष्य है।

मौके पर अररिया से जदयू की प्रयासी के पति और जद यू के वरिष्ठ नेता और जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम ने कहा कि विकास पुरुष नीतीश कुमार के विकास कार्यों का ये असर रहा कि पुनः नीतीश कुमार बीस सालों से मजबूती के साथ मुख्यमंत्री बने हैं।

पप्पू अजीम ने कहा कि मैं काफी दिनों से जद यू से जुड़ा हुआ हूं और कई जिला मैं पार्टी का प्रभारी रह चुका हूं ,वहीं जिला अध्यक्ष आशीष पटेल ने कहा कि तमाम पुरानी बातों को भूला कर फिर नई ऊर्जा और उमंग के साथ पार्टी को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

# पावर सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में लगी आग

## लाखों का नुकसान; कई क्षेत्रों में बिजली ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर**। स्थानीय राजपुर पावर सब स्टेशन में शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग जाने से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें दूर तक दिखाई देने से खौफ का माहौल बन गया, विशेष रूप से सब स्टेशन से मात्र 50 मीटर दूर पेट्रोल पंप होने के कारण बड़ा हादसा टलने की स्थिति बनी।



पेट्रोल पंप कर्मियों ने सुरक्षा के मद्देनजर पानी का छिड़काव और अन्य उपाय शुरू कर दिए। ट्रांसफार्मर में तेल होने से आग बुझाना बेहद मुश्किल हो गया, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई और लाखों रुपये का नुकसान हुआ।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन बड़ी और एक छोटी गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, जबकि चौसा थर्मल पावर प्लांट की सीआईएसएफ टीम अपनी गाड़ी और मैकेनिकल फोम लेकर सहायता के लिए आई।

सीआईएसएफ के एफ कुंडल, कपिल मुनीराम, योगेंद्र कुमार यादव, एमके यादव, शिव शंकर और संदीप कुमार सहित फायर ब्रिगेड टीम के जिला सहायक अग्निशमन पदाधिकारी सत्यदेव सिंह तथा अग्निशामक अनुमंडल पदाधिकारी सुनंदा कुमारी के नेतृत्व में घंटों की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। फायर कर्मियों ने जान जोखिम में डालकर अथक प्रयास किए।

## अलाव ताप रहे लड़के की गोली मारकर हत्या

**गोपालगंज**। नगर थाना क्षेत्र के खैरटिया गांव में शुक्रवार की रात अपने घर के बाहर बैठकर आग ताप रहे एक ऑटो चालक के पुत्र को बाइक सवार बदमाशों ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी।

घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं। वहीं, एसपी अवधेश दीक्षित सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच करने के साथ ही कार्रवाई करने में जुट गए।

जानकारी के अनुसार, खैरटिया गांव के निवासी ऑटो चालक चंदन प्रसाद के पुत्र आलोक बिन 15 वर्षीय की अपने घर के बाहर बैठकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ आग ताप रहे थे। इस दौरान बाइक सवार बदमाश मौके पर पहुंचे। साथ ही देसी कट्टा से किशोर के सिर में एक गोली मार दिया। जख्मी किशोर को पुलिस की मदद से सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी अवधेश दीक्षित रात को ही घटनास्थल पर पहुंच गए। साथ ही किशोर के स्वजन से पूछताछ की तो आपसी विवाद सामने आया।

## गयाजी जंक्शन पर गूंजी किलकारियां

# आरपीएफ के महिला जवानों ने कराया सुरक्षित प्रसव

### जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी**। पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर शनिवार सुबह ऑपरेशन मातृ शक्ति के तहत आरपीएफ की सतर्कता और मानवीय संवेदनशीलता का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिला। प्लेटफार्म संख्या 2-3 के मिडिल फुट ओवर ब्रिज के नीचे प्रसव पीड़ा से कराह रही एक गर्भवती महिला का आरपीएफ की महिला जवानों ने सुरक्षित प्रसव कराया।

इस दौरान मां और नवजात बच्ची दोनों को सकुशल बचा लिया गया। घटना शनिवार की सुबह करीब 9:30 बजे की है। ऑन ड्यूटी आरक्षी धर्मेंद्र कुमार-1 ने ड्यूटी अधिकारी सहायक उप निरीक्षक



पवन कुमार को सूचना दी कि प्लेटफार्म 2-3 के बीच फुट ओवर ब्रिज के नीचे एक गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा हो रही है। महिला के साथ चार छोटे बच्चे और एक वृद्ध महिला भी मौजूद थीं। सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार ने तत्परता दिखाते हुए मेरी सहेली टीम में तैनात महिला आरक्षी सोनिका कुमारी को तत्काल मौके पर भेजा और स्टेशन मास्टर को मेडिकल सहायता के लिए सूचित किया।

महिला आरक्षी सोनिका कुमारी ने मौके पर पहुंचकर गर्भवती महिला ममता देवी निवासी ग्राम पिपरा नवदिहा, थाना बेला, जिला गयाजी को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद करते हुए सुरक्षित प्रसव कराया। कुछ ही देर में मंडल रेल अस्पताल गया के डॉ. रवि कुमार पांडे अपनी मेडिकल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जच्चा-बच्चा का प्राथमिक उपचार किया। महिला ने एक नवजात बच्ची को जन्म दिया। डॉ. पांडे ने बताया कि मां और बच्ची दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी प्रकार का खतरा नहीं है। प्रसूता की सास कारी देवी ने बताया कि वे आगे इलाज के लिए बेला मेडिकल अस्पताल जाएंगे। इसके बाद आरपीएफ की निगरानी में महिला और नवजात को परिजनों के साथ सुरक्षित रवाना कर दिया गया।

इस घटना ने रेलवे सुरक्षा बल की त्वरित कार्यवाही, मानवीय दृष्टिकोण और आपरेशन मातृ शक्ति की सार्थकता को एक बार फिर सिद्ध कर दिया।

# बदमाशों ने पोकलेन में लगायी आग

## बांध निर्माण के लिए आयी थी मशीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी**। फतेहपुर थाना क्षेत्र के गोबरदाहा टोला रामस्वरूप नगर के समीप रामसागर आहर में बांध निर्माण के लिए आई पोक्लेन मशीन में शुक्रवार की रात अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। आग लगने से पोकलेन मशीन बुरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे निर्माण कार्य पर भी असर पड़ा है।

जानकारी के अनुसार लघु सिंचाई विभाग द्वारा रामसागर आहर में करीब 400 मीटर बांध निर्माण एवं बगल के किसुन तालाब के नवनिर्माण कार्य के लिए गुरुवार को पोकलेन मशीन आई थी। शुक्रवार को मशीन से करीब आठ घंटे तक खुदाई का कार्य भी किया गया।रात में मशीन ऑपरेटर विशाल राज पास के गांव रामस्वरूप नगर के एक घर में सो रहा था। रात करीब 10 बजे अचानक आग की लपटें देखकर उनकी नींद खुली। बाहर निकलने पर देखा कि पोकलेन मशीन धू-धू कर जल रही है। तत्काल ऑपरेटर के शोर मचाने पर रामस्वरूप नगर के ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

ग्रामीण रामस्वरूप मांझी ने बताया कि लोगों ने पानी और बालू डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक मशीन को भारी नुकसान हो चुका था। आग किसने और कैसे लगाई? इसका कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है।

बताया गया कि योजना का संवेदक मुकेश कुमार पटना का निवासी है, जबकि मुंशी पवन कुमार घटना की रात किसी काम से बाहर गए हुए थे। घटना की सूचना आपरेटर द्वारा संवेदक और स्थानीय पुलिस को दी गई। घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चचार्एं हैं और लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर निर्माण कार्य में लगी मशीन को आग के हवाले क्यों किया गया?

## शिवाजीनगर थाना का निरीक्षण

**शिवाजीनगर**। रोसड़ा इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने शनिवार को शिवाजीनगर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय कक्ष, हाजत, मालखाना, अभिलेख पंजी सहित विभिन्न बिंदुओं की बारीकी से जांच की और थाना में संचालित कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में इंस्पेक्टर ने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कांडों के अनुसंधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, नियमित गश्ती, वाहन जांच को और प्रभावी बनाने तथा क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया उन्होंने थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करने, आमजन से बेहतर संवाद बनाए रखने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा महिला एवं कमजोर वर्ग से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई करने, पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा विधि-व्यवस्था संधारण में पूरी तत्परता बरतने की बात कही।

# बदमाशों ने फेरी वाले को पीट-पीटकर किया अधमरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। बिहार के नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। फेरी लगाकर जीवन यापन करने वाले एक कपड़ा व्यापारी के साथ कुछ लोगों ने इस कदर अमानवीय व्यवहार किया कि अंततः उसकी मौत हो गई। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मृतक की पहचान 40 वर्षीय मोहम्मद अतहर हुसैन के रूप में हुई है। वह नालंदा जिले के लेहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गगनडीह मोहल्ले का रहने वाला था और पिछले करीब 20 वर्षों से नवादा व आसपास के इलाकों में फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता था। परिजनों के अनुसार 5 दिसंबर 2025 को वह रोज की तरह डुमरी गांव से फेरी कर लौट रहा था। इसी दौरान भट्टा गांव के पास 5 से 7 लोगों ने उसे घेर लिया और बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी।

### इलाज के दौरान मौत

परिजनों ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने अतहर के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। उसे जमीन पर गिराकर लात-घूंसे मारे गए, गर्म लोहे की रॉड से शरीर के कई हिस्सों को दागा गया और हाथ-पैर तोड़ दिए गए। आरोप है कि हमलावरों ने उसके शरीर पर पेट्रोल भी छिड़का और कपड़े उतरवाकर उसे प्रताड़ित किया। अतहर रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन किसी ने उसे बचाने की कोशिश नहीं की।

घटना के बाद गंभीर रूप से घायल अतहर को इलाज के लिए पहले स्थानीय स्तर पर ले जाया गया, फिर हालत बिगड़ने पर बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद शुक्रवार की देर रात उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना पर रोह थाना पुलिस सक्रिय हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपितों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों की पुष्टि की जाएगी।

इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं समाज में बढ़ती हिंसा और असहिष्णुता को दशार्ती हैं। जरूरत है कि दोषियों को कड़ी सजा मिले, ताकि भविष्य में कोई गरीब मेहनतकश इस तरह की हैवानियत का शिकार न बने।

# मनरेगा की सरकारी खजाने में मची है लूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर**। पिथना पंचायत में मनरेगा के कार्य में नियमों की अनदेखी की जा रही है। विभाग को आंख में धूल झोंकने के लिए कुरूडी गांव स्थित दरगाह पोखर को कब्रिस्तान पोखर नाम देकर इस पर पांच-पांच बार योजनाएं चला कर सरकारी राजस्व को चूना लगाया गया है। आधी राशि की निकासी भी कर ली गई है। पोखर में कराया गया धोबिया घाट का निर्माण कार्य इसका जीता-जागता उदाहरण है। बताते चलें कि पहले दरगाह पोखर में एक स्थल पर तीन योजनाएं चलाई गई। जिसमें उत्तर साइड धोबी घाट का निर्माण किया गया।

दूसरी योजना के तहत पूरब की तरफ सीढ़ी घाट का निर्माण कराया गया। इसी पोखर पर उड़ाही कार्य योजना के तहत भी कार्य कर दिया गया है। इसी तरह कब्रिस्तान पोखर नाम देकर फिर सीढ़ी घाट निर्माण योजना भी चलाई गई। दक्षिण की तरफ सीढ़ी घाट का निर्माण कराया गया। कागजी घोड़े दौरा कर योजना में खूब धांधली की गई है। हैरत इस बात कही है कि जिम्मेदार भी इस बात से किनारा कर रहे हैं।

जानकारों के मुताबिक मनरेगा नियमों के अनुसार 5 वर्ष में एक स्थल पर एक ही योजना चलाई जा सकती है। इस जगह पर तीन वर्ष के अंदर दरगाह पोखर पर तीन योजनाएं और कब्रिस्तान पोखर नाम पर दो योजनाएं संचालित की गई।

ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के कार्य में संबंधित जनप्रतिनिधि, पंचायत रोजगार सेवक, लेखापाल और कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा मनमाने ढंग से मनरेगा योजना में क्रियान्वयन किया जा रहा है। ऐसे कई मामले हो सकते हैं। इस संबंध में कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार ने मामले को टालते हुए कहा कि अगर कार्य पूरा कर लिया गया है, तो कोई बात नहीं है। फिर भी मामले को देखेंगे।

# राजगीर महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। राजगीर महोत्सव 2025 की तैयारियां अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डीडीसी श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर ने की। उन्होंने कहा कि राजगीर महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम इस वर्ष भी आईसीसी एवं हॉकी मैदान के समीप स्थित खाली भूखंड पर आयोजित किया जाएगा। ऐसे में विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, ताकि आयोजन में किसी प्रकार की कमी न रहे।

बैठक के दौरान डीडीसी ने मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, प्रकाश व्यवस्था, प्रचार-प्रसार और खाद्य एवं व्यंजन मेले की तैयारी की विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राजगीर महोत्सव जिले की प्रतिष्ठा से जुड़ा आयोजन है, इसलिए सभी विभाग अपनी तैयारी समय से पूरा करें। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष भी पारंपरिक रूप से महिला महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही सद्भावना मार्च, तांगा सज्जा और पालकी प्रतियोगिता जैसे आकर्षक कार्यक्रम भी होंगे। डीडीसी ने कहा कि इन कार्यक्रमों की तैयारी मौके पर जाकर भी निरंतर समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने मेले की साफ-सफाई, पेयजल उपलब्धता, अस्थायी शौचालयों की संख्या और उनकी नियमित निगरानी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में कहीं भी जलजमाव या गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। इसके लिए नगर परिषद एवं संबंधित एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीडीसी ने जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) राहुल सिन्हा से वाहन पार्किंग, जनसुविधा व्यवस्था और सुगम यातायात के प्रबंधन की विस्तृत रिपोर्ट ली ।डीटीओ ने बताया कि आने वाले पर्यटकों की संख्या को देखते



हुए पार्किंग स्थल चिह्नित कर लिए गए हैं और यातायात को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की योजना तैयार है ।बैठक में यह भी बताया गया कि राजगीर शहरी क्षेत्र के सभी प्रमुख होटल, धर्मशालाएं और निजी भवन इस बार विशेष रोशनी से सजाए जाएंगे।

डीडीसी ने ऊर्जा विभाग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मेला अवधि में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनी रहे, ताकि कोई असुविधा न हो ।समीक्षा बैठक में एडीएम आपदा प्रबंधन, डीईओ, डीटीओ, डीपीओ आईसीडीएस, डीपीएम हेल्थ, डीपीएम जीविका, डीपीआरओ, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी और जिला कल्याण पदाधिकारी समेत कई विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप तैयारी की स्थिति प्रस्तुत की और महोत्सव को सफल बनाने का आश्वासन दिया। इस व्यापक समीक्षा के बाद यह स्पष्ट है कि राजगीर महोत्सव इस साल भी रोशनी, संस्कृति और परंपरा का अनोखा संगम पेश करेगा।

# बंद बोरे से दो शवों के मिलने से शहर में सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान**। जिले के जी.बी. नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसवा चंवर में अपराधियों ने दो लोगों की बेरहमी से हत्या कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। बदमाशों ने दोनों व्यक्तियों की गला रेतकर हत्या करने के बाद शवों को बोरे में भरकर पुल के नीचे पानी में फेंक दिया। इस खौफनाक वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और दहशत का माहौल कायम हो गया है। फिलहाल दोनों शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

घटना की जानकारी उस समय हुई जब स्थानीय ग्रामीणों ने सिसवा चंवर पुल के नीचे पानी में दो बोरे तैरते हुए देखे। संदेह होने पर जब बोरे खोले गए तो उसमें दो पुरुषों के शव मिले, जिनके गले पर गहरे घाव के निशान थे। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना जी.बी. नगर पुलिस को दी ।सूचना मिलते ही जी.बी. नगर थानाध्यक्ष मिहिर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी और पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया।

प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हो रहा है कि हत्या कहीं और की गई है और पहचान छिपाने के उद्देश्य से शवों को बोरे में बांधकर यहां फेंका गया। पुलिस का मानना है कि अपराधी शवों को ठिकाने लगाने की नीयत से उन्हें पानी




में फेंक गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है। शवों की पहचान और हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए विशेष टीम गठित की गई है। आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में लोगों के बीच दहशत व्याप्त है। सीवान जिले में हाल के महीनों में हत्या और अन्य अपराध की घटनाओं में बढ़ोतरी को लेकर स्थानीय लोग पुलिस प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं। यह वारदात पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है, क्योंकि अपराधी बेखौफ होकर गंभीर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

CMYK

# फूलों की बागवानी से समृद्ध होंगे किसान : राम कृपाल यादव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित किसान विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कृषि विविधिकरण और बागवानी आधारित कृषि को बढ़ावा देने के विजन के अनुरूप बिहार सरकार फूलों की खेती को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित कर रही है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत रबी मौसम में 'फूल (गेंदा) विकास योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 08 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य रबी मौसम में गेंदा फूल की खेती का विस्तार कर राज्य में व्यावसायिक बागवानी को नई दिशा देना है। गेंदा फूल की बाजार में निरंतर एवं व्यापक मांग को देखते हुए यह फसल किसानों के लिए कम लागत में अधिक आमदनी का सशक्त माध्यम बन सकती है। इससे किसानों की आय में स्थायी वृद्धि के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत किसानों को गेंदा फूल की खेती के लिए पौध अनुदानित दर पर उपलब्ध कराई जाएगी। गेंदा उत्पादन हेतु प्रति हेक्टेयर 80 हजार रुपये की इकाई लागत निर्धारित की गई है जिस पर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान, अर्थात 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता दी जाएगी। यह योजना राज्य के सभी जिलों में लागू होगी जिससे अधिक से अधिक किसान इस लाभकारी खेती से जुड़ सकेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक किसानों को डीबीटी पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। लाभुकों का चयन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। अनुदान की राशि पुष्पण के उपरांत संबंधित प्रखंड उद्यान पदाधिकारी की अनुशंसा एवं जिला उद्यान पदाधिकारी की स्वीकृति के बाद किसानों के खाते में एकमुश्त भुगतान की जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि लाभुकों के चयन में सामाजिक समावेशन का विशेष ध्यान रखा गया है। 30 प्रतिशत महिला कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी जिससे महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा।

मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना से न केवल फूलों की स्थानीय एवं क्षेत्रीय मांग की पूर्ति होगी, बल्कि किसानों की आय में प्रत्यक्ष और ठोस वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार का लक्ष्य है कि राज्य फूल उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी के रूप में उभरे और किसान आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनें।

## डीआरएम की अध्यक्षता में ऑल इंडिया ओबीसी एवं एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** डीआरएम उदय सिंह मीना की अध्यक्षता में डीआरएम कार्यालय के सभाकक्ष में दो अनौपचारिक बैठकें आयोजित की गईं। आज पूर्वाह्न पहली बैठक ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन के साथ तथा तत्पश्चात ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन के साथ संपन्न हुई। दोनों बैठक में एडीआरएम दिलीप कुमार तथा मंडल के सभी शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे। दोनों एसोसिएशनों की ओर से जोनल एवं मंडल स्तर के पदाधिकारीगण ने भाग लिया। दोनों बैठकों में कर्मचारियों के कल्याण, कार्य स्थल पर सुविधाओं तथा एसोसिएशन से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। डीआरएम द्वारा रेल कर्मियों के कल्याण और देय सुविधाओं की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

दोनों बैठकों में अपने संबोधन में डीआरएम ने रेखांकित किया कि डीडीयू मंडल भारतीय रेल का एक महत्वपूर्ण मंडल है जो निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। हाल के समय में छठ एवं पितृपक्ष जैसे भारी यात्री दबाव वाले अवसरों पर भी मंडल ने सुचारु एवं सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया है। कई बार 100% समयपालन, सबसे लंबी रुद्रास्त्र मालगाड़ी के संचालन, बेहतर वैगन एवं ट्रैक मेंटेनेंस तथा डिजिटल पहलों जैसे बायोमेट्रिक लॉग-इन और एम-यूटीएस जैसी सुविधाओं के साथ कर्मचारी कल्याण में भी मंडल ने उल्लेखनीय प्रगति की है। डीआरएम ने यह भी रेखांकित किया कि इन उपलब्धियों को संभव बनाने में कर्मचारी संगठनों का निरंतर सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने प्रशासन और एसोसिएशनों के बीच सहयोग को डीडीयू मंडल की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि इसी प्रकार मिलकर कार्य करते हुए मंडल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। बैठक का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उज्जवल आनंद द्वारा किया गया। इस अवसर पर दोनों एसोसिएशनों के पदाधिकारियों ने रेलवे प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## धान खरीदी में सरकारी लापरवाही से किसानों पर बिचौलिया हो रहे हावी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार राज्य किसान सभा पटना जिला कौंसिल की बैठक शनिवार को श्री साईं मैरज हौल बिरंची मसौढी में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता शिव कुमार विद्यार्थी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला मंत्री सोनालाल प्रसाद ने कहा कि जिला के आला अफसर भारत माला प्रयोजना की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं दे पा रहे हैं। दूसरी ओर खड़ी फसलों को बुलडोजर चलवाकर रौंद डाल रहे हैं तो दूसरी तरफ धान क्रय केन्द्र पर ताला लटकने से किसानों की कमर तोड़ते हुए लुटेरे व्यापारी 1900 रुपए प्रति क्विंटल दाम पर दो महीने की उधारी पर खरीद रहे हैं। मसौढी प्रखंड एवं धनरूआ प्रखंड के कई ऐसे पंचायत हैं जहां अभी भी धान की खरीद की शुरू नहीं हुई है जिसे किसानों को भारी फजीहत हो रही है। बिचौलिए औने-पौने दाम पर किसानों से धान खरीद रहे हैं। अगर जल्द ही धान की खरीद की दुरुस्त नहीं हुई तो बाध्य होकर हमारे संगठन की ओर से धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जाएगा। संगठन की ओर से जिला कृषि पदाधिकारी से मांग करते हैं कि सरकारी तय रेट पर धान का क्रय केंद्र को चालू करते हुए खरीद कराने की गारंटी करें अन्यथा बाध्य होकर आप के कार्यालय का घेराव किया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया है कि 18-12-2025 जिला पदाधिकारी ज्ञापन सौंप कर उचित कार्रवाई का अनुरोध करेंगे। बैठक में अवधेश कुमार लाल बाबू प्रसाद, रवीन्द्र सिंह, रामदयाल प्रसाद राम प्रकाश चौधरी, पुनीत पासवान, रामजी प्रसाद, चन्द्र देव वर्मा आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### 'अभिनंदन दीघा कार्यकर्ता सम्मान समारोह' में डॉ. दिलीप जायसवाल ने मतदाताओं का किया अभिनंदन

## यह जीत बिहार के विकास, जनकल्याण के संकल्प का विजय : डॉ. दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के दीघा विधानसभा क्षेत्र में आज 'अभिनंदन दीघा-कार्यकर्ता सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, गृह मंत्री सम्राट चौधरी सहित कई गणमान्य लोग, कार्यकर्ता और मतदाता उपस्थित हुए। समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दीघा के मतदाताओं के अलावा बिहार के मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के कार्यों पर बिहार की जनता ने इतना बड़ा जनादेश देकर एक बार फिर मुहर लगा दी है। उन्होंने समर्पित कार्यकर्ताओं का हृदय से अभिनंदन करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत समर्पित कार्यकर्ता हैं। यह विजय उन कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर जनसंपर्क तक, हर कार्यकर्ता ने एनडीए के विकास और सुशासन के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया और यह जीत उसी की परिणति है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा आप सभी का उत्साह और ऊर्जा ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। यह जीत केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि बिहार के विकास, जनकल्याण और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प की जीत है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने उपस्थित सभी लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि आइए, हमसब मिलकर इस जनादेश को विकास, सुशासन और सेवा में परिवर्तित करें। भाजपा की राजनीति ही लोगों की सेवा रही है। उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी की जोड़ी में बिहार विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचेगा। इस दौरान उन्होंने विधायक संजीव चौरासिया की भी तारीफ करते हुए कहा कि यह दीघा के विकास के लिए सदैव समर्पित रहते हैं, उसी का परिणाम चुनाव में दिखता भी है। इधर, समारोह को संबोधित करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यकर्ताओं के परिश्रम और निष्ठा को नमन करते हुए कहा कि सभी के मान सम्मान के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है।

## बिहार में निवेश को बढ़ावा देने हेतु उद्योग मंत्री की महत्वपूर्ण बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता तथा निवेश प्रोत्साहन (आईपी) टीम के साथ विभागीय कार्यालय कक्ष में एक विस्तृत बैठक की। आयोजित बैठक में बिहार में निवेश की अपार संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर उद्योग निदेशक द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रेजेंटेशन दी गई जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों, औद्योगिक विकास की दिशा और भविष्य की रणनीतियों को साझा किया गया। प्रस्तुति के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया कि किस प्रकार बिहार सरकार उद्योगों को आकर्षित करने के लिए मजबूत नीतिगत समर्थन, आधुनिक आधारभूत संरचना, भूमि उपलब्धता और वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। साथ ही यह भी बताया गया कि कैसे स्टार्टअप्स से लेकर बड़ी औद्योगिक इकाइयों तक को बिहार में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना तथा पलायन को रोकना है।

## आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल, पटना में विज्ञान, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल में विज्ञान, कला एवं शिल्प प्रदर्शनी सम्पन्न हुई। समारोह के मुख्य अतिथि डाइरेक्टर, श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र, पटना श्रीनु अप्पिकोंडा एवं एजुकेशन ऑफिसर, श्री कृष्ण विज्ञान केन्द्र, पटना विश्वनाथ गुप्ता का स्वागतः प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर किया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और समस्या समाधान कौशल की काफी तारीफ करते हुए कहा कि इससे दैनिक जीवन में विज्ञान एवं कला प्रयोगों को समझने का एक उचित मंच मिलता है। दोनों जजों ने सभी मॉडल को ध्यानपूर्वक देखकर उसका मूल्यांकन करते हुए सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया। मॉडल ऑफ द डे श्रेय कुमार, शिवम राज रहे। विशिष्ट योगदान के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। अंत में उप प्राचार्या उषा सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

विज्ञान में ग्रुप ए (कक्षा बाल वाटिका से कक्षा 5 तक) के तहत आर्यन अनिकेत को प्रथम, ऋषभ राज को द्वितीय, ऋद्धि रिद्मा को तृतीय एवं दिव्यांश वर्मा, दीपाशिका सिंह को सांत्वना पुरस्कार मिला। ग्रुप बी (कक्षा 6 से 8 तक) के तहत सुप्रिया चौरसिया को प्रथम, नंदिनी यादव को द्वितीय, अभिज्ञान भारद्वाज को तृतीय एवं सहर्ष कुमार झा, पार्थ यादव को सांत्वना पुरस्कार मिला। ग्रुप सी (कक्षा 9 से 12 तक) के तहत सोनालिका शरण को प्रथम, आदित्य कश्यप को द्वितीय, मांशी कुमारी को तृत्तीय एवं दीपक, अनन्या भारद्वाज को सांत्वना पुरस्कार मिला।

## प्रेमचंद रंगशाला में अन्तरविद्यालय क्विज प्रतियोगिता 'ज्ञानमंथन' का आयोजन

### न्यू एरा पब्लिक ने प्रथम एवं पटना कान्वेंट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** स्थानीय प्रेमचंद रंगशाला में अन्तर्विद्यालय क्विज प्रतियोगिता 'ज्ञानमंथन' का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता वनबंधु परिषद एवं आध्यात्मिक सत्संग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई जिसमें पटना के 16 प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 500 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर वनबंधु परिषद के अध्यक्ष गणेश खेतड़ीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 'ज्ञानमंथन' प्रतियोगिता का आयोजन पटना में चौथी बार किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपरा, इतिहास एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति रुचि जागृत करना तथा उनके बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आध्यात्मिक सत्संग समिति के अध्यक्ष रमेश चंद गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में बच्चों से रामायण, महाभारत, भारतीय पुरातन शास्त्र, सांस्कृतिक धरोहर, महापुरुषों के जीवन, भारतीय संस्कृति, संत एवं ऋषि-मुनियों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। क्विज मास्टर अनिल सर्राफ एवं सुनीता सर्राफ ने बहुत ही अच्छे से पूरी प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए लगभग दो हजार प्रश्न-उत्तर की एक विशेष पुस्तक सभी भाग लेने वाले विद्यालयों को पूर्व में उपलब्ध कराई गई थी। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने गहरी समझ, त्वरित उत्तर देने की क्षमता एवं विषयों पर मजबूत पकड़ का परिचय दिया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ-साथ अन्य प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान ऑडियंस से भी प्रश्न पूछे गए जिनके सही उत्तर देने पर उन्हें भी पुरस्कृत किया गया जिससे पूरे सभागार में उत्साह और सहभागिता का माहौल बना रहा। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने इस प्रकार की ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। ताकि आने वाली पीढ़ी भारतीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत से जुड़कर आगे बढ़ सके। कार्यक्रम में प्रथम पुस्कार न्यू एरा द्वितीय पुरस्कार पटना कान्वेंट तृतीय पुरस्कार राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में वनबंधु के सचिव राजीव अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष आलोक स्वरूप, रमेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, लक्ष्मण टेकरीवाल, गोपाल झुनझुनवाला, अनिल गुप्ता सहित अन्य लगे हुए थे। कार्यक्रम में डॉ राधेश्याम बंसल, महावीर अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुजीत सिंघानिया, कमल नोपानी, पद्मश्री बिमल जैन, नन्द किशोर अग्रवाल, डॉ गीता जैन, बिनोद बंसल, एडवोकेट श्वेता कुमारी, राजकुमार खेमका, पटना कान्वेंट के अरुण कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला प्रशासन, जहानाबाद एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तथा जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देशानुसार ज्ञान भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय, नेहालपुर में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जहानाबाद ग्रामीण, रेणु कुमारी ने कहा जेंडर आधारित हिंसा समाज की एक गंभीर समस्या है जिसे समाप्त करने के लिए जागरूकता सबसे सशक्त हथियार है। उन्होंने बताया कि बच्चों को बचपन से ही समानता, सम्मान और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। ताकि वे भेदभाव और हिंसा के विरुद्ध खड़े हो सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को जेंडर आधारित हिंसा के प्रकार, बाल विवाह, समान व्यवहार की आवश्यकता, गुड टच-बैड टच तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 112, 1098 एवं 181 की जानकारी दी गई। इसके साथ ही छात्रों के बीच प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया तथा सभी को विद्यालय एवं समाज में जेंडर समानता को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के जेंडर स्पेशलिस्ट शैलेश कुमार, महिला पर्यवेक्षिका अस्मिता सिन्हा, प्रखंड समन्वयक शनि कुमार सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहयोग किया और छात्रों को प्रेरक संदेश दिए।

## सशस्त्र सीमा बल के 62वें स्थापना दिवस पर बॉर्डर यूनिटी रन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सशस्त्र सीमा बल, सीमांत पटना द्वारा बल के 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर बॉर्डर यूनिटी रन-2025 का आयोजन सद्भावना, उत्साह और देशभक्ति के भाव के साथ किया गया जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता, शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहन तथा सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देना है। बॉर्डर यूनिटी रन-2025 का शुभारंभ नित्यानन्द राय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा हरी झंडी दिखाकर और निशीत कुमार उज्ज्वल, भा.पु.से, महानिरीक्षक, सीमांत पटना एस. सुब्रह्मण्यम, उप-महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में 47 वाहिनी, रक्सौल में किया गया। इस दौड़ में सीमान्त मुख्यालय पटना के अंतर्गत कुल 631 किलोमीटर लम्बी भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर, जिला-पश्चिमी चंपारण से अररिया तक कुल 74 अलग-अलग दौड़ कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न स्थानों पर एक साथ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सीमावर्ती नागरिकों (पुरुष एवं महिला), छात्र-छात्राएं, सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहन हेतु मैडल तथा प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। इस दौरान एस.एस.बी. के प्रत्येक वाहिनियों द्वारा मानव तथा पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें बल के चिकित्सकों द्वारा सीमावर्ती नागरिकों तथा उनके पशुओं को निःशुल्क इलाज/परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सभी वाहिनियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। कुल 74 कार्यक्रमों में 22 जनप्रतिनिधि अलग-अलग स्थानों पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तथा 26000 से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ में हिस्सा लिया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्रीनित्यानन्द राय ने इस अवसर पर कहा कि हमें राष्ट्रीय एकता, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना रखते हुए स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए।

## अवैध बालू परिवहन पर कार्रवाई, चार ओवरलोड हाइवा जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** पालीगंज थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन की गुप्त सूचना मिलने पर शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। पटना के खान निरीक्षक उत्तम मणी के नेतृत्व में पालीगंज थाना अध्यक्ष सुमन कुमार, रात्रि गश्ती दल और खनन बल की संयुक्त टीम ने महाबलीपुर नहर के पास छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सोन नदी का पीला बालू लदा चार 12 चक्का हाइवा की जांच की गई। जांच में पाया गया कि किसी भी वाहन के पास बालू परिवहन से संबंधित वैध चालान नहीं है। इसके बाद ओवरलोड की जांच के लिए एसएच-2 के ग्राम सरसी के पास स्थित नजदीकी धर्मकांटा पर वाहनों का वजन कराया गया जहां सभी हाइवा निर्धारित क्षमता से अधिक बालू लदे पाए गए। मामले में खान निरीक्षक उत्तम मणी द्वारा चारों वाहनों को विधिवत जब्त कर पालीगंज थाना अध्यक्ष को सौंपते हुए आवेदन दिया गया। इसके आधार पर पालीगंज थाना कांड संख्या 593/25 दर्ज की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303(2), 317(2) तथा बिहार खनिज (अवैध खनन, परिवहन, भंडारण एवं निवारण) नियमावली 2019 एवं संशोधित नियमावली 2024 की धारा 56(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पटना में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से 14 दिसंबर को राजधानी के युवा आवास पटना से विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रख्यात अर्थशास्त्री पंडित सीए संजय कुमार झा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। महानगर भ्रमण करते हुये गांधी मैदान के गांधी मूर्ति के समक्ष विकसित भारत 2047 को लेकर संकल्प लिया जायेगा। फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत 2047 का सपना देखा है उसे साकार करने के लिए फाउंडेशन निरंतर प्रयासरत है। भारत दुनिया के सबसे युवा देश है युवा शक्ति को संगठित कर हम राष्ट्र के मुख्य धारा में शामिल कर ही विकसित भारत के सपना को साकार कर सकते हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए राजनेता, उद्योगपति, शिक्षाविद, छात्र अधिकारी, पत्रकार, एनजीओ, युवा मंडल के लोग शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार युवाओं को लेकर सार्थक पहल किया है। कौशल विकास मंत्रालय, मेरा युवा भारत का गठन कर युवाओं के विकास के मार्ग प्रशस्त किया है। युवाओं का सर्वांगीण विकास के लिए हर गांव में युवा मंडल का गठन किया जा रहा है।

## कुहासे का फायदा उठाकर नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपित फरार, भाई हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के गांव में शनिवार की सुबह कुहासे का फायदा उठाकर 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ और जोर-जबरदस्ती का मामला सामने आया है। पीड़िता सुबह अपने घर से शौच के लिए खेत के बधार की ओर गई थी, तभी घने कुहासे के बीच एक 26 वर्षीय युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने इसकी सूचना धनरूआ थाना पुलिस को दी। पुलिस जब आरोपी के घर पहुंची तो वह वहां मौजूद नहीं मिला। आरोपी पर दबाव बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने उसके भाई को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में पीड़िता की मां के बयान पर धनरूआ थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी की पहचान गांव निवासी संजय कुमार सिंह के पुत्र 26 वर्षीय दीपक कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## संपादकीय

# इंडिगो पर 10 प्रतिशत कटौती के बाद भी हालात काबू में क्यों नहीं?

विमानन कंपनी इंडिगो में उड़ान परिचालन का संकट अभी थमा नहीं है। अब तक हजारों उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं, जिसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ा है। सरकार ने इस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है और साथ ही स्पष्ट किया है कि जांच निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में स्थिति को संभालने के लिए सरकार ने इंडिगो की उड़ानों में दस फीसद की कटौती कर दी है। इस बात को तो सरकार ने भी माना है कि व्यवस्थागत खामियों की वजह से यह संकट पैदा हुआ है, लेकिन किस स्तर पर चूक हुई है, इसका पता जांच पूरी होने के बाद ही चल पाएगा। मगर सवाल है कि यह संकट खड़ा होने से पहले ही इसका समाधान तलाशने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की गई? इस अव्यवस्था का खमियाजा यात्रियों को क्यों भुगतना पड़ रहा है? दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी बुधवार को इस पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न होने दी गई। साथ ही कहा कि यह यात्रियों को हुई परेशानी और उत्पीड़न के अलावा देश की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान का भी सवाल है। हैरत की बात है कि जिन नए नियमों की वजह से इंडिगो में उड़ान परिचालन का संकट उपजा, उस आदेश को वापस लेने के बाद भी स्थिति सामान्य नहीं हो पा रही है। मसला सिर्फ यह नहीं है कि उड़ान रद्द होने से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हुई, बल्कि उन्हें दूसरी कंपनियों की उड़ान का सहारा लेने के लिए सामान्य से कई गुना अधिक किराये का भुगतान करना पड़ा। यही वजह है कि उच्च न्यायालय ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सवाल किया कि ऐसी संकटपूर्ण स्थिति में अन्य विमानन कंपनियां हालात का फायदा उठाकर यात्रियों से टिकटों के लिए भारी कीमत कैसे वसूल सकती हैं! हालांकि, इस समस्या के उजागर होने के बाद सरकार ने फिलहाल दूरी के आधार पर हवाई किराये की सीमा तय कर दी है, लेकिन सवाल यह है कि विमानन कंपनियों की यह मनमानी कोई एक बार की बात नहीं है। जब कभी उड़ान परिचालन का संकट पैदा होता है या फिर अत्यधिक व्यस्त समय हो, तो यात्रियों से मनमाना किराया वसूलना आम बात है। आखिर सरकार की ओर से इस पर अंकुश लगाने के लिए स्थायी तौर पर व्यवस्था क्यों नहीं की जाती है? इसमें दो राय नहीं है कि पिछले करीब एक सप्ताह से उड़ान परिचालन में संकट के कारण अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ा है। देश भर में हर रोज हजारों लोग विमानों में सफर करते हैं और अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाए रखने में विमानन क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। इंडिगो देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी है।

# बंगाल में उभरते हिन्दू स्वरों में बदलते राजनीतिक समीकरण

**निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? पश्चिम बंगाल इन दिनों धार्मिक और राजनीतिक उफान का केंद्र बना हुआ है। बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक समूहों की सक्रियता के बीच हिन्दू धर्मगुरुओं एवं संगठनों की मोर्चाबंदी ने क्या हिंदू क्रांति का शंखनाद किया है? क्या यह आगामी विधानसभा चुनावों में हिंदू वोटों को एकत्र करने का नया एजेंडा है, या पश्चिम बंगाल में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमलों, उनको कुचलने की कुचेष्टाओं एवं मुस्लिम तुष्टीकरण का माकुल जबाव है। बाबा बागेश्वर धाम-धीरेन्द्र शास्त्री सहित अनेक हिंदू धर्मगुरुओं के प्रवचनीय हस्तक्षेप, लाखों लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ और संतों की हुंकार से एक नई चेतना आकार लेती दिखाई दे रही है। यह उभार महज आस्था का नहीं, बल्कि पहचान, सुरक्षा और गौरव के भावों का उभार है।**

(ललित गर्ग )

पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद पुनर्निर्माण का मुद्दा उठाना मानो एक सोए हुए राक्षस को जगाने जैसा है, क्योंकि यह केवल एक मस्जिद का प्रश्न नहीं बल्कि देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द की कसौटी है। सदियों से चला आ रहा बाबरी विवाद भारत की सामाजिक चेतना पर गहरे जख्म छोड़ चुका है-जिसने राजनीति को उग्र बनाया, समुदायों को बाँटा और नफरत व हिंसा के बीज बोए। ऐसे समय में जब राष्ट्र विभिन्न संकटों से जूझ रहा है, इस विवाद को नए भूगोल में स्थानांतरित कर हवा देना सामाजिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता के लिए घातक हो सकता है। सद्भाव और शांति की बुनियाद पर खड़े भारत को ऐसे मुद्दों की आवश्यकता है जो एकता को मजबूत करें, न कि पुराने घाव कुरेदकर समाज में तनाव और अविश्वास पैदा करें। अतः आवश्यक है कि नेतृत्व इस संवेदनशील विषय को विवेक, संवाद और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर संभाले, ताकि भारत का बहुलतावादी चरित्र और साझा सभ्यता सुरक्षित रह सके।



निश्चित ही बाबरी मस्जिद विवाद को हवा देकर कुछ मुस्लिम संगठनों और राजनीतिक वर्गों ने तनाव का वातावरण खड़ा किया है। इन दो समानांतर धाराओं की टकराहट ने बंगाल को विमर्श के केंद्र में ला दिया है कि क्या राज्य में हिंदू संगठित होकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षडयंत्रों का अंत चाहते हैं? बंगाल परंपरा से बौद्धिक और सांस्कृतिक बहुलता का प्रदेश रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में हिंदू सामाजिक मानस में एक बदलाव दिख रहा है। गजवा हिंद के प्रलापों के प्रतिकार में भगवा हिंद का संकल्प उभर रहा है। पांच लाख से अधिक हिंदुओं द्वारा एक साथ गीता पाठ करना इसी उभार का संकेत है, जिसमें धर्म प्रदर्शन शक्ति और अस्मिता के रूप में सामने आता है। साध्वी ऋतंभरा के वक्तव्यों ने इस उभार को एक नया स्वर दिया है। उनका स्पष्ट कथन कि यह धरती प्रभु श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी बंगाल सहित पूरे देश के हिंदू मानस में गूंज रहा है। यह कथन सिर्फ आस्था की घोषणा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अधिकार और आधिपत्य की अनुभूति का उद्घोष है। उनके भाषणों में उभरती चेतावनी है कि यदि हिंदू अपनी संस्कृति, परंपरा और मंदिरों की रक्षा के लिए नहीं उठे तो इतिहास स्वयं उनसे जवाब मांगेगा।

इस पृष्ठभूमि में बाबरी विवाद का पुनर्स्मरण राजनीति का साधन भी प्रतीत होता है। मुस्लिम संगठनों द्वारा इसकी मांगों को आगे बढ़ाना और नेताओं द्वारा इसे मुद्दा बनाना निश्चित ही सामाजिक भावना को चुनौती देता है। इसका प्रतिउत्तर धार्मिक मंचों से आया है, जहां प्रवचनों और सभाओं ने इसे हिंदू गौरव और अस्तित्व के प्रश्न के रूप में चित्रित किया है। ऐसे में यह कहना असंगत नहीं कि बंगाल की जमीन पर हिंदू पहचान की राजनीति तेजी से आकार ले रही है और हिन्दू धर्मगुरुओं के स्वर इसे वैचारिक ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह कथन कि राम का नाम अनंत है, पर पुरुषार्थ के बिना सिर्फ नाम से रामराज्य नहीं आएगा एक सीधा संकेत है कि हिंदू समाज को संगठित, सक्रिय और आत्मनिर्भर होना होगा।

इस व्यापक परिदृश्य का मुख्य केंद्रबिंदु राजनीति है। क्या यह सब आगामी विधानसभा चुनावों का संकेत है? बंगाल की राजनीति लंबे समय से मुस्लिम मतदाताओं की निर्णायक भूमिका के आसपास घूमती रही है और ममता बनर्जी ने मुस्लिम समाज के भरोसे को अपने समर्थन की नींव बनाया है। परंतु यदि हिंदू मतदाता नए सांस्कृतिक उभार से प्रेरित होकर एकजुट होते हैं, तो पहली बार बंगाल की सत्ता-समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा और संघ परिवार का प्रयास भी इसी दिशा में है कि धार्मिक सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना का मंच बनाकर हिंदू अस्मिता को वैचारिक शक्ति प्रदान करना। भाजपा, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद और धार्मिक प्रवचनीय हस्तक्षेपों द्वारा बंगाल में हिंदू एकता और पहचान को जागृत करने की रणनीति अपनाई जा रही है। इस राजनीतिक परिपाटी में बाबा बागेश्वर जैसे मंच प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं, धर्म-सम्मेलनों को राजनीतिक चेतना की पाठशाला में बदला जा रहा है। साध्वी ऋतंभरा का बंगाल में सक्रिय होना उसी रणनीति की कड़ी है, क्योंकि उनका सशक्त भाषण हिंदू भावनाओं को झकझोरता है। बंगाल जिसकी पहचान बौद्धिक विनम्रता, कविता, महात्म्य और सहिष्णुता से जुड़ी रही है, वह अब टकराव, ध्रूवीकरण और प्रतिआक्रामकता की ओर बढ़ता दिख रहा है। हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों में भावनात्मक आवेश बढ़ रहा है और नेताओं द्वारा इस माहौल को चुनावी लाभ के लिए साधने की त्रासद कोशिशें तेज हैं। यह परिस्थिति बंगाल के सामाजिक ताने-बाने के लिए चुनौतीपूर्ण है।

फिर भी एक बात निर्विवाद है-बंगाल में एक नई चेतना, एक नई आकांक्षा जन्म ले रही है। यह पूर्ण क्रांति है या क्रांति का शंखनाद, यह कहना अभी जल्दबाजी होगा, परन्तु प्रारंभिक संकेत स्पष्ट हैं। हिंदू पहचान की राजनीति बंगाल में निर्णायक होती जा रही है, मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति पहली बार चुनौती में दिखाई दे रही है और ममता बनर्जी की सत्ता को सांस्कृतिक विरोध का नया मोर्चा मिला है। अब यह समय बताएगा कि यह उभार सत्ता बदलता है या सामाजिक संवाद को बदलता है। लेकिन इतना तो तय है कि बंगाल की राजनीति अब केवल विकास, योजनाओं और नेतृत्व की नहीं, बल्कि पहचान, इतिहास और प्रभुत्व की राजनीति बन चुकी है। यही कारण है कि धार्मिक मंचों की आवाज़ें चुनावी मैदान की धड़कन बन रही हैं। बंगाल अपने निर्णायक मोड़ पर खड़ा है-जहाँ राम का दावा और राम की भूमि का संकल्प राजनीति, समाज और भविष्य तीनों को प्रभावित करने वाला तत्व बन चुका है।

न केवल मुस्लिम तुष्टिकरण बल्कि भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रक्रिया बन गयी है। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का या अब बाबरी मस्जिद का। इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। तृणमूल कांग्रेस हिन्दुओं को पश्चिम बंगाल में सेकेंड क्लास सिटिज़न एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की उसकी सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा-पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलकती रही है। ममता ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। पश्चिम बंगाल में जो चल रहा है वह महज 'बागेश्वर बनाम बाबरी विवाद' नहीं है, यह सांस्कृतिक-धार्मिक पुनर्स्थापन की कोशिश बनाम राजनीतिक मुस्लिम केंद्रवाद की प्रतिस्पर्धा है। अभी के लिए, बंगाल की जमीन पर धर्म, राजनीति और पहचान का नया त्रिकोण उभर चुका है और वही आने वाले समय में बंगाल की राजनीतिक दिशा, सामाजिक संबंधों और सत्ता के समीकरणों को आकार देगा। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## यह कैसा विमर्श- औपनिवेशिक शासन के अत्याचार इतिहास और उसके विरुद्ध उठी राष्ट्रीय चेतना संप्रदायवाद

(विनोद पाठक)

भारत की सांस्कृतिक स्मृति में ऐसा कोई दूसरा साहित्यिक या गीतात्मक प्रतीक नहीं है, जिस पर उतना विवाद हुआ हो, जितना 'आनंद मठ' और 'वंदे मातरम्' पर हो रहा है। आश्चर्य यह नहीं कि विवाद है, आश्चर्य यह है कि वे लोग इस विवाद को हवा देते हैं, जिनकी वैचारिक दृष्टि भारत के इतिहास, सौंदर्यशास्त्र और राष्ट्रवाद की आत्मा से सबसे दूर है। यह विवाद साहित्य का नहीं, बल्कि यह उन राजनीतिक धाराओं का संघर्ष है, जो भारतीय राष्ट्रवाद को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से काटकर उसे खोखला, यादहीन और गुनगुना बनाना चाहती हैं। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का 'आनंद मठ' किसी धार्मिक श्रेष्ठता का ग्रंथ नहीं, बल्कि औपनिवेशिक दमन से कराहते समाज की करुण पुकार का साहित्यिक रूप है। संन्यासी विद्रोह केवल कुछ साधुओं का प्रतिरोध नहीं था, वह सत्ता के अत्याचार, आर्थिक शोषण और सामाजिक विघटन के विरुद्ध जनता की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी। इसे 'हिंदू बनाम मुस्लिम' का संघर्ष कह देने वाले लोग इतिहास नहीं, अपनी राजनीतिक सुविधा पढ़ते हैं। यह अजीब विडंबना है कि आजाद भारत में ऐसे आलोचकों की संख्या बढ़ी है, जो औपनिवेशिक शासन के अत्याचारों को तो इतिहास का हिस्सा मानते हैं, लेकिन उसके विरुद्ध उठी राष्ट्रीय चेतना को संप्रदायवाद कहकर खारिज कर देते हैं। यह आलोचना नहीं, सांस्कृतिक हीनता है। 'वंदे मातरम्' को सांप्रदायिक कहने का तर्क भी इसी हीनता से उपजा है। गीत में मातृभूमि को 'दुर्गा' कहा गया है तो क्या? भारत की कविता, पुराण, लोकगीत और दर्शन में प्रकृति, भूमि, नदियों, पर्वतों को देवत्व दिया गया है। यह विश्वास पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संवेदना है। वह संवेदना, जिसने हजारों वर्षों की सभ्यता को एक सूत्र में बांधा है। पश्चिमी देशों की 'मदर लैंड' उन्हें सांस्कृतिक प्रतीक लगती है, लेकिन भारत की 'भारत माता' उन्हें अचानक धार्मिक प्रतीक लगने लगती है। यह असमानता क्यों? क्योंकि यहां आपत्ति धर्म से अधिक राजनीति पर आधारित है। राजनीति की इस भूलभुलैया में सबसे दिलचस्प भूमिका कांग्रेस निभाती है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'वंदे मातरम्' को अपना शस्त्र बनाया। आज उससे दूरी बनाकर खड़ी है। कांग्रेस का यह दोहरा चरित्र किसी से छिपा नहीं है। आंदोलन के समय यह गीत राष्ट्र की आत्मा था और आज कांग्रेस उसी गीत के उल्लेख से घबराती दिखती है। डर किस बात का है? निश्चित ही अल्पसंख्यक वोटों के नाराज होने का है? या इस संभावना का कि 'वंदे मातरम्' की स्वाभाविक राष्ट्रीयता उस 'सेक्युलरिज्म' को झूठा साबित कर देगी, जो केवल चुनावी पैंतरा बनकर रह गया है? कांग्रेस का संकट गीत या उपन्यास नहीं, बल्कि अपनी स्वयं की इतिहासिक भूमिका है। यदि वह 'वंदे मातरम्' को तुष्टीकरण की राजनीति में बलि चढ़ाए तो वह गांधी, नेहरू, पटेल, बोस, सबको आइडियोलॉजिकल अनाथ बना देती है, लेकिन यदि वह गीत का समर्थन करे तो उसका पूरा 'नया सेक्युलर नैरेटिव' ढह जाता है। इस दुविधा ने कांग्रेस को वैचारिक रूप से इतना कमजोर कर दिया है कि आज वह अपने ही संघर्षों की प्रतीक-धरोहरों को संदिग्ध बनाने में अग्रणी दलों की भाषा बोलने लगी है। वामपंथी दलों का रुख भी इससे कम विरोधाभासी नहीं है। वंदे मातरम् हमारे राष्ट्रत्व की भावना का शाश्वत मंत्र है, जिसे विवादों में घसीटना देश की सांस्कृतिक चेतना को कमजोर करना है। भाजपा भी इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए वंदे मातरम् को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, आत्मगौरव और सभ्यतागत निरंतरता का आधार मानती है और इसके विरोध को राजनीतिक संकुचन करार देती है। राजनीतिक खेलों के बीच सबसे अनदेखी आवाज आम जनता की है। जनता का बड़ा हिस्सा 'वंदे मातरम्' को अपनी अस्मिता, अपनी संस्कृति और अपने राष्ट्रगौरव से जोड़कर देखता है। उनके लिए यह गीत विवाद का विषय नहीं, भावनात्मक आधार है। वहीं अल्पसंख्यक समुदाय के सामान्य लोगों में उतनी तीखी असहजता नहीं है, जितना राजनीतिक दलों के बयान बताते हैं। असल समस्या यह है कि भारत की सांस्कृतिक प्रतीकों को बार-बार राजनीतिक रंग में डुबोकर प्रस्तुत किया जाता है, जिससे विवाद घटता नहीं, बढ़ता है। यदि कोई सत्य स्पष्ट दिखाई देता है तो वह यह है कि भारत अपनी सांस्कृतिक आत्मा को जितना नकारने की कोशिश करेगा, उतना ही वह अपनी ऐतिहासिक शक्ति से दूर होता जाएगा। सवाल यह नहीं कि 'वंदे मातरम्' विवादास्पद क्यों है? सवाल यह है कि एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी ही आत्मा के प्रतीक से क्यों भयभीत हो जाता है? किसके दबाव में।यह लेखक के निजी विचार हैं।

# अमेरिका ने पाक पर लगाया करोड़ों डॉलर का दाँव, बलूचिस्तान के बारूद पर बैठकर सोना खोदेंगे ट्रंप !

(नीरज कुमार दुबे )

हम आपको बता दें कि रिकोडिक दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबा-सोना भंडारों में से एक है। माना जाता है कि यहां 15 मिलियन टन तांबा और 26 मिलियन औंस सोना है। कनाडा की दिग्गज कंपनी बैरिक गोल्ड पहले ही 2028 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य तय कर चुकी है।

अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान के सबसे अस्थिर और विद्रोह-ग्रस्त प्रांत बलूचिस्तान में स्थित रिकोडिक तांबा-सोना खदान के लिए 1.25 अरब डॉलर के यूएस ईएक्सआईएम बैंक वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है। यह वही परियोजना है जिसे वर्षों से सुरक्षा संकट, राजनीतिक विवाद और बलूच विद्रोहियों की हिंसा ने कभी आगे बढ़ने नहीं दिया। इस निवेश के साथ निकट भविष्य में 2 अरब डॉलर तक की अमेरिकी मशीनरी और सेवाएँ पाकिस्तान भेजी जाएँगी। अमेरिकी चार्ज द'अफ़ेयर्स नटाली बेकर ने कहा है कि यह परियोजना अमेरिका के लिए 6,000 और बलूचिस्तान में 7,500 नौकरियाँ उत्पन्न करेगी। उन्होंने रिकोडिक को दोनों देशों के लिए लाभकारी आदर्श मॉडल बताया है।

हम आपको बता दें कि रिकोडिक दुनिया के सबसे बड़े अविकसित तांबाङ्कसोना भंडारों में से एक है। माना जाता है कि यहां 15 मिलियन टन तांबा और 26 मिलियन औंस सोना है। कनाडा की दिग्गज कंपनी बैरिक गोल्ड पहले ही 2028 तक उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य तय कर चुकी है। इस परियोजना का 50 प्रतिशत मालिकाना बैरिक के पास है, जबकि पाकिस्तानी संघीय व बलूचिस्तान सरकार के पास 25-25प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिपोर्टों के अनुसार इस परियोजना से 37 वर्षों में 70 अरब डॉलर से अधिक मुक्त नकदी प्रवाह उत्पन्न होने की संभावना है।

हालाँकि, सुरक्षा खतरे सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं। बलूच विद्रोही गुट लगातार सेना, खनन परियोजनाओं और विदेशी निवेश पर हमले करते रहे हैं। हाल ही में बलूच नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कोई भी विदेशी निवेशक बलूचिस्तान के कब्जे को वैधता देने की गलती नहीं करे। बलूच नेशनल मूवमेंट के अध्यक्ष नसीम बलूच ने इसे बलूच जनता की संपत्ति पर पाकिस्तानी कब्जे को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। इसी बीच विश्व बैंक की आईएफसी, एशियन डेवलपमेंट बैंक और अन्य वैश्विक उधारदाता 2.6 अरब डॉलर से अधिक का वित्त पैकेज जोड़ रहे हैं। साथ ही सऊदी अरब की मनारा मिनरल्स भी 10-20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने पर बातचीत कर रही है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल वही है कि क्या पाकिस्तान इतने लंबे समय तक सुरक्षा, बुनियादी ढाँचे और राजनीतिक स्थिरता की गारंटी दे पाएगा? देखा जाये तो अमेरिकी निवेश ऐसे समय में आया है जब वाशिंगटन चीन-प्रभुत्व वाली खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं से बाहर निकलने के लिए नए स्रोत तलाश रहा है। फिर भी, रिकोडिक पर यह दाँव एक हाई-रिस्क जुआ माना जा रहा है। यह भी देखने में आ रहा है कि रिकोडिक में अमेरिकी निवेश सिर्फ आर्थिक सौदा नहीं बल्कि यह भू-राजनीतिक शतरंज की बिसात पर फेंकी गई भारी-भरकम चाल है। पाकिस्तान इसे बड़ी जीत बताकर छाती ठोक रहा है पर असलियत यह है कि अमेरिका ने यह पैसा दक्षिण एशिया के सबसे अस्थिर इलाके में आग से खेलने के अंदाज़ में डाला है। सवाल यह नहीं कि अमेरिका क्यों आया? सवाल यह है कि वह इतना देर से और इतनी जगह पर क्यों आया? इसके साथ ही बलूचिस्तान का भौगोलिक महत्व इस कदम को और तीखा बनाता है। ईरान की सरहद पास है, अफ़ग़ानिस्तान की अनिश्चितता बगल में है, चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर ठीक सिर के ऊपर है। ऐसे में अमेरिका एक ही प्रहार में चीन को संकेत देता है कि हम अभी भी आपके बगल में मौजूद हैं और आपके बंदरगाह (ग्वादर) के पीछे की जमीन पर निवेश करने की ताकत रखते हैं। वहीं पाकिस्तान इस निवेश को आर्थिक राहत समझ रहा है, लेकिन असल में वह एक रणनीतिक जाल में फँसता दिख रहा है। देश की सुरक्षा एजेंसियों का इतिहास बताता है कि वह बलूचिस्तान को सेना-प्रभुत्व वाला इलाका मानती हैं। पर विदेशी निवेश वहीं चलता है जहाँ जनता को न्यूनतम सहमति या सुरक्षा मिले। यह दोनों ही पाकिस्तान के पास नहीं हैं। रिकोडिक के लिए न रेल लाइन है, न स्थायी सड़कें, न विश्वसनीय सुरक्षा तंत्र। ऊपर से बलूचिस्तान में हर विदेशी निवेश, चाहे चीनी हो, सऊदी हो या अब अमेरिकी, यह विद्रोही गुटों का प्राथमिक निशाना बन जाता है। सवाल उठता है कि कनाडा की बैरिक गोल्ड इतने वर्षों में हिल-डुल भर नहीं सकी तो अमेरिका किस आत्मविश्वास से यहां आ रहा है? अमेरिका के इस क्षेत्र में आने से यह भी आशंका है कि चीन-अमेरिका प्रतिस्पर्धा नई तीव्रता पर पहुँचेगी। दरअसल, अमेरिका रिकोडिक को चीन की आपूर्ति शृंखला का प्रभुत्व तोड़ने के लिए इस्तेमाल करेगा। ऐसे में पाकिस्तान दोनों महाशक्तियों के बीच रस्साकशी में फँस जाएगा। इस परियोजना से ईरान भी असहज होगा क्योंकि अमेरिका समर्थित विशाल रणनीतिक परियोजना उसकी सीमा के ठीक पास उभरना तेहरान को बिल्कुल रास नहीं आएगा। साथ ही अमेरिकी परियोजना से अफगानिस्तान का प्रभाव भी बढ़ेगा क्योंकि इसकी सुरक्षा और आपूर्ति रूट तालिबान द्वारा नियंत्रित इलाकों के बेहद करीब हैं। तालिबान इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। अगर पाकिस्तान ने बलूचिस्तान की राजनीतिक समस्या को सैन्य तरीके से संभालने की भूल जारी रखी, तो अमेरिकी निवेश भी उसी तरह डूबेगा जैसे पहले के तमाम विदेशी प्रोजेक्ट डूब चुके हैं। यह सही है कि अमेरिका ने एक बड़ा दाँव लगाया है लेकिन यह भी सच्चाई है कि यह दाँव जितना चमकदार दिखता है, उतना ही बारूद के ढेर पर रखा हुआ है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)





# नगर आयुक्त का चला डंडा, शहर से हटवाया अतिक्रमण जाम से निजात मिलने की उम्मीद, सड़क हुई आजाद

## दो दुकानदारों से एक-एक हजार वसूला गया जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम की टीम ने शहर के सदर अस्पताल रोड, बिनोदपुर सड़क और महिला कॉलेज रोड पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटवाया।

निगम कर्मचारियों की मौजूदगी में यह कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अतिक्रमण हटाने के दौरान, मुख्य रूप से दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे और फुटपाथ पर किए गए कब्जे को निशाना बनाया गया, जिसके कारण यातायात बाधित हो रहा था। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने और निगम के निदेर्शों की अनदेखी करने पर दो दुकानदारों के खिलाफ तत्काल जुमार्ना भी लगाया गया। दोनों दुकानदारों से एक-एक हजार रुपये का अर्थदण्ड वसूला गया। इस बाबत नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया कि




शहर में अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रहेगा और भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे सार्वजनिक भूमि और सड़कों पर अतिक्रमण न करें, ताकि शहर को जाम मुक्त बनाया जा सके।

# मां जानकी धाम के संस्थापक राजेश गुरनानी ने थामा भाजपा का दामन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार के सुझाव उपरांत मां जानकी धाम के संस्थापक राजेश गुरनानी ने पटना स्थित उनके आवास पर विधिवत् भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर साथ में भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह प्रिंस, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य तल्लू बासुकी, अल्पसंख्यक जिला महामंत्री मो. नसीम, नगर उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, शशिकांत कुमार, मनोज चौधरी एवं शेखर कुमार भी उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण करवाने के पश्चात बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राजेश गुरनानी के भाजपा में आने से आम जनो के उत्थान में तेजी आयेगी। जब मैं नगर विकास मंत्री था तब इनकी टीम ने वेंडिंग एक्ट के निर्माण एवं अनुपालन में सराहनीय भूमिका निभाई। कटिहार के साथ साथ बिहार के कामगारों को भी इनके द्वारा सरकार की नीतियों से लाभान्वित किया जाएगा। मां जानकी धाम अखाड़ा सह तीर्थ क्षेत्र कटिहार के निर्माण से अध्यात्म तथा स्वालंबन पर बिहार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। इसके बाद राजेश गुरनानी ने सबों का हृदय से आभार जताया और कहा कि जल्द ही कटिहार में भव्य समारोह आयोजित कर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार का अभिनंदन किया जाएगा।

# नये डीएम ने पदभार ग्रहण कर आयोजित की बैठक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नवपदस्थापित जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के तुरत बाद उन्होंने समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय विभागीय पदाधिकारियों के साथ परिचयात्मक एवं समीक्षात्मक बैठक की। जिसमें अगले तीन महीने के लिए तय प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

डीएम ने पदाधिकारियों से नाम एवं पदनाम एवं दायित्वों की जानकारी लेकर विभागीय कार्यो के बारे मे समीक्षा की। तथा उनके दायित्वों पर चर्चा की। उन्होंने प्रखंड के नोडल पदाधिकारियों को प्रखंडों का भ्रमण कर अंचल स्तर पर चल रहे परिमार्जन एवं नामांतरण कार्यों को तेजी से निपटारा करने का निर्देश दिया। वहीं विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान कार्य करने वाली सभी एजेंसियों का लंबित भुगतान को समय पर भुगतान कराने, राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। नवपदस्थापित डीएम ने धदाधिकारियों से कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा घोषित विभिन्न योजनाओं का निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने पर जोर दें। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय के साथ प्रखंड एवं पंचायतस्तर के कार्यालयों का व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया जाना है, ताकि आम नागरिकों को अधिकतम सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने पदाधिकारियों से उनके दायित्वों का समय पर तथा कुशलतापूर्वक निर्वहन करने का निर्देश किया। मौके पर नगर आयुक्त संतोष कुमार, एडीएम पीजीआरओ मनोज कुमार, अपर समाहर्ता डा. बिनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# हत्याकांड के अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** डंडखोरा पुलिस ने थाना में दर्ज हत्याकांड के अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष विजय महतो ने बताया कि कांड संख्या 123/25 के अप्राथमिकी अभियुक्त कमलू केवट उर्फ कमलेश्वर केवट पिता स्व. भिखारी केवट सा- सौरिया, थाना- डंडखोरा, जिला- कटिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बिना नक्शा भवन निर्माण पर 1.35 लाख का जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** नगर निगम क्षेत्र में बिना सक्षम प्राधिकार से नक्शा पास कराए भवन निर्माण करना अब महंगा साबित हो रहा है। नगर निगम प्रशासन ने ऐसे नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध न केवल निर्माण कार्य रुकवाने की कार्रवाई शुरू कर दी है, बल्कि भारी आर्थिक दंड भी लगाया जा रहा है। ताजा मामला बाटा चौक, कटिहार निवासी अभिजीत कुमार एवं सुमित कुमार पिता मदन प्रसाद गुप्ता से जुड़ा है। इनके द्वारा बिना किसी पूर्व अनुमति के ही भवन निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था।

जिसके बाद नगर निगम कार्यालय ने पहले ही निर्माण कार्य को रोकते हुए भवन निर्माण की अनुमति से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।लेकिन संबंधित व्यक्ति की ओर से कोई भी अनुमति पत्र या दस्तावेज निगम में समर्पित नहीं किया गया। जिसके बाद इस अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम प्रशासन ने




1,35,000/- की प्रशमन राशि निर्धारित की। निगम की सख्ती के चलते, यह निर्धारित प्रशमन राशि निगम प्रशासन को प्राप्त भी हो चुकी है। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि शहर को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए भवन निर्माण नियमों का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी बिना नक्शा पास कराए निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निगम प्रशासन ने नगर क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे भवन निर्माण से पूर्व सभी आवश्यक अनुमतियां अवश्य प्राप्त करें, ताकि अनावश्यक आर्थिक दंड और कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

# जनता दरबार का हुआ आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** मनसाही थाना परिसर में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में दस आवेदन पड़े जिसमें आठ आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया, दो मामले लंबित रहे। जिसकी सुनवाई अगले शनिवार को की जाएगी।

इसकी जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी मोहम्मद इस्माइल ने बताया कि भूमि से संबंधित विवाद को लेकर प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया जाता हैं। इस शनिवार को कुल दस आवेदन पड़े जिसमें आठ आवेदन का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया दो मामले लंबित रहे। इस अवसर पर थाना के मुस्तफा अंसारी, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि निर्मल भगत, मुखिया प्रतिनिधि मो. तज्जमुल हक सहित विभिन्न पंचायत से आए फरियादी मौजूद रहे ।

# कुर्सेला में बड़ी सफलता : 206 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के कुसेर्ला थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के किनारे चिंताहरण हनुमान मंदिर के पास पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 206 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

प्रभारी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की गई थी। पुलिस ने मौके से स्मैक तस्कर विक्की कुमार यादव मदरोनी, थाना रंगरा, जिला भागलपुर का निवासी है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस तस्करी के नेटवर्क और सप्लाई चैन की कड़ियों की भी जांच कर रही है।

# जायसवाल सर्ववर्गीय समाज मिलन समारोह को लेकर तैयारियां तेज

## समाज उत्थान पर होगा मंथन





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी/कटिहार।** जायसवाल सर्ववर्गीय समाज की ओर से आयोजित होने वाले समाज मिलन समारोह को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यह आयोजन सोमवार को गुरुबाजार स्थित राम जानकी मंदिर के प्रांगण में होगा। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों के अनुसार समारोह में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से करीब पांच सौ लोगों के शामिल होने की संभावना है।समाज मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गो को एक मंच पर लाकर आपसी एकता को मजबूत करना और समाज हित से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा करना है।

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सहयोग, शिक्षा, आर्थिक मजबूती और आपसी भाईचारे को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। जायसवाल सर्ववर्गीय समाज के मंडल अध्यक्ष महेश कुमार चौधरी ने कहा कि समाज की मजबूती आपसी सहयोग से ही संभव है। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी में समाज की ओर से सहयोग देने की योजना पर विचार किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद परिवारों को संबल मिल सके। मंडल सचिव गौतम भगत ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि समाज के ऐसे बच्चों, जो आर्थिक कारणों से पढ़ाई में पिछड़ रहे हैं, उनके लिए सहयोग की व्यवस्था बनाई जाएगी। समाज मिलन समारोह में बच्चों की पढ़ाई में सहायता और मार्गदर्शन जैसे विषयों पर चर्चा होगी। वहीं मंडल कोषाध्यक्ष अभय जायसवाल ने कहा कि बीमारी और आपात स्थिति में कई परिवारों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में समाज को आगे आकर जरूरतमंद परिवारों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इलाज और अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए सहयोग व्यवस्था पर भी विचार किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम को सादगीपूर्ण लेकिन उद्देश्यपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाएगा। समाज के वरिष्ठ और युवा सदस्य समारोह को संबोधित करेंगे। आयोजकों ने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# सार्वजनिक स्थलों पर निर्माण सामग्री रखने पर वसूला जाएगा जुर्माना : संतोष

## गृह निर्माण में 'ग्रीन नेट' लगाना अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** नगर निगम क्षेत्र में सार्वजनिक सड़कों और फुटपाथों पर कंस्ट्रक्शन तथा कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन सामग्री रखने वालों के खिलाफ नगर निगम ने अब सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर आयुक्त के आदेश पर कार्रवाई करते हुए निगम की टीम ने शनिवार को एक व्यक्ति से सार्वजनिक स्थान पर निर्माण सामग्री रखने के एवज में 2000 का जुमार्ना वसूला है।

नगर निगम इस मुद्दे को लेकर और भी सख्त कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। ऐसे सभी व्यक्तियों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जो अपने निर्माण कार्य की सामग्री को सड़क या फुटपाथ पर रखकर आम जनता के आवागमन में बाधा डाल रहे हैं और प्रदूषण फैला रहे हैं।वही इस बाबत नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहाकि निर्माण कार्य में ग्रीन नेट लगाना अनिवार्य होगा। ऐसा नही करने वालो पर नगर निगम के द्वारा नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।



# जिला नियोजनालय, गिरिडीह के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में भर्ती कैम्प का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, गिरिडीह के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 'भर्ती कैम्प" का आयोजन जिला नियोजनालय, गिरिडीह के परिसर में किया गया।

जिला नियोजन पदाधिकारी, गिरिडीह मो० इमरान फारूकी के द्वारा स्वागत भाषण के साथ भर्ती कैम्प का आगाज किया गया। भर्ती कैम्प में शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। भर्ती कैम्प में कुल-03 प्रतिष्ठान संस्थानों ने भाग लिया। जिसमें के द्वारा एजुवांटेज पीवीटी एलटीडी,



दिल्ली कुल- 06 अभ्यार्थियों को साक्षत्कार के पश्चात अंतिम रूप से चयनित करते हुए ऑफर लेटर प्रदान किया गया एवं अन्य 02 नियोजकों द्वारा कुल 82 अभ्यार्थियों को शॉर्टलिस्टेड किया गया है। जिन्हे लिखित परीक्षा साक्षात्तकार के पश्चात अंतिम रूप से चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया जायेगा मो० इमरान फारूकी, जिला नियोजन पदाधिकारी, गिरिडीह के मार्गदर्शन में "भर्ती कैम्प 2025" का सफल आयोजन किया गया। आयोजित भर्ती कैम्प -2025 के स्थानीय युवक युवतियों के द्वारा विशेष रूची दिखाई गई।

# डीएम ने किया प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा /कटिहार।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने शनिवार को डंडखोरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के कामकाज का गहन अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने कार्यालय में संधारित महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच की तथा संचालित योजनाओ की अद्यतन जानकारी भी संबंधित अधिकारियो से लिया। उन्होंने मुख्य रूप से कैश बुक और निर्गत पंजी का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अभिलेखों का अद्यतन और उनका समुचित रखरखाव




सुनिश्चित किया जाए ताकि प्रशासनिक पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही कार्यों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होने प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रांगण के निरीक्षण के दौरान स्वच्छता आदि का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि सरकारी योजनाओं का समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है और अधिकारियों को भी यह निर्देश दिया गया है सरकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान डीएम के साथ एडीएम डॉ. बिनोद कुमार तथा डीडीसी अमित कुमार सहित कई अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश, अंचल अधिकारी सादी रऊफ, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार, प्रखंड कृषि समन्वयक पदाधिकारी अमरेन्द्र गुप्ता, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी दीपशिखा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी स्नेहलता कुमारी और प्रखंड समन्वयक स्वच्छता नीरज कुमार गुप्ता सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# खुले में मांस-मछली बेचने पर होगी कार्रवाई : नगर आयुक्त

## दुकान पर लगाना होगा काला कपड़ा या शीशा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** नगर निगम ने शहर में मांस-मछली की दुकानों के संचालन को लेकर एक सख्त और महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। शहर के सभी मांस-मछली विक्रेताओं को अपनी दुकान के सामने काला कपड़ा या शीशा लगाना अनिवार्य होगा। बिना इसके खुले में मांस-मछली बेचना नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। जिस पर नगर निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस बाबत नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि खुले में मांस-मछली बेचना न केवल स्वास्थ्य और स्वच्छता के मानकों के खिलाफ है। बल्कि इससे आम जनता की भावनाएं भी आहत होती है। उन्होंने कहा कि बिना काला कपड़ा लगाए या बिना शीशा लगाए खुले में मांस-मछली बेचने पर नगर



निगम नियम संगत कार्रवाई करेगी। वही नगर निगम इस निर्देश का पालन सुनिश्चित करने के लिए कमर कस रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जल्द ही शहर के सभी संबंधित दुकानदारों को इस संबंध में औपचारिक नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है।

## एक दिन में 73 प्रतिशत भरा आईपीओ, ग्रे मार्केट दिखा रहा 255 का फायदा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी आईपीओ को लेकर डबल खुशखबरी आई है। पहले दिन इस आईपीओ को जहां 73 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। वहीं, ग्रे मार्केट में आईपीओ ने लम्बी छलांग लगाई है। जिसकी वजह से आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी आईपीओ का जीएमपी 250 रुपये के स्तर को पार कर गया है। अभी यह आईपीओ अगले हफ्ते मंगलवार यानी 16 दिसंबर तक खुला रहेगा। बता दें, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल आईपीओ 12 दिसंबर को खुला था। इंवेस्टर्सगेन की रिपोर्ट के अनुसार आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल आईपीओ का जीएमपी आज शनिवार को 255 रुपये है। आज का जीएमपी आईपीओ की 2400 रुपये के पार लिस्टिंग के संकेत दे रहा है। 11 दिसंबर के मुकाबले जीएमपी में 105 रुपये का इजाफा देखने को मिला है। बता दें, आज 13 दिसंबर को आईपीओ ग्रे मार्केट में अपने सबसे मजबूत स्थिति में है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी आईपीओ को ओपनिंग दिन में 73 प्रतिशत सब्सक्राइब किया गया है। रिटेल कैटगरी में आईपीओ को 0.21 गुना, क्यूआईबी कैटगरी में 1.97 गुना और एनआईआई में 0.38 गुना सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। बता दें, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल आईपीओ का साइज 10,602.65 करोड़ रुपये का है। आईपीओ के जरिए कंपनी 4.90 करोड़ शेयर जारी करेगी। यह शेयर मौजूदा निवेशकों की तरफ से बेचा जा रहा है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी आईपीओ का प्राइस बैंड 2061 रुपये से 2165 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी ने 6 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 12,990 करोड़ रुपये का इंवेस्टमेंट करना होगा। यह एक मेनबोर्ड आईपीओ है। इसलिए इसकी लिस्टिंग बीएसई और एनएसई में होगी। इस कंपनी की शुरुआत 1993 में हुई थी।

## 6 दिन में 155 प्रतिशत चढ़ गया यह एसएमई स्टॉक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एसएमई स्टॉक एक्साटो टेक्नोलॉजीज में तूफानी तेजी जारी है। एक्साटो टेक्नोलॉजीज के शेयर शुक्रवार को क्रस्श में 5 पर्सेंट उछलकर 356.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। एक्साटो टेक्नोलॉजीज, शेयर बाजार में नई-नवेली कंपनी है। एक्साटो टेक्नोलॉजीज के शेयर 5 दिसंबर 2025 को बाजार में लिस्ट हुए हैं। 6 ट्रेडिंग सेशन में ही कंपनी के शेयर अपने आईपीओ प्राइस के मुकाबले 155 पर्सेंट उछल गए हैं। आईपीओ में एक्साटो टेक्नोलॉजीज के शेयर का दाम 140 रुपये था। दिग्गज निवेशक विजय केडिया का भी एक्साटो टेक्नोलॉजीज पर दांव है। दिग्गज इनवेस्टर विजय किशनलाल केडिया ने एसएमई कंपनी एक्साटो टेक्नोलॉजीज पर बड़ा दांव लगाया हुआ है। विजय केडिया के पास एक्साटो टेक्नोलॉजीज के 3,50,436 शेयर हैं। कंपनी में केडिया की हिस्सेदारी 3.48 पर्सेंट है। शेयरहोल्डिंग का यह डेटा सितंबर 2025 तिमाही तक का है। एक्साटो टेक्नोलॉजीज में प्रमोटर की हिस्सेदारी 54.73 पर्सेंट है।

# धरा रह गया ट्रंप का टैरिफ, चीन ने मचाया तहलका

### पहले कभी नहीं हुआ ऐसा... भारत के लिए बड़ी सीख

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
चीन का ट्रेड सरप्लस पहली बार 1 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है। यानी चीन का एक्सपोर्ट उसके इम्पोर्ट से 1 ट्रिलियन डॉलर ज्यादा है। इस साल के पहले 11 महीनों के दौरान चीन ने 3.4 ट्रिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया जबकि आयात थोड़ा घटकर 2.3 ट्रिलियन डॉलर रहा। 1990 के दशक की शुरुआत में चीन और भारत की इकॉनमी और प्रति व्यक्ति आय लगभग बराबर थी। लेकिन आज चीन की इकॉनमी का साइज भारत से लगभग चार गुना है जबकि प्रति व्यक्ति आय भी कई गुना बढ़ चुकी है। चीन दो दशक से अधिक समय से दुनिया की फैक्ट्री बना हुआ है। दुनिया के बाजार चीनी माल से पटे हुए हैं। आखिर कैसे हुआ यह चमत्कार?

चीन का चौंका देने वाला 1 ट्रिलियन डॉलर का ट्रेड सरप्लस दशकों की औद्योगिक नीतियों का परिणाम है। इसने चीन को 1970 के दशक में एक निम्न-आय वाले कृषि समाज से आज दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सक्षम बनाया है। चीन ने 1980 के दशक में टी-शर्ट और जूते जैसे कम लागत वाले निर्मित सामानों के एक भरोसेमंद उत्पादक के रूप में खुद को स्थापित किया। तब से यह औद्योगिक सीढ़ी पर चढ़कर इलेक्ट्रिक वाहन और सौर पैनल जैसे उच्च-मूल्य वाले सामानों तक पहुंच गया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारी टैरिफ लगाने के बावजूद चीन से विदेशों में माल की शिपमेंट खूब बढ़ी है। अमेरिका ने इस साल की शुरुआत में ज्यादातर देशों पर भारी रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए थे, ताकि अमेरिका के व्यापार घाटे को कम किया जा सके। लेकिन चीन ने दूसरे बाजारों में




एक्सपोर्ट बढ़ाकर दिखा दिया कि चीन, जिसे शुरुआत में 145 प्रतिशत तक अमेरिकी टैरिफ का सामना करना पड़ा था, लेकिन बाद में व्यापार वार्ता के लिए उन्हें कम कर दिया गया, इस टकराव से काफी हद तक बचा रहा है। उसने अमेरिका के बाहर के बाजारों में अपनी शिपमेंट बढ़ाकर यह साबित कर दिया है कि वह अमेरिका पर निर्भर नहीं है। नवंबर में इसमें फिर तेजी आई। इस दौरान उसका निर्यात एक साल पहले की तुलना में 5.9 प्रतिशत अधिक रहा जबकि आयात में केवल 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### 1 से 80 तक का सफर

चीन ने पिछले कुछ वर्षों में हर क्षेत्र में भारी प्रगति की है और उसके साल 2075 तक दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी बनने का अनुमान है। माना जा रहा है कि चीन की इकॉनमी तब 57 ट्रिलियन डॉलर पहुंच जाएगी जबकि भारत 52.5 ट्रिलियन डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर होगा। अभी दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी अमेरिका 51.5 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर खिसक जाएगा।

# रिकॉर्ड बिक्री: पिछले महीने बिके 4.12 लाख से ज्यादा यात्री वाहन

### जीएसटी कटौती से भी बिक्री को मिली रफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
त्योहारों के बाद भी मजबूत मांग बने रहने से देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री नवंबर, 2025 में सालाना आधार पर 18.7 फीसदी बढ़कर 4,12,405 इकाई के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई। बीते साल नवंबर में कुल 3,47,522 यात्री वाहन बिके थे। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने पिछले महीने कुल 1,70,971 यात्री वाहन बेचे। यह नवंबर, 2024 में बेचे गए 1,41,312 यात्री वाहनों से 21 फीसदी अधिक है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा की थोक बिक्री 46,222 इकाई के मुकाबले 22 फीसदी बढ़कर 56,336 इकाई पहुंच गई। इस दौरान ह्यूंडई मोटर इंडिया ने 50,340 यात्री वाहन बेचे, जो सालाना आधार पर चार फीसदी अधिक है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, त्योहारों के बाद भी मजबूत मांग बने रहने और सरकार के जीएसटी सुधारों के समर्थन से घरेलू मोटर वाहन उद्योग ने नवंबर में बिक्री की रफ्तार को बरकरार रखा। यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों ने नवंबर में अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की। उम्मीद है कि निरंतर सहायक नीतिगत सुधारों और बेहतर बाजार भावनाओं से यह वृद्धि 2026 में भी जारी रहेगी।

दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री भी नवंबर में 21 फीसदी बढ़कर 19,44,475 इकाई के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में 16,04,749 दोपहिया वाहन बिके थे। स्कूटर की बिक्री 5,68,580 इकाई से 29 फीसदी की वृद्धि के साथ?7,35,753 इकाई पहुंच गई। मोटरसाइकिल बिक्री पिछले महीने 17.5 फीसदी बढ़कर 11,63,751 इकाई के स्तर पर पहुंच गई। मोपेड की बिक्री में सालाना आधार पर दो फीसदी की गिरावट रही और कुल 44,971 इकाई बिके।?तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 21 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 71,999 इकाई पहुंच गई।

## नए लेबर कोड्स से महिलाओं के कार्यबल में भागीदारी को मिलेगा बढ़ावा?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नए लेबर कोड्स से देश में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह बात अखिल भारतीय नियोक्ता संगठन और कानून फर्म शार्दुल अमरचंद द्वारा जारी एक श्वेत पत्र में कही गई है। मातृत्व संरक्षण को मजबूत बनाए रखा गया है। इसके अनुसार पात्र महिला कर्मचारियों को 26 सप्ताह का सवेतन मातृत्व अवकाश मिलता रहेगा, जबकि दत्तक और सरोगेसी माताओं के लिए 12 सप्ताह का अवकाश जारी रहेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि



ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंग- हाउ द लेबर कोड्स बूस्ट वीमेंस पार्टिसिपेशन इन इंडियाज वर्कफोर्स शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि नए लेबर कोड्स रोजगार को अधिक सुरक्षित, संरक्षित और सुलभ बनाकर महिलाओं के लिए कार्यस्थल के अवसरों का विस्तार कर सकती हैं।

### श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

श्वेत पत्र के अनुसार, भारत का कानूनी ढांचा सामाजिक बदलाव के साथ विकसित हुआ है, जिसका असर महिला श्रम बल भागीदारी दर में स्पष्ट रूप से दिखता है। वर्ष 2017-18 में यह दर 23.3 प्रतिशत थी, जो बढ़कर 2023-24 में 41.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

### नए लेबर कोड्स का असर सीमित न रहने की संभावना

श्वेत पत्र के अनुसार, नए लेबर कोड्स का एक प्रमुख असर यह हो सकता है कि वे केवल नए अवसर पैदा करने तक सीमित न रहकर, काम को अधिक टिकाऊ और सुरक्षित बनाएं, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सके। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत नर्सिंग ब्रेक, चिकित्सकीय सहायता और गर्भावस्था व प्रसव से जुड़े दस्तावेजों की सरल प्रक्रिया जैसे प्रावधान महिलाओं पर पड़ने वाले आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दबाव को कम करने में मददगार हैं, जो अक्सर उन्हें स्थायी रूप से कार्यबल से बाहर होने के लिए मजबूर कर देते हैं। श्वेत पत्र ने कर्मचारी राज्य बीमा कवरेज के विस्तार की ओर भी ध्यान दिलाया, जिसे अब सभी उद्योगों और जिलों, यहां तक कि प्लांटेशन सेक्टर तक लागू किया गया है, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यरत हैं। इसके अलावा, गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना एक दूरदर्शी कदम बताया गया है।

### महिलाओं के हित में बने कानून

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस प्रगति को महिलाओं के हित में बने कानूनों, जैसे मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 और कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण) अधिनियम, 2013, के साथ-साथ सरकारी पहलों जैसे मिशन शक्ति, नव्या और वाइज-किरण से भी मजबूती मिली है। भारत के रोजगार कानून ढांचे का आधुनिकीकरण करती हैं।

## लार्जकैप पसंदीदा साधन, पांच साल में 22.4 प्रतिशत रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लार्ज कैप म्यूचुअल फंड निवेश का पसंदीदा साधन बनते जा रहे हैं। इस फंड ने पांच वर्षों में 22 फीसदी से ज्यादा फायदा दिया है। कई फंड हाउसों की प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां यानी (एयूएम) भी 50,000 करोड़ के पार हैं। निप्पॉन इंडिया लार्जकैप हाल में इसमें शामिल हुआ है। इससे पहले आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल व एसबीआई का भी एयूएम 50,000 करोड़ के पार हो गया था। यह उपलब्धि इक्विटी फंडों में कम निवेश के बावजूद हासिल हुई है, जिसका मुख्य कारण हालिया बाजार तेजी के बाद मुनाफावसूली और त्योहारी सीजन में तरलता की बढ़ती जरूरतों का प्रभाव है। लार्ज कैप फंड नए व जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए सुरक्षित निवेश विकल्प माने जाते हैं। इसका कारण इन फंडों का निवेश पोर्टफोलियो है। लार्ज कैप फंड मजबूत व्यावसायिक मॉडल वाली व आमतौर पर संबंधित क्षेत्रों में ब्लू चिप कंपनियों में निवेश करते हैं। कुछ वर्षों में लार्ज कैप फंड्स ने शानदार प्रदर्शन किया है। निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप ने 3 और 5 वर्षों में क्रमश: 18.46 प्रतिशत और 22.43 प्रतिशत रिटर्न दिया। इन्वेस्को इंडिया लार्ज कैप ने क्रमश: 16.68 प्रतिशत और 17.67 प्रतिशत का रिटर्न दिया। निप्पॉन लार्ज कैप फंड की सफलता का मुख्य कारण यह है कि यह इंडेक्सिंग के बजाय निवेश के सिद्धांत का पालन करता है, जहां फंड मैनेजर बेंचमार्क इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, बाजार में उतार-चढ़ाव के दौर में लार्ज कैप फंड अपेक्षाकृत सुरक्षित आश्रय प्रदान करते हैं।

### डिमांड में है शेयर

# अडानी की झोली में आई एक और बड़ी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गौतम अडानी समूह की कंपनी-अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) की झोली में एक और कंपनी आई है। दरअसल, अडानी की कंपनी ने पीएफसी कंसल्टिंग से केपीएस 111 ट्रांसमिशन लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि यह अधिग्रहण एईएसएल की अपने शेयरधारकों के लिए विस्तार और अधिग्रहण के माध्यम से मूल्य बढ़ाने की रणनीति को और आगे बढ़ाएगा। हालांकि कंपनी ने डील की राशि का खुलासा नहीं किया। इस परियोजना का उद्देश्य 2.5 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी ट्रांसमिशन को सुविधाजनक बनाना है, जिसमें खावड़ा की



चरण-5 योजना शामिल है। इसे खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क से अतिरिक्त आठ गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा बिजली की निकासी को सक्षम करने के लिए योजनाबद्ध किया गया है।

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में तेजी देखी गई। शुक्रवार को यह शेयर 1.23 प्रतिशत चढ़कर 1011.75 रुपये पर बंद हुआ। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 1050 रुपये है। वहीं, 52 हफ्ते का लो 639.35 रुपये है। एनर्जी सॉल्यूशंस ने 18,000 करोड़ रुपये तक के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। इसमें अलग-अलग परियोजनाओं पर पहले ही खर्च किए जा चुके 6,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। बीते दिनों कंपनी के सीईओ कंदर्प पटेल ने बताया था कि समूचे वर्ष के लिए हम ट्रांसमिशन में करीब 11,400 करोड़ रुपये, वितरण में 1,600 करोड़ रुपये और स्मार्ट मीटरिंग में 4,000 करोड़ रुपये खर्च करेंगे। इस प्रकार स्मार्ट मीटरिंग में हम करीब 2,000 करोड़ रुपये जोड़ेंगे। दूसरी तिमाही में वितरण में करीब 1,100 करोड़ रुपये और ट्रांसमिशन में लगभग 8,000 करोड़ रुपये रखे गए।

# एसबीआई ग्राहकों के लिए बड़ी खुशखबरी 15 दिसंबर से लोन लेना हुआ सस्ता

### इंडियन ओवरसीज बैंक का भी ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश के सबसे बड़े लेंडर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ग्राहकों को बड़ा तोहफा दिया है। एसबीआई ने रिजर्व बैंक की पॉलिसी रेट में कटौती के बाद अपनी लेंडिंग रेट में 25 बेसिस पॉइंट्स की कमी की है, जिससे मौजूदा और नए कर्जदारों के लिए लोन सस्ता हो गया है। इस लेटेस्ट कटौती के साथ एसबीआई का एक्सटर्नल बेंचमार्क लिंक्ड रेट 25 बेसिस पॉइंट्स कम होकर 7.90 प्रतिशत हो जाएगा। संशोधित दरें 15 दिसंबर, 2025 से लागू होंगी।

बैंक ने सभी टेन्योर के लिए मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट में भी 5 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की है। इस संशोधन के साथ, एक साल की मैच्योरिटी वाला एमसीएलआर मौजूदा 8.75 प्रतिशत से घटकर 8.70 प्रतिशत




हो जाएगा। इसी तरह, एक साल की मैच्योरिटी दर क्रमशः 5 प्रतिशत सस्ती होकर 8.75 प्रतिशत और 8.80 प्रतिशत हो जाएगी। बैंक ने कहा कि उसने बेस रेट/ को मौजूदा 10 प्रतिशत से घटाकर 9.90 प्रतिशत कर दिया है, जो 15 दिसंबर से प्रभावी होगा। इसके अलावा, बैंक ने 15 दिसंबर से प्रभावी दो साल से कम तीन साल की मैच्योरिटी के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट दर में भी 5 बेसिस पॉइंट्स की कटौती करके 6.40 प्रतिशत करने का फैसला किया है। हालांकि, बैंक ने दूसरी मैच्योरिटी बकेट पर ब्याज दरें बरकरार रखी हैं। एसबीआई ने 444 दिन की खास स्कीम अमृत वृष्टि की ब्याज दर में भी कटौती की है। अब ब्याज दर 15 दिसंबर से 6.60 प्रतिशत से घटाकर 6.45 प्रतिशत कर दी गई है।

एक और सरकारी बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक ने भी 15 दिसंबर, 2025 से अपनी लेंडिंग रेट में कमी की घोषणा की है। आइओबी ने एक बयान में कहा कि बैंक ने अपने एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट - खासकर रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट को 25 बेसिस पॉइंट्स घटाकर 8.35 प्रतिशत से 8.10 प्रतिशत कर दिया है, जिससे पॉलिसी रेट में कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को मिलेगा। इसके अलावा, बैंक की एसेट लायबिलिटी मैनेजमेंट कमेटी ने तीन महीने से लेकर तीन साल तक की सभी टेन्योर के लिए मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स-बेस्ड लेंडिंग रेट में 5 बेसिस पॉइंट की कमी को मंजूरी दी है। बैंक ने कहा कि इन बदलावों से मौजूदा और नए दोनों तरह के कर्जदारों की इक्वेटेड मंथली इंस्टॉलमेंट कम हो जाएगी।

# अजय देवगन ने खरीद रखा है पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल का शेयर

### 5 बोनस शेयर बांट चुकी है कंपनी, 5375 प्रतिशत की आई तूफानी तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
फिल्म प्रॉडक्शन एंड डिस्ट्रीब्यूशन इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के शेयर शुक्रवार को क्रस्श में 5 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 43.25 रुपये पर बंद हुए हैं। पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के शेयरों ने निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों में मार्च 2019 से लेकर अब तक 5300 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है।



बॉलीवुड के सुपरस्टार अजय देवगन ने भी पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के शेयर खरीद रखे हैं। अजय देवगन का कंपनी पर बड़ा दांव है। पैनोरमा स्टूडियोज अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर का भी तोहफा दे चुकी है। कंपनी ने हाल में 5 फ्री शेयर बांटे हैं।

### अजय देवगन के पास हैं कंपनी के 10 लाख शेयर

बॉलीवुड के सुपरस्टार अजय देवगन के पास पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के 10,00,000 शेयर हैं। कंपनी में अजय देवगन की हिस्सेदारी 1.41 पर्सेंट है। शेयरहोल्डिंग का यह डेटा सितंबर 2025 तिमाही के मुताबिक है। पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 64.96 पर्सेंट है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 35.04 पर्सेंट है। पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के शेयर मार्च 2019 से लेकर अब तक 5375 पर्सेंट चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 22 मार्च 2019 को 0.79 रुपये पर थे। मल्टीबैगर कंपनी के शेयर 12 दिसंबर 2025 को 43.25 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 6 साल में कंपनी के शेयरों में 2459 पर्सेंट की जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। पिछले पांच साल में पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के शेयर 1490 पर्सेंट उछल गए हैं।

# हत्या के तीन दिन पूर्व ही प्राथमिकी हुई दर्ज

## लोगों का हुजूम पहुंचा थाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** मार्डन पब्लिक स्कूल के सामने हुई घटना में आलोक कुमार की मौत को लेकर नगर थाना में दर्ज मामले की तारीख को लेकर बड़ा बखेड़ा खड़ा तब हो गया, जब घटना के सूचक मृतक के बड़े भाई आशुतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग नगर थाना पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने बताया कि घटना नौ दिसंबर की है और नगर थाना में दर्ज एफआइआर में घटना की तिथि छह दिसंबर दर्ज है।



उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इतनी बड़ी चूक का फायदा आरोपितों द्वारा कोर्ट में उठाया जा सकता है।

एफआइआर पर सवाल उठाते हुए कहा कि घटना के दौरान सारी वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह से पिस्टल लहराया गया, बावजूद एफआइआर में आर्म्स एक्ट को दर्ज नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि घटना में शामिल आरोपित राहुल चंद्रवंशी व उनके भाई को पुलिस अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि कहा कि घटना के बाद उनका भाई जिंदा था। समय पर उसे इलाज के लिए नहीं जाने दिया गया।

अगर समय पर इलाज मिल जाता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। बताया कि घटना के बाद उसे भाई ने शरीर में दर्द होने की बात कहा था, लेकिन आरोपित सहित उसके अन्य साथियों के डराए-धमकाए जाने की वजह से निजी अस्पताल में भर्ती नहीं लिया गया। पुलिस की कार्यशैली से प्रतीत होता है कि आरोपितों को बचाने में जुटी है। एसपी को भी सारी बातों से अवगत करा दिया गया है

## युवक के साथ युवती फरार

**बिहारशरीफ।** पबजी खेलने के नाम पर दोस्त से मोबाइल मांगकर एक युवक द्वारा युवती से संपर्क करने और फिर उसे बहला-फुसलाकर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से युवती लापता है, जिससे परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बीते दिन सूर्य मंदिर स्थित एस.यू. कॉलेज में परीक्षा देने के लिए एक युवती आई थी। इसी दौरान एक युवक ने अपने दोस्त से पबजी खेलने के बहाने मोबाइल लिया और उसी मोबाइल से युवती के फोन पर संपर्क किया। बाद में युवक ने युवती को सूर्य मंदिर तालाब के पास बुलाया और वहां से उसे लेकर फरार हो गया। जब युवती देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क किया गया, लेकिन कहीं से कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद युवती के स्वजनों ने हिलसा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए मोबाइल लोकेशन के आधार पर दरोगा कुआं मोहल्ला से एक युवक को उसके घर से हिरासत में लिया है।

# मुख्य न्यायाधीश ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और झालसा के मुख्य संरक्षक तरलोक सिंह चौहान ने शनिवार को दुमका के भागलपुर रोड स्थित कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संताल परगना क्षेत्र में मानव तस्करी एक गंभीर सामाजिक समस्या बनी हुई है।

उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए कहा कि बाल श्रम को रोकना आज भी एक बड़ी चुनौती है। मुख्य न्यायाधीश ने डायन प्रथा को भी समाज के लिए अभिशाप बताते हुए इसके उन्मूलन के लिए जागरूकता और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत न्याय तक सरल, सुलभ और त्वरित पहुंच का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, विधिक सेवा से जुड़े पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

सम्मानित अतिथियों में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश एवं एचसीएलएससी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आनंद सेन तथा न्यायाधीश एवं दुमका न्यायाधीशालय के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं।

इस मौके पर 22575 लाभुकों के बीच तकरीबन 13 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

# एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में झोंगो पाहन ने भारत को दिलाया स्वर्ण




## उपायुक्त ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025, दुबई में खूंटी जिला के प्रतिभाशाली तीरंदाज झोंगो पाहन ने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

टीम इवेंट में झोंगो पाहन ने साथी तीरंदाज भावना के साथ मिलकर रिकर्व यू-21 ओपन मिक्स्ड टीम श्रेणी में फाइनल मुकाबले में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना को 6-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। यह जीत भारत के लिए अत्यंत गर्व का क्षण रहा।

इसके साथ ही व्यक्तिगत स्पर्धा में भी झोंगो पाहन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में उन्होंने मलेशिया के इक्ठ मोहम्मद फौजी को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने चीन के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया और रजत पदक हासिल किया। यह उपलब्धि उनके प्रतिभा, धैर्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को दर्शाती है।

इस अद्वितीय उपलब्धि पर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी आर रॉनिटा ने झोंगो पाहन को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई दी। उन्होंने कहा–झोंगो पाहन ने न केवल जिला बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है। स्वर्ण और रजत पदक जीतना उनके परिश्रम, समर्पण और खेल के प्रति जुनून का परिणाम है। जिला प्रशासन उनकी इस उपलब्धि पर अत्यंत गर्व महसूस करता है और भविष्य में भी उनके निरंतर प्रोत्साहन के लिए तत्पर रहेगा।

उपायुक्त ने यह भी कहा कि झोंगो पाहन की सफलता जिले के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह उपलब्धि खूंटी जिले की खेल प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाती है। जिला प्रशासन, खूंटी की ओर से झोंगो पाहन को स्वर्ण एवं रजत पदक की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पुनः हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ।

## नकली अंग्रेजी शराब फैक्टरी का उद्भेदन

**हाजीपुर।** मध निषेध इकाई पटना एवं जंदाहा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए जंदाहा थाना क्षेत्र के अरनिया गांव से नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का राजफाश करते हुए चार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

मौके से पुलिस ने खाली डब्बा, रॉयल चैलेंज अंग्रेजी शराब का रैपर, एक्साइज सील स्टीकर, एवं स्प्रिट बरामद एवं एक टेंपो एवं दो बाइक,नगद 31 हजार रुपए के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

# आदिवासी नेत्री ने बाल मुंडन कराकर जताया धर्मांतरण का विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सरना धर्म कोड की मांग और बढ़ते धर्मांतरण के विरोध को लेकर आदिवासी समाज ने सड़कों पर एक बड़ा संदेश दिया। राजभवन के सामने आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय सरना समिति की उपाध्यक्ष और चर्चित आदिवासी नेत्री निशा भगत ने अपने बाल मुंडवाकर तीखा विरोध दर्ज कराया। इस ऐतिहासिक विरोध कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने की। धरना स्थल पर बाल मुंडन के बाद मीडिया से बात करते हुए निशा भगत ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि झारखंड में धर्मांतरण तेजी से बढ़ रहा है और सरकार इसे रोकने में पूरी तरह नाकाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी बेटियों का अपमान हो रहा है, चंगाई सभाओं के नाम पर बहला-फुसलाकर धर्मांतरण कराया जाता है और लोगों को पैसे का लालच भी दिया जाता है। निशा भगत ने कहा कि मिशनरी संस्थाएं वर्षों से हावी रही हैं और सरकार सबकुछ जानकर भी चुप्पी साधे हुए है।



निशा भगत ने आरोप लगाया कि राज्य में 28 आदिवासी आरक्षित सीटों के बावजूद 10 धर्मांतरित विधायकों के दबाव में सरकार संचालित हो रही है। उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन की सरकार इन्हीं 10 धर्मांतरित विधायकों के सहारे चल रही है। आदिवासी अस्मिता को बचाने के लिए मैंने यह बलिदान दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार सरना धर्म कोड लागू नहीं करती है, तो आने वाले दिनों में बड़ा उलगुलान होगा और केंद्रीय सरना समिति इससे भी बड़ा कदम उठाने को बाध्य होगी। केंद्रीय सरना समिति की नेत्री एंजिल लकड़ा ने कहा कि किसी महिला के लिए बाल उसका सबसे बड़ा श्रृंगार होता है, लेकिन धर्मांतरण के खिलाफ संघर्ष में निशा भगत ने इसे त्याग कर मिसाल पेश की है। समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि यह संदेश पूरे झारखंड के आदिवासी समाज तक जाएगा और यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन और अधिक प्रचंड रूप लेगा।

# तेज सरकारी वाहन ने तीन लोगों को कुचला

## गंभीर स्थिति में पटना रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीवान।** जिले के पचरुखी थाना क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार सरकारी वाहन ने सड़क पर कहर ढा दिया। जानकारी के अनुसार, सुपौली से गांव की ओर जा रहे दो बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार बोलेरो ने कुचल दिया। हादसे के दौरान बाइक चालक और उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जाता है कि घायल सुपौली निवासी बाबुल कुमार और महाराजगंज थाना क्षेत्र के बोधा छपरा गांव निवासी जीतन कुमार महतो एक्सप्लेंडर बाइक से चौमुखा की ओर जा रहे थे। इसी समय सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने दोनों को टक्कर मार दी और बाइक को घसीटते हुए आगे बढ़ने लगी।

हादसे में सड़क किनारे खड़े एक और किशोर को भी बोलेरो ने कुचल दिया। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उन्हें गंभीर स्थिति में पटना रेफर कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना में शामिल बोलेरो वाहन महराजगंज निवासी श्रम परवर्तन पदाधिकारी समर सकिन का बताया जा रहा है, जो वर्तमान में गोपालगंज में पदस्थापित हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, वाहन को जब्त किया और चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**रांची।** रांची एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान के साथ लैंडिंग के दौरान हादसा हो गया। अधिकारियों के अनुसार, विमान का पिछली हिस्सा (टेल) रनवे से टकरा गया। हालांकि, विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी को चोट नहीं आई है। यह घटना शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे हुई, जब भुवनेश्वर से रांची आ रही इंडिगो की फ्लाइट लैंड कर रही थी। विमान में उस समय करीब 70 यात्री सवार थे।

मामले में रांची एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि लैंडिंग के दौरान विमान का पिछला हिस्सा रनवे से छू गया, जिससे यात्रियों को एक तेज झटका महसूस हुआ। इसके बाद विमान को तुरंत रोक दिया गया। हादसे के बाद जांच में पाया गया कि विमान उड़ान के लिए तकनीकी रूप से सुरक्षित नहीं है। इसके चलते विमान को ग्राउंडेड कर दिया गया और रांची से भुवनेश्वर जाने वाली अगली फ्लाइट रद्द कर दी गई।

एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार, कुछ यात्रियों ने अपनी यात्रा रद्द कर दी, जबकि कुछ ने अपनी टिकट दूसरी फ्लाइट के लिए रीशेड्यूल कराई।

# ऐप से हाजिरी बनाने में फर्जीवाड़े का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में पारदर्शिता बढ़ाने और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया ई-शिक्षा ऐप अब सवालों के घेरे में है। ऐप के जरिये हाजिरी लगाने की व्यवस्था का उद्देश्य भले ही तकनीकी सुधार था, लेकिन जिले के कई शिक्षकों ने इसी तकनीक को हथियार बनाकर हेराफेरी का रास्ता खोज निकाला है। कई विद्यालयों में शिक्षकों की मिलीभगत से ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां हाजिरी तो दर्ज की गई, लेकिन हाजिरी लगाने वाले शिक्षक विद्यालय पहुंचे ही नहीं थे। इससे शिक्षा व्यवस्था की वास्तविकता और डिजिटल सिस्टम की विश्वसनीयता पर गहरे प्रश्न उठ खड़े हुए हैं।

ई-शिक्षा ऐप में हाजिरी के लिए शिक्षकों को सेल्फी अपलोड करनी होती है, लेकिन जांच में पाया गया कि कई विद्यालयों में एक ही फोटो बार-बार अपलोड की जा रही है। कुछ मामलों में शिक्षकों ने पूर्व में ली गई तस्वीरें उपयोग कर उपस्थिति दर्ज कर ली। ऐप में फोटो के टाइम-स्टैम्प और लोकेशन की स्पष्ट अनिवार्यता नहीं होने का फायदा उठाकर शिक्षक घर बैठे ही 'ऑन पेपर' उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं।

किसी विद्यालय में एक शिक्षक की पुरानी सेल्फी लगातार कई दिनों तक हाजिरी के लिए अपलोड होती रही। जांच में स्पष्ट हुआ कि संबंधित शिक्षक उन दिनों स्कूल आए ही नहीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने इस पर आपत्ति जताने के बजाय चुप्पी साधे रखी, जिससे मिलीभगत की आशंका और गहरी हो गई।

एक अन्य विद्यालय में शिक्षक ने हाजिरी ऐप में वही फोटो अपलोड की, जो महीनों पहले ली गई थी। वास्तविक समय की फोटो अपलोड न करने के बावजूद सिस्टम ने उपस्थिति दर्ज कर ली। शिक्षकों के अनुसार, 'नेटवर्क समस्या' बताकर इस तरह की प्रक्रिया सामान्य बना दी गई है।

# बाप व भाई ने ही की थी हत्या



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र के शंकरपुर सिरसिया जंगल के पास से पिछले सात दिसंबर को बरामद अज्ञात युवक के शव की पहचान कर ली गई है। मृतक नितेश कुमार नंदी उर्फ छोटू जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र के कालीपुर गांव का रहने वाला था। उसकी हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके पिता दिलीप नंदी उर्फ यादव व भाई गौतम नंदी ने कर दी थी।

युवक का शव बरामद किए जाने के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुटी थी। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र के कालीपुर गांव से एक युवक गायब है। हालांकि, उसके लापता होने की कोई शिकायत थाना में नहीं की गई है। यह भी पता चला कि युवक की मां काफी रोती है।

लेकिन घरवालों ने चुप्पी साध रखी थी। शंका होने पर पुलिस ने मामले की गहन छानबीन शुरू की तो सारे राज पर से पर्दा उठ गया। छानबीन के क्रम में पता चला कि छोटू को ब्राउन शुगर के नशे की लत थी। नशे की हालत में वह घर में काफी हंगामा करता था। घर वालों के साथ मारपीट करता था। चाकू लेकर उनकी हत्या करने की बात करता था। उन्हें डराता-धमकाता था।

जबरन पैसे की मांग करता था। इस कारण घर वाले काफी परेशान थे। उसकी इस हरकतों से तंग आकर पिता और भाई ने पत्थर से कुचलकर उसकी घर में ही हत्या कर दी। बाद में गांव के कुछ युवकों की मदद से शव को उठाकर एम्स के इलाके में ले गए। वहां एक सुनसान जगह पर कंबल में लपेटकर शव को आग लगा दिया।

शव को जलाने के लिए उन लोगों ने एक पेट्रोल पंप से एक लीटर पेट्रोल भी खरीदा था। शव पर पेट्रोल छिड़ककर उसे आग लगाया गया था। सभी लोगों को लगा शव जल जाएगा और बात दब जाएगी। घर के लोग सामान्य ढंग से रह रहे थे। लेकिन मां बेटे के वियोग में अक्सर रोती थी।

मां की इन्हीं सिसकियों ने बेटे की हत्या के राज पर से पर्दा उठा दिया। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक के पिता व भाई को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ के क्रम में उन लोगों ने अपना गुनाह कबूल करते हुए सारी बात बता दी। इस हत्याकांड के बारे में जानकर एक पल के लिए पुलिस भी सन्न रह गई।

# असामाजिक तत्वों ने स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र में लगायी आग

## वाटर प्यूरीफायर को तोड़ा, उठाकर ले गये चावल की बोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत खरनी पंचायत के साधोबाद गांव में असामाजिक तत्वों ने उतक्रमित मध्य विद्यालय साधोबाद और आंगनबाड़ी केंद्र में आग लगा दी। इस घटना में विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र में रखी किताबें, कॉपियां, रजिस्टर और प्रयोगशाला से संबंधित सामग्री पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग की लपटों से आंगनबाड़ी केंद्र की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई।

शनिवार सुबह जब ग्रामीणों ने विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र से धुआं उठता देखा, तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना बरवाअड्डा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से पूछताछ की। आंगनबाड़ी सेविका मीना देवी ने बताया कि आग लगने से बक्से में रखे



सभी रजिस्टर जल गए हैं। इसके अलावा असामाजिक तत्वों ने केंद्र में लगे वाटर प्यूरीफायर को तोड़ दिया और वहां रखे करीब 50 किलो चावल की चोरी भी कर ली।

विद्यालय के प्रभारी शिक्षक दीपक कुमार ने बताया कि असामाजिक तत्वों ने स्कूल का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद आलमारी तोड़कर उसमें रखी किताबें, रजिस्टर और अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड बाहर निकालकर आग के हवाले कर दिए।

घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाओं से बच्चों की पढ़ाई और आंगनबाड़ी सेवाएं बुरी तरह प्रभावित होंगी। पुलिस ने अज्ञात असामाजिक तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दोषियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

## ओपी प्रभारी को किया सस्पेंड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री के गंभीर मामले में लापरवाही बरतने और आरोपितों को लाभ पहुंचाने के आरोप में ओलीडीह ओपी प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर को निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष कुमार पांडेय ने सिटी एसपी कुमार शिवाशीष की जांच रिपोर्ट के आधार पर की है। निलंबन के साथ ही दीपक कुमार ठाकुर को ओपी प्रभारी पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर शारिक अली को नया ओलीडीह ओपी प्रभारी नियुक्त किया गया है।

एसएसपी को सूचना मिली थी कि ओलीडीह ओपी प्रभारी द्वारा अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त कुछ युवकों को संदेहास्पद स्थिति में पकड़ने के बावजूद बिना किसी कानूनी कार्रवाई के छोड़ दिया गया। इस मामले की जांच का आदेश सिटी एसपी को दिया गया था।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों के परिचालन से दुमका के लोग रहते हैं दहशत में

## कई लोगों की जा चुकी है जानें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** झारखंड की उपराजधानी दुमका के ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि शहर में भी बेलगाम अवैध बालू से लदा ट्रैक्टर लोगों की जान ले रहा है लेकिन हैरत की बात यह कि प्रशासन इससे अंजान है। सिर्फ दर्ज आंकड़ों के मुताबिक अब तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों ने आधा दर्जन लोगों की जान ले ली है।

अब तो हालत यह है कि दुमका के हृदयस्थल टीन बाजार के चौराहे पर भी मतवाले ट्रैक्टर चालक वाहनों को अपनी चपेट में ले रहा है। गुरुवार की सुबह करीब 6.30 बजे शहर के टीन बाजार चौक पर एक तेज रफ्तार अवैध बालू लदा ट्रैक्टर ने बाइक सवार को चपेट में ले लिया।

बाइक सवार मो.राजा घायल हो गया जबकि बाइक चालक मो.प्रिंस को हल्की चोट लगी है। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया जबकि घायल बाइक सवार मो.राजा को इलाज के लिए दुमका के फूलो झानो मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बाइक चालक और सवार दोनों दुमका के लूटपाड़ा के रहने वाले हैं जो अपने किसी दोस्त को लेने बाइक से लखीकुंडी जा रहा थे। इसी बीच हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले गई।



जानकार बताते हैं कि दुमका में कम से कम 100 से अधिक ट्रैक्टर रात भर अवैध बालू की ढुलाई में लगे हैं और अधिक से अधिक ट्रिप लगाने के चक्कर में ट्रैक्टर के चालक बेलगाम होकर वाहन शहर में हांकते हैं।

ऐसे ही एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से राजभवन के निकट दूरभाष विभाग के अभियंता की मौत हो चुकी है। वह सुबह मार्निंग वाक पर निकले थे।

# क्रिकेट जगत में हड़कंप!

## 4 भारतीय खिलाड़ियों पर मैच फिक्सिंग का आरोप, बोर्ड ने किया सस्पेंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक बार फिर ईमानदारी पर सवाल खड़े हो गए हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 के दौरान सामने आए एक गंभीर मामले में असम क्रिकेट एसोसिएशन ने सख्त कदम उठाते हुए चार खिलाड़ियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। भ्रष्टाचार से जुड़े आरोपों के चलते यह कार्रवाई की गई है, जिसने टूर्नामेंट की निष्पक्षता पर गहरी चिंता पैदा कर दी है।

### चार खिलाड़ियों पर गिरी गाज

निलंबन की कार्रवाई जिन खिलाड़ियों पर हुई है, उनमें ईशान अहमद, अमन त्रिपाठी, अमित सिन्हा और अभिषेक ठाकुर शामिल हैं। इन सभी पर आरोप है कि उन्होंने असम टीम से जुड़े खिलाड़ियों को प्रभावित करने और उन्हें गलत दिशा में उकसाने की कोशिश की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए गुवाहाटी क्राइम ब्रांच में इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, 26 नवंबर से 8 दिसंबर के बीच खेले गए मुकाबलों के दौरान इन चारों की संदिग्ध गतिविधियां सामने आई। जैसे ही यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया, असम क्रिकेट एसोसिएशन ने बिना देरी किए अनुशासनात्मक कदम उठाया। बताया जा रहा है कि इस पूरे प्रकरण का खुलासा बीसीसीआई की एंटी करप्शन एंड सिक्योरिटी यूनिट की जांच के बाद हुआ।



### असम क्रिकेट एसोसिएशन का सख्त रुख

असम क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रेस बयान जारी कर साफ कहा है कि ऐसे कृत्य खेल की निष्पक्षता और भरोसे को नुकसान पहुंचाते हैं। हालात को और बिगड़ने से रोकने के लिए चारों खिलाड़ियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान ये खिलाड़ी असम क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत आयोजित किसी भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। फिलहाल मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों पर निर्भर करेगी।

# प्रिटोरिया कैपिटल्स ने द. अफ्रीका के सीनियर स्पिनर को दी कप्तानी

## एसए20 में बिखेरेंगे जलवा



**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर स्पिनर केशव महाराज आगामी एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। महाराज सीमित ओवरों की क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने अब तक 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 38 विकेट दर्ज हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने एसए 20 में 33 मैचों में 7.3 की इकॉनमी रेट से 27 विकेट लिए हैं। एसए20 ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक महाराज खेल के विभिन्न प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक अनुभव रखते हैं। इसके साथ ही संयम, स्पष्टता और दृढ़ संकल्प के साथ टीमों का नेतृत्व करने का उनका शानदार रिकार्ड रहा है।'
विज्ञप्ति में कहा गया है, 'उनकी उपस्थिति से प्रिटोरिया कैपिटल्स की टीम को नए सत्र से पहले आवश्यक संतुलन और दिशा मिलती है।' कैपिटल्स की नजरें एसए20 में अपने पहले खिताब पर टिकी हैं। वह 2023 में फाइनल में सनराइजर्स ईस्टर्न केप से हार गया था।

# गोल्फ में लहराया भारत का परचम

## युवराज संधू ने जीता विश्वा समुद्र ओपन का खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंडीगढ़ के युवा गोल्फर युवराज संधू ने जबरदस्त वापसी करते हुए विश्वा समुद्र ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया। पिछले सप्ताह उपविजेता रहने की निराशा को पीछे छोड़ते हुए संधू ने शुक्रवार को फाइनल राउंड में शानदार छह अंडर 66 का स्कोर खेला और कुल आठ शॉट्स की बड़ी जीत दर्ज की।
चार राउंड में 73-69-66-66 का कार्ड खेलते हुए संधू ने टूर्नामेंट को 14 अंडर 274 के कुल स्कोर के साथ खत्म किया। लगातार दूसरे दिन बोगी-फ्री राउंड




खेलना उनकी जीत की बड़ी वजह रहा। इस जीत के साथ 28 वर्षीय युवराज संधू ने 30 लाख रुपये की विजेता राशि हासिल की और उनकी कुल कमाई बढ़कर 1 करोड़ 61 लाख 67 हजार 100 रुपये हो गई, जिससे उन्होंने क्क्रअढ्ढ रैंकिंग में अजेय बढ़त बना ली। विश्वा समुद्र ओपन का खिताब जीतने के साथ ही संधू ने 2025 ऑर्डर ऑफ मेरिट भी अपने नाम किया और अगले सीजन के लिए ष्ठक्कवर्ल्ड टूर में अपनी जगह पक्की कर ली। यह संधू की इस सीजन की छठी जीत रही, जिसके साथ उन्होंने 2022 में मनु गांदस द्वारा बनाए गए एक सीजन में सबसे ज्यादा खिताब जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इसके अलावा, उन्होंने डीजीसी में सबसे कम विजयी स्कोर (14 अंडर 274) का रिकॉर्ड भी छू लिया, जो पहले 2021 में विराज मदप्पा ने बनाया था। श्रीलंका के एन. थंगराजा ने छह अंडर 282 के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया और 20 लाख रुपये की उपविजेता राशि जीती। वहीं, अक्षय शर्मा (पांच अंडर 283) तीसरे, मनु गांदस (तीन अंडर 285) चौथे और राशिद खान (दो अंडर 286) पांचवें स्थान पर रहे।

## सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप

# अंतिम पंघाल ने जीता स्वर्ण, महिला टीम खिताब हरियाणा के नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार की विश्व चैंपियनशिप विजेता अंतिम पंघाल ने शुक्रवार को हैदराबाद में शुरू हुई 2025 सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में महिला 55 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।



टूर्नामेंट के पहले दिन महिला कुश्ती के सभी 10 भार वर्गों में मुकाबले हुए जहां देश की पहलवानों ने 2026 एशियाई खेलों और अगले ओलंपिक चक्र की तैयारी शुरू की।

### प्रिया मलिक हारीं

रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) का प्रतिनिधित्व कर रही ओलंपियन अंतिम पंघाल अब 55 किलोग्राम भार वर्ग में खेल रही हैं जबकि पहले वह 53 किलोग्राम में खेलती थीं। उनके अलावा मनीषा (57 किलोग्राम) और निशा दहिया (68 किलोग्राम) ने भी अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। प्रिया मलिक को 76 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में हरियाणा की ज्योति बेरवाल से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### मानसी को कांस्य पदक

विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मानसी ने 62 किलोग्राम वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। राजस्थान की अंजली ने 53 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा की रजनीता ने 59 किलोग्राम वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की पुलकित ने 65 किलोग्राम वर्ग में जीत हासिल की, जबकि सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) की दीक्षा ने 72 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

# 'गिल को बाहर करें और संजू को दें मौका'

## तीसरे टी20 से पहले पूर्व भारतीय ने दोहरे मापदंड पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि भारतीय टीम मैनेजमेंट को प्लेइंग इलेवन से शुभमन गिल को बाहर करके उनकी जगह संजू सैमसन को मौका देना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी तब आई है जब भारतीय उप-कप्तान एशिया कप 2025 में वापसी के बाद से खेल के सबसे छोटे फॉर्मेट में लगातार फेल हो रहे हैं।

**गिल को ड्रॉप करने का आ गया है समय-** भारत बनाम साउथ अफ्रीका तीसरे टी20 मुकाबले से पहले कैफ ने गौतम गंभीर के दोहरे मापदंडो पर भी सवाल उठाए और कहा कि संजू सैमसन प्लेइंग इलेवन में जगह पाने के हकदार थे। कैफ ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा कि उप-कप्तान गिल को प्लेइंग इलेवन से बाहर करने का समय आ गया है। गिल ने कई बार आक्रामक खेलने की कोशिश की, लेकिन वो फेल रहे। उन्होंने कहा कि सैमसन एक टॉप-क्वालिटी खिलाड़ी हैं जो ज्यादा मौकों के हकदार हैं। कैफ के मुताबिक गिल




को बाहर करके किसी बेहतर खिलाड़ी को टीम में लाना टीम के हित में होगा।

कैफ ने कहा कि गिल ने सब कुछ ट्राई कर लिया है और मुझे लगता है कि अब उन्हें ब्रेक देने और खुद को साबित कर चुके खिलाड़ियों को आजमाने का समय आ गया है। संजू सैमसन एक टॉप-क्वालिटी खिलाड़ी हैं साथ ही उन्हें पर्याप्त मौके नहीं मिले हैं। दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए क्योंकि पहले भी उप-कप्तानों को टीम से बाहर किया गया है। अगर गिल को आराम देना और किसी और को टीम में लाना टीम के हित में है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026:

# फेडरर की संन्यास के बाद टेनिस कोर्ट पर ऐतिहासिक वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर जनवरी में एक बार फिर ऑस्ट्रेलियन ओपन की धरती पर लौटने जा रहे हैं। टूर्नामेंट आयोजकों ने पुष्टि की है कि फेडरर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के आधिकारिक लॉन्च इवेंट 'बैटल ऑफ द वर्ल्ड नंबर-1ह्य' की अगुवाई करेंगे। यह खास आयोजन टूर्नामेंट की शुरुआत से एक दिन पहले, 18 जनवरी को मेलबर्न पार्क में होगा। यह पहली बार होगा जब ऑस्ट्रेलियन ओपन में औपचारिक ओपनिंग सेरेमनी आयोजित की जाएगी। इस दौरान रॉड लेवर एरिना में फेडरर को खास श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिन्होंने अपने करियर में यहां छह बार नॉर्मन ब्रूक्स ट्रॉफी जीती थी। फेडरर 2022 में संन्यास के बाद पहली बार इस प्रतिष्ठित कोर्ट पर नजर आएंगे।



**सितारों से सजा मुकाबला, अगासी-राफ्टर-हेविट भी होंगे शामिल-** इस खास इवेंट में फेडरर के साथ चार बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आंद्रे अगासी, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी पैट राफ्टर और लेटन हेविट भी हिस्सा लेंगे। यह मुकाबला टेनिस प्रेमियों के लिए यादगार अनुभव बनने वाला है।

**फेडरर की भावुक प्रतिक्रिया-** रोजर फेडरर ने कहा, 'मुझे आज भी याद है जब मैंने ऑस्ट्रेलियन ओपन को 'हैप्पी स्लैम' कहा था। रॉड लेवर एरिना पर बिताए गए पल मेरे लिए बेहद खास रहे हैं। छह बार ट्रॉफी उठाने की खुशी, महान खिलाड़ियों से मुकाबले और ऑस्ट्रेलियाई फैंस का प्यार-सब कुछ अविस्मरणीय है। उन्होंने 2017 और 2018 में लगातार खिताब जीतने को अपने करियर की सबसे यादगार उपलब्धियों में से एक बताया।

# कैमरन ग्रीन को 21 करोड़, तो पृथ्वी शॉ को भी मिला खरीदार, ऑक्शन से पहले बड़ा खेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 का ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी के एतिहाद एरीना में होगा. इस बार ऑक्शन के लिए कुल 359 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है. मगर इसमें भी ज्यादा से ज्यादा सिर्फ 77 खिलाड़ियों को ही खरीदा जा सकेगा. इस दौरान 10 टीमों के बीच स्टार खिलाड़ी खरीदने के लिए जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी. इस मिनी ऑक्शन से पहले पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने



अपने यूट्यूब चैनल पर एक मॉक ऑक्शन करवाया. इन दौरान फैंस ने आईपीएल की सभी 10 टीमों के लिए बोली लगाई, जहां कैमरन ग्रीन सबसे ज्यादा डिमांड में रहे.

### मॉक ऑक्शन में कैमरन ग्रीन पर बरसा पैसा

इस मॉक मॉक ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पर सबसे ज्यादा बोली लगी. चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 21 करोड़ रुपए की रकम देकर अपनी टीम में शामिल किया. वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स भी जोरदार बोली लगा रही थी. दरअसल, इन दोनों ही टीमों को एक स्टार ऑलराउंडर की जरूरत है, ऐसे में मिनी ऑक्शन में भी कैमरन ग्रीन के लिए ऐसी लड़ाई देखने को मिल सकती है. इसके अलावा इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टन भी काफी महंगे रहे. उनको कोलकाता ने 18.5 करोड़ रुपए में खरीदा, जो दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी साबित हुए. वहीं, भारतीय युवा ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर भी कोलकाता की झोली में 17.5 करोड़ रुपए के साथ गिरे.

### पृथ्वी शॉ को भी मिला खरीदार

एक समय भारतीय क्रिकेट का फ्यूचर माने जाने वाले पृथ्वी शॉ को भी इस मॉक ऑक्शन में खरीदार मिला. पिछले साल मेगा ऑक्शन में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था. लेकिन मॉक ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पृथ्वी को 5.25 करोड़ रुपए में खरीदा. जिसका बाद उनकी आईपीएल में वापसी की उम्मीद बढ़ गई है. भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई भी महंगे रहे, हैदराबाद ने उन्हें 10.5 करोड़ रुपए में खरीदा.

# खत्म हुआ इंतजार!

- 14 साल बाद भारत आए लियोनल मेसी, 3 दिन तक चलेगा GOAT इंडिया टूर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल फैंस का एक लंबा इंतजार खत्म हो गया है. अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी 14 साल बाद भारत आ गए हैं. वह 3 दिन तक भारत में रहने वाला है और त्नह्रन्ज्ञ इंडिया टूर 2025' के तहत 4 शहरों में फैंस से मिलेंगे. वह देर रात 1.30 बजे कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे, उनके साथ पूर्व बार्सिलोना साथी लुईस सुवारेज और अर्जेंटीना टीम के साथी रोद्रिगो डे पॉल भी मौजूद रहे. टूर के पहले दिन लियोनल मेसी एक फुटबॉल मैच भी खेलने वाले हैं.

**त्नह्रन्ज्ञ इंडिया टूर 2025 की शुरुआत-** कोलकाता में लियोनल मेसी का जोरदार स्वागत देखने को मिला. हाथों में अर्जेंटीना की जर्सी, झंडे, बैनर और पोस्टर लिए हजारों फैंस सड़कों पर जमा हो गए. इस दौरान 'मेसी-मेसी' के नारे लगाते हुए होटल हयात रीजेंसी के बाहर और लॉबी में फैंस घंटों इंतजार करते रहे. हालांकि सुरक्षा कारणों से मेसी को बैक एंट्रेंस से होटल में ले जाया गया, जिससे बाहर खड़े कई फैंस उनकी एक झलक नहीं पा सके.




# श्रीलंका के सामने नहीं टिकी नेपाल, 8 विकेट से हारी

## अंडर-19 एशिया कप

**दुबई, एजेंसी।** अंडर-19 एशिया कप में नेपाल क्रिकेट टीम को श्रीलंका के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा है। श्रीलंका ने लो स्कोरिंग रहे इस मैच में एकतरफा जीत दर्ज की। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। सेठमिका सेनेविरत्ने की घातक गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने नेपाल को महज 28.5 ओवर में 82 रन पर समेट दिया। किब्रिन श्रेष्ठ 18 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

9 बल्लेबाज दो अंकों में नहीं पहुंच सके। नेपाल का स्कोर और भी कम होता, अगर श्रीलंका की तरफ से अतिरिक्त के रूप में 19 रन खर्च नहीं किए गए होते। सेठमिका सेनेविरत्ने नेपाल के लिए बेहद घातक साबित हुए। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 9.5 ओवर में 25 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्हें विकेट मिलता देख श्रीलंकाई कप्तान ने उनके ओवर नहीं रोके। नेपाल की पारी के कुल 28.5 ओवर में 9.5 ओवर सेनेविरत्ने ने फेंके। रसिथ निमारा, विग्नेश्वरन आकाश, दुलनिथ सिगेरा और चमिका हिनाटिगाला ने 1-1 विकेट लिए। 83 रन का लक्ष्य श्रीलंका के लिए किसी भी तरह से मुश्किल नहीं था और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से इसे साबित भी किया। श्रीलंका ने मात्र 14.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज दिमंथा महाविथान ने 49 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 1 छक्का और 3 चौके निकले। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे कविजा गामेज 29 गेंद पर 24 रन बनाकर नाबाद रहे। गामेज ने भी 1 छक्का और 3 चौके लगाए।

विरान चामुदिथा 10, और किथमा 2 के रूप में श्रीलंका को 2 झटके लगे। नेपाल के लिए दयानंद मंडल ने 1 विकेट लिया। एक विकेट रन आउट के रूप में गिरा।

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में 50 साल से बिना कागज चल रहा नामी प्राइवेट स्कूल, हाईकोर्ट में स्वीकारा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के एक नामी प्राइवेट स्कूल ने हाईकोर्ट में यह स्वीकार किया कि जिस जमीन पर स्कूल संचालित है उसका मालिकाना हक उसके पास नहीं है। स्कूल की तरफ से दायर हलफनामे में कहा गया है कि उनके पास भूमि आवंटन पत्र या लीज डीड नहीं है। यह स्कूल बीते 50 साल से संचालित है। जस्टिस ज्योति सिंह की बेंच के समक्ष प्राइवेट स्कूल की प्रिंसिपल ने बताया कि यह स्कूल वर्ष 1975 से संचालित है। इस दौरान जमीन के आवंटन और लीज डीड को लेकर प्रिंसिपल गोलमोल जवाब देते रहे। बाद में उन्होंने माना कि दस्तावेज नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने निचली अदालत में लंबित कई मामलों का हवाला देते हुए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) पर यह जिम्मेदारी डाली है कि उन्हें संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, जबकि डीडीए पूर्व में ही बेंच के समक्ष कह चुका है कि उसके पास इस जमीन को लेकर कोई जानकारी नहीं है। बेंच ने डीडीए के जवाब को देखते हुए ही उसे इस मामले में पक्षकार बनाया है। बेंच ने डीडीए को कहा है कि स्कूल की जमीन को लेकर अपना पक्ष पेश करे। हाईकोर्ट में स्कूल का पक्ष सामने आने के बाद यहां पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावक चिंतित हैं। छात्रों की तरफ से उनके परिजनों ने बेंच के समक्ष कहा कि स्कूल को लेकर उठ रहे सवालों से वह अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हो गए हैं। यदि अधिकृत रूप से स्कूल चलाने की अनुमति नहीं है, तो उनके बच्चों का भविष्य अधर में लटक सकता है। बेंच ने अभिभावकों की चिंता के मद्देनजर उन्हें आश्वस्त किया कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। यह मामला तब काफी गर्म हो गया था जब गत वर्ष स्कूल ने एक दर्जन से ज्यादा छात्रों को स्कूल से निकाल दिया था। इसके पीछे स्कूल द्वारा बढ़ाई गई फीस जमा न करने को बताया गया था। बेंच ने उस समय छात्रों के परिजनों को निर्देश दिया था कि वह 60 फीसदी फीस जमा करा दें। बाकी तथ्यों पर मामले की सुनवाई के दौरान विचार किया जाएगा।

## अमेरिकी नागरिकों से 70 करोड़ ठगने वाले दबोचे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीबीआई ने नोएडा में लगभग 70 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़ छह लोगों को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला है कि आरोपी अमेरिका के लोगों को सरकारी अधिकारी बनकर ठग रहे थे। यह पूरी कार्रवाई एफबीआई (अमेरिका) से मिली जानकारी के आधार पर शुरू हुई। सीबीआई ने दिल्ली, नोएडा और कोलकाता में छापेमारी की। सीबीआई ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम सिंह, डाल्टनलिआन उर्फ माइकल, जॉर्ज टी. ज़ामलियानलाल उर्फ माइल्स, एल. सीमिनलेन हाओकिप उर्फ रॉनी, मांगखोलुन उर्फ मैक्सी और रॉबर्ट थांगखानखुआल उर्फ डेविड उर्फ मुनरोइन के रूप में की है। सीबीआई की जांच में पता चला है कि यह गिरोह 2022 से अमेरिकी नागरिकों को कॉल कर रहा था। कॉल करने वाले खुद को डीईए, एफबीआई या सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन का अधिकारी बताते थे। वे लोगों को डराते थे कि उनका सोशल सिक्योरिटी नंबर (एसएसएन) ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग में इस्तेमाल हुआ है और जल्द ही उनके बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिए जाएंगे। इस तरीके से आरोपियों ने तीन साल में 8.5 मिलियन डॉलर यानी लगभग 70 करोड़ रुपये की ठगी की। सीबीआई ने इस मामले में नौ दिसंबर 2025 को केस दर्ज किया और जांच शुरू की। अगले ही दिन टीमों ने नोएडा में अवैध कॉल सेंटर पर छापा मारा। जहां आरोपी उसी समय अमेरिकी नागरिकों को कॉल कर रहे थे। सीबीआई ने मौके पर ही छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और कॉल सेंटर को बंद करा दिया। नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर खोलकर अमेरिका समेत अन्य विदेशी नागरिकों के साथ ठगी करने का सिलसिला लंबे समय से चला आ रहा है। बीते 5 सालों में नोएडा से संचालित होने वाले ऐसे सात कॉल सेंटर का पर्दाफाश हो चुका है। आरोपी क्रिप्टो करेंसी और गिफ्ट कार्ड के जरिए विदेशों से रुपये भारत में मांगते हैं। हवाला के जरिए विभिन्न देशों से होते हुए रकम भारत तक आती है। छापेमारी में सीबीआई को काफी सबूत मिले। जांच के दौरान टीम ने 1.88 करोड़ रुपये, 34 इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (लैपटॉप, मोबाइल फोन, हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव आदि) और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए।

# अखिलेश का 'खेल' फेल करने की तैयारी

● यूपी में नए बीजेपी अध्यक्ष से होगी 2024 की भरपाई?



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दो साल के इंतजार के बाद उत्तर प्रदेश को जल्द ही नया बीजेपी अध्यक्ष मिलने वाला है। रविवार को नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा की संभावना है। इस बीच बड़े नेताओं के लखनऊ पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बड़े कार्यक्रम और धूमधाम के साथ नए अध्यक्ष का ऐलान हो सकता है। हालांकि यूपी बीजेपी की कमान किसे मिलने वाली है इसपर सस्पेंस अभी खत्म नहीं हुआ है। जमीनी रिपोर्ट्स की मानें तो बीजेपी इस बार सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को साधते हुए ऐसे नेता को पार्टी की कमान दे सकती है जो कि अखिलेश यादव के पीडीए फार्मुले का तोड़ बन जाए। ऐसे में संभावना किसी ओबीसी नेता को यह बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

सूत्रों की मानें तो ओबीसी और ब्राह्मण समुदाय के नेता इस रेस में हैं। बताया जा रहा है कि ओबीसी समाज से आने वाले केंद्यीर राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नामांकन का पूरा प्लान है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री धर्मपाल लोधी और बीएल वर्मा के नाम पर भी चर्चा की गई है। कयास बहुत लगाए जाते हैं पर बीजेपी ऐसी पार्टी है जो कि हर फैसले में लोगों को चौंका देती है। ऐसे में यूपी में बीजेपी की दशा और दिशा तय करने की अहम जिम्मेदारी किसे दी जाएगी इसपर स्पष्टता से कुछ नहीं कहा जा सकता।

2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने कुर्मी चेहरों को ज्यादा तवज्जो दी थी। इस वजह से बीजेपी को कुर्मी वोटों को नुकसान उठाना पड़ा था। 2022 तक यह वोट बीजेपी के ही साथ था। बीजेपी चाहती है कि यह वोटबैंक फिर से पार्टी के साथ आ जाए। पूर्वांचल के करीब 20 जिलों में कुर्मी वोटों को खूब दबदबा है। इनकी आबादी करीब 9 फीसदी बताई जाती है। यादवों के बाद सबसे ज्यादा कुर्मियों की आबादी है। इसके अलावा बीजेपी अपना दल के दबाव को भी कम करना चाहती है।

बीजेपी चाहती है कि वह संदेश दे कि वह सभी वर्गों का खयाल रखती है। इस रेस में धर्मपाल लोधी का नाम भी आगे है। कल्याण सिंह के बाद उत्तर प्रदेश में लोधी समाज से कोई बड़ा चेहरा आगे नहीं आया। जबकि यह समाज बीजेपी के साथ ही खड़ा है। पश्चिम और मध्य यूपी में लोधी समाज का अच्छा दखल है। ऐसे में इसमें भी अश्चर्य नहीं होगा कि बीजेपी को लोध समाज से नया अध्यक्ष मिल जाए। बात निषाद समाज की हो तो बीजेपी की पकड़ इस समाज पर कमजोर है। इस वजह से बीजेपी को गठबंधन का सहारा लेना पड़ता है। इसमें आश्चर्च नहीं होगा अगर बीजेपी इस समाज से अपना अध्यक्ष चुनती है। बिहार चुनाव में निरंजन ज्योति को बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी।

## कर्ज का बोझ, पहले भी काट ली थी हाथ की नस... कालकाजी में पूरे परिवार ने क्यों किया सुसाइड?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कालकाजी इलाके में हुई सामूहिक आत्महत्या ने पूरे मोहल्ले को दहला दिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि कपूर परिवार लंबे समय से गंभीर मानसिक, आर्थिक और सामाजिक तनाव से गुजर रहा था। परिवार के दोनों बेटों अशीष और चैतन्य कपूर ने दो माह पहले भी आत्महत्या की कोशिश की थी। दोनों ने चाकू से अपने हाथों की नसें काट ली थीं। उस समय परिजन समय रहते अशीष को घायल हालत में पकड़कर अस्पताल ले गए थे, जहां उसकी जान बच गई। पुलिस इस मामले की जांच कर ही रही थी कि इससे पहले शुक्रवार को परिवार के तीनों सदस्यों ने एक साथ जिंदगी खत्म कर ली। पुलिस के अनुसार कपूर परिवार दिसंबर 2023 में कालकाजी के जी-70बी स्थित तीसरी मंजिल के फ्लैट में किराए पर रहने आया था। शुरुआत में उन्होंने सिक्योरिटी डिपॉजिट और कुछ महीनों का किराया दिया, लेकिन इसके बाद भुगतान बंद कर दिया। मकान मालिक द्वारा बार-बार कहने पर भी उन्होंने घर खाली नहीं किया। मामला कोर्ट पहुंचा और फैसला मकान मालिक के पक्ष में आया। शुक्रवार को कोर्ट का नोटिस लेकर मकान मालिक और पुलिस परिवार के पास पहुंचे थे। उसी दिन परिवार ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। जांच में पता चला कि घर के मुखिया अशीष और चैतन्य के पिता प्रॉपर्टी डीलिंग के काम में नुकसान के बाद कई लोगों से लोन लेकर फंस गए थे।

# दिल्ली पुलिस की महिला कांस्टेबल बनी देवदूत!

## स्टेशन पर ही कराई बच्चे की डिलीवरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पहाड़गंज पुलिस चौकी बुधवार को कुछ ऐसा हुआ, जो चर्चा का विषय बन गया। एक महिला कांस्टेबल की सूझबूझ और आसपास की महिलाओं की मदद से स्टेशन पर ही एक स्वस्थ बच्चे का जन्म हुआ। दरअसल महिला कांस्टेबल अमित कुमारी अपनी सामान्य ड्यूटी पर थीं। तभी उनके स॥ह का फोन आया। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक महिला को तेज पेट दर्द हो रहा है। अमित कुमारी को तुरंत वहां पहुंचने को कहा गया। स्टेशन पर पहुंचते ही अमित कुमारी को स्थिति का अंदाजा हुआ। बिहार के छपरा से आई एक गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा से कराह रही थी। वह अपने पति के साथ हरियाणा के बल्लभगढ़ से दिल्ली इलाज कराने आई थी। पति अस्पताल के कागजात और जरूरी सामान लेने गए थे। इसी बीच महिला की हालत बिगड़ गई। स्टेशन पर मौजूद महिलाओं ने पीसीआर कॉल किया और मदद मांगी। अमित कुमारी ने तुरंत आसपास की महिला यात्रियों और [illegible] की महिला कर्मियों की मदद ली। सभी ने मिलकर गर्भवती महिला को गेट नंबर 2 के पास वेटिंग हॉल में ले जाया। एम्बुलेंस आने का इंतजार करने का समय नहीं था। कांस्टेबल अमित कुमारी ने बताया कि कुछ बुजुर्ग महिला यात्रियों ने पुराने समय की घरेलू डिलीवरी का अनुभव साझा किया।

सभी ने हिम्मत दिखाई और महिला को हौसला देते हुए डिलीवरी कराई। डरी हुई महिला को सबने शांत रहने की सलाह दी।

थोड़ी देर बाद महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। पुलिस टीम ने मां, नवजात शिशु और लौटे पति को तुरंत लेडी हार्डिंग अस्पताल पहुंचाया। डीसीपी (सेंट्रल) निधिन वल्सन ने पुष्टि की कि दोनों की हालत ठीक है।

# ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू

● शुक्रवार शाम 4 बजे 349 रिकॉर्ड किया गया था

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में छाई जहरीली धुंध के चलते आज एक बार फिर से वायु गुणवत्ता गंभीर स्थिति में पहुंच गई है। इसे देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा तुरंत प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 के प्रतिबंध दोबारा से लागू कर दिए गए हैं। बता दें कि, जब दिल्ली में एक्यूआई लेवल जब 401-450 के बीच गंभीर श्रेणी में पहुंचता जाता है तो ग्रैप-3 प्रतिबंध लगाए जाते हैं।

सीएक्यूएम की ओर से शनिवार को बताया गया कि? दिल्ली का एक्यूआई, जो शुक्रवार शाम 4 बजे 349 रिकॉर्ड किया गया था, रात में इसमें तेजी से बढ़ोतरी देखी गई और शनिवार सुबह 10 बजे यह 401 रिकॉर्ड किया गया। इसका कारण हवा की धीमी रफ्तार, स्थिर वातावरण, खराब मौसम के पैरामीटर और मौसम की स्थिति और प्रदूषण फैलाने वाले पॉल्यूटेंट का फैलाव न होना है। सीएक्यूएम ने कहा कि वायु गुणवत्ता के वर्तमान ट्रेंड को देखते हुए और इलाके में हवा की क्वालिटी को और खराब होने से रोकने की कोशिश में सीएक्यूएम की ग्रैप सब-कमेटी ने आज पूरे एनसीआर में तुरंत प्रभाव से ग्रैप-3 सभी प्रतिबंध लागू करने का फैसला किया है। यह प्रतिबंध एनसीआर में पहले से लागू ग्रैप-1 और 2 के तहत लागू प्रतिबंधों के अलावा होंगे। इसके अलावा, एनसीआर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड और दूसरी संबंधित एजेंसियों से कहा गया है कि वे इस क्षेत्र में हवा की क्वालिटी को और खराब होने से रोकने के लिए बचाव के उपायों को तेज करें। दिल्ली में शनिवार सुबह धुंध की मोटी चादर छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक 397 के साथ गंभीर श्रेणी के करीब पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में कुल निगरानी स्टेशन में से 21 में एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार एक्यूआई वजीरपुर में सबसे अधिक 445, विवेक विहार में 444, जहांगीरपुरी में 442, आनंद विहार में 439 और अशोक विहार व रोहिणी दोनों जगह 437 दर्ज किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक एक्यूआई नरेला में 432, पटपड़गंज में 431, मुंडका में 430 और बवाना, आईटीओ एवं नेहरू नगर में 429 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, चांदनी चौक और पंजाबी बाग में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 423 दर्ज किया गया, जबकि सिरी फोर्ट और सोनिया विहार में यह 424 रहा।



## दिल्ली में क्रिसमस-न्यू ईयर की पार्टी में अब नहीं फूटेंगे पटाखे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2025 खत्म होने को है। राजधानी दिल्ली नए साल का जश्न मनाने को तैयार है। क्रिसमस की रौनक और न्यू ईयर की धूम के लिए दिल्ली के क्लब, रेस्टोरेंट और बार पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन इस बार पार्टी में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। अब इन जगहों पर पटाखे फोड़ने की सख्त मनाही है। गोवा के नाइट क्लब में हुए खौफनाक हादसे के बाद ये फैसला लिया गया। हाल ही में गोवा के एक नाइटक्लब में लगी भीषण आग ने सबको हिला कर रख दिया। इस हादसे में कम से कम 25 लोगों की जान चली गई। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के आबकारी विभाग ने फैसला लिया है कि पार्टी की मस्ती में सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। 10 दिसंबर को जारी आदेश में विभाग ने सभी होटल, क्लब और रेस्टोरेंट लाइसेंस धारकों को चेतावनी दी है। फायर एनओसी हमेशा वैलिड रखें। फायर सेफ्टी सिस्टम पूरी तरह चालू हालत में हों। इसके अलावा परिसर में किसी भी तरह के पटाखे चाहे पारंपरिक हों या इलेक्ट्रिक पूरी तरह बैन हैं। अगर कोई गलती हुई तो दिल्ली एक्साइज एक्ट 2009 और नियम 2010 के तहत सख्त कार्रवाई होगी। लाइसेंस सस्पेंड या कैंसल तक हो सकता है। शहर में करीब 950 रेस्टोरेंट, बार और क्लब आबकारी विभाग के साथ रजिस्टर्ड हैं। खास बात ये कि 90 वर्ग मीटर या उससे ज्यादा एरिया वाले सभी प्रतिष्ठानों को अपना फायर एनओसी समय पर रिन्यू कराना अनिवार्य है। कोई बहाना नहीं चलेगा।

# बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी पर हमला, सिर में गोली फंसी

● यूनुस बोले- चुनावी माहौल में ऐसी हिंसा अस्वीकार्य ● नवंबर में हादी को मौत की धमकियां मिली थी

**ढाका, एजेंसी।**
बांग्लादेश में चुनाव होने में 2 महीने ही बचे है, इसी बीच ढाका में शुक्रवार दोपहर को दक्षिणपंथी युवा नेता को गोली मार दी गई। यह हमला ढाका के बिजॉयनगर में बॉक्स कल्वर्ट रोड पर करीब 2:25 बजे हुआ। शेख हसीना की विरोधी इस्लामी संगठन 'इंकलाब मंच' के प्रवक्ता और आगामी चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवार शरीफ उस्मान हादी हमले के समय चुनाव प्रचार कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार तीन हमलावर मोटरसाइकिल पर आए, गोली चलाकर तुरंत फरार हो गए। हादी को तुरंत ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि गोली उनके सिर में फंसी हुई है और हालत बेहद नाजुक है। उन्हें लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमले से कुछ घंटे पहले उस्मान हादी ने ग्रेटर बांग्लादेश का एक मैप शेयर किया था, इसमें भारतीय इलाके (7 सिस्टर्स) शामिल थे। इस पोस्ट के बाद, अज्ञात बंदूकधारी ने उन्हें गोली मार दी। इस घटना पर बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने गहरी चिंता जताई है। यूनुस ने चुनावी माहौल में इस तरह की हिंसा पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि यह देश के शांत राजनीतिक वातावरण के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। यूनुस ने सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द हमलावरों की पहचान कर कड़ी सजा दी जाए।

शरीफ उस्मान हादी एक प्रमुख बांग्लादेशी राजनीतिक कार्यकर्ता, लेखक और दक्षिणपंथी इस्लामी संगठन 'इंकलाब मंच' के प्रवक्ता हैं। नवंबर 2025 में उन्हें फेसबुक पर 30 विदेशी नंबरों से मौत की धमकियां मिली थी। वे जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र-नेतृत्व वाले बड़े आंदोलन के बाद उभरे एक प्रभावशाली युवा नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। हादी बांग्लादेश की सांस्कृतिक और राजनीतिक क्षेत्रों पर कई किताबें लिख चुके हैं, जो जुलाई प्रदर्शनों से पहले देश की सांस्कृतिक चुनौतियों पर केंद्रित हैं।

दिसंबर 2024 में उन्होंने अवामी लीग पर छात्रों की हत्याओं का आरोप लगाया। इसके अलावा, इस्लामिक क्राइम्स ट्रिब्यूनल के शेख हसीना को मौत की सजा देने पर हादी ने इसे एक मिसाल बताया। हादी आगामी संसदीय चुनावों में ढाका-8 निर्वाचन क्षेत्र (मोटीझील, शाहबाग, रामना, पलटन और शाहजहांपुर) से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके थे।



### इंकलाब मंच ने शेख हसीना की सरकार गिराई थी

इंकलाब मंच अगस्त 2024 के छात्र आंदोलन के बाद एक संगठन के रूप में उभरा। इसने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग की सरकार गिरा दिया था। यह संगठन अवामी लीग को आतंकवादी करार देते हुए पूरी तरह खत्म करने और नौजवानों की सुरक्षा की मांग को लेकर सक्रिय रहा। यह संगठन राष्ट्रीय स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा पर जोर देता है। मई 2025 में अवामी लीग को भंग करने और चुनावों में अयोग्य ठहराने में इस संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चुनाव आयोग ने एक दिन पहले ही 13वें संसदीय चुनाव की तारीख का ऐलान किया था। ऐसे में यह हमला राजनीतिक हिंसा की आशंका बढ़ा रहा। बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होंगे। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरउद्दीन ने गुरुवार शाम इसका ऐलान किया।

## हाफिज सईद के करीबी आतंकी ने भारत के खिलाफ उगला जहर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवादी संगठनों की पनाहगाह माना जाता है। इसी बीच एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी और हाफिज़ सईद का करीबी अब्दुल रऊफ भारत के खिलाफ भड़काऊ बयान देता दिख रहा है। वीडियो में रऊफ भारत में आतंकवाद बढ़ाने, कश्मीर में हिंसा फैलाने और परमाणु बम की धमकी देते हुए नजर आ रहा है। उसने भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया है—जो पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर की गई भारत की जवाबी कार्रवाई थी। वीडियो को एक अकाउंट ने शेयर किया है। इसमें अब्दुल रऊफ कहता दिख रहा है, लोग कहते हैं कश्मीर की लड़ाई खत्म हो गई है लेकिन ऐसा नहीं है। लड़ाई जारी है। एक दिन पूरी दुनिया में इस्लाम आएगा। अब्दुल रहमान मक्की (लश्कर-ए-तैयबा के सह-संस्थापक) कहा करते थे कि हम दिल्ली को दुल्हन बनाएंगे, ये होकर रहेगा। हम गजवा-ए-हिंद में सफल होंगे। रऊफ दावा करता है कि भारत की स्थिति पिछले कुछ महीनों में बदल गई है और पाकिस्तान की च्कौम जीतती हुई हैज्ज—ऐसा कहकर वह युवाओं को भड़काने की कोशिश करता दिखता है। वीडियो में आतंकी अब्दुल रऊफ आगे कहता है, च्अगले 50 साल तक हिंदुस्तान की जुर्रत नहीं है कि हम पर आंख उठाकर देखे। इतना मारा इतना मारा कि उनकी नस्लें याद रखेंगी। ये राफेल कुछ नहीं, एस-400 कुछ

## अदालत में मौजूदगी पड़ी भारी: पाकिस्तान ने नॉर्वे का राजदूत किया तलब

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान ने मानवाधिकार मामले की अदालती कार्यवाही में ''अनुचित उपस्थिति को लेकर नॉर्वे के राजदूत को तलब कर 'डेमार्श जारी किया है। 'डेमार्श एक औपचारिक राजनयिक नोटिस होता है, जिसके माध्यम से किसी देश की सरकार दूसरे देश की सरकार को अपने रुख, विचार, या विरोध से अवगत कराती है। नॉर्वे के राजदूत को डेमार्श जारी किए जाने के बाद पाकिस्तान और नॉर्डिक देशों के बीच कूटनीतिक रिश्ते अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान ने इस कदम को अपनी न्यायिक और आंतरिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करार देते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

नॉर्वे के राजदूत पर अल्बर्ट इलसास ने बृहस्पतिवार को मानवाधिकार कार्यकर्ता इमान ज़ैनब मज़ारी-हाज़िर और उनके पति हादी अली चाठा की विवादित सोशल मीडिया पोस्ट से संबंधित मामले में उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही में हिस्सा लिया था। अदालत में उनकी मौजूदगी को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि नॉर्वे के राजदूत को इस्लामाबाद में अदालती कार्यवाही में उनकी ''अनुचित उपस्थिति के संबंध में आज विदेश मंत्रालय में यूरोप मामलों के अतिरिक्त विदेश सचिव ने तलब किया।

उन्होंने कहा कि राजदूत का अदालती कार्यवाही में उपस्थित होना राजनयिक प्रोटोकॉल और संबंधित अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। अंद्राबी ने कहा, ''यह देखते हुए कि उनकी हरकत देश के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी के समान हैं, राजदूत से आग्रह किया गया कि वह राजनयिक व्यवहार के स्थापित मानकों का पालन करें, जैसा कि वियना कन्वेंशन के संबंधित अनुच्छेदों में वर्णित है। इमान और उनके पति के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक अपराध निवारण अधिनियम, 2016 के तहत मुकदमा जारी है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय का रुख किया है और अंतरिम राहत देने से इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के इनकार के खिलाफ अपनी अपील पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर 16 दिसंबर को

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनसामान्य एवं समाज के कमजोर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण नेत्र सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोटरी क्लब चास द्वारा 16 दिसंबर को रोटरी भवन, चीरा चास में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में योग्य नेत्र विशेषज्ञों की टीम द्वारा मोतियाबिंद की जांच, परामर्श तथा आवश्यकता अनुसार निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर में आने वाले सभी मरीजों की जाँच की जाएगी। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को उसी दिन चंदनक्यारी स्थित ममता मूर्ति नेत्रालय में आने-जाने की व्यवस्था, दवाइयाँ तथा आवश्यक परीक्षण पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध करायी जाएंगी। कार्यक्रम के संयोजक मुकेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों को नेत्र रोगों से राहत प्रदान करना तथा अंधत्व रोकथाम के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 1818 वादों का हुआ निष्पादन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्याय सदन में किया गया। राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की राष्ट्रीय लोक अदालत का आभासी उद्घाटन मुख्य न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय कार्यकारी अध्यक्ष झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण एवं झालसा के सदस्यगण उपस्थित रहे । राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकिंग चेक बाउंस, बिजली, पारिवारिकि, दीवानी, श्रम, उत्पाद, वन विभाग, मोटरयान के अलावा सभी आपराधिक सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर उसके निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय बोकारो में सात (07) एवं अनुमंडल न्यायालय तेनुघाट में तीन (03) बेंचो का गठन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल - 1820 वादों को निष्पादन हेतु रखा गया जिसमें से कुल-1818 वादों का निष्पादन हुआ जिसमें कुल समझौता राशि- 6,90,51,762 (छः करोड़ नब्बे लाख इक्कावन हजार सात सौ बासठ रुपए) हुई। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के सचिव अनुज कुमार ने दी।

### स्कूल के पास तम्बाकू बेचने वाले दुकानों का काटा गया चालान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं सेक्टर 12 थाना प्रभारी के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया गया, जिसमें जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के सोनाटांड हाई स्कूल, सतनपुर +2 स्कूल एवं रणविजय कालेज के पास, कुल 43 दुकानों की जांच की गई। जिसमें 10 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुए पाया गया, जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 3050 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2021 का धारा-6बी कहता है कि शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल एवं सरकारी कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को 1000 रुपए तक का जुमार्ना। सभी दुकानदार से अनुरोध है कि स्कूल के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करें अन्यथा कोटपा 2003 की धारा 6बी के तहत कार्रवाई की जायेगी साथ ही स्कूल के आस पास कितनी तम्बाकू की दुकानों का चालान थाना द्वारा किया गया है इसकी समीक्षा अपराध बैठक में अवश्य की जायेगी।

### दिसम्बर माह का सर्वजन पेंशन का हुआ भुगतान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में राज्य संचालित सर्वजन पेंशन योजनाओं के अंतर्गत माह दिसम्बर 2025 की पेंशन राशि का भुगतान सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस संबंध में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा श्री पीयूष ने शनिवार को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशानुसार जिले के कुल 2,02,543 लाभुकों को विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत राशि का भुगतान उनके बैंक खातों में कर दिया गया है। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना (50 वर्ष से अधिक आयु) के अंतर्गत 1,52,933, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना के अंतर्गत 151, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत 29,509, मुख्यमंत्री राज्य एचआइवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना के अंतर्गत 545, स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 19,402 तथा मुख्यमंत्री राज्य ट्रांसजेंडर / तृतीया लिंग पेंशन योजना के अंतर्गत 03 लाभुकों को पेंशन राशि प्रदान की गई। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा ने बताया कि यह सुनिश्चित किया गया कि सभी पात्र लाभुकों को समय पर लाभ प्राप्त हो। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद, वृद्ध, महिला, दिव्यांग एवं वंचित वर्गों को आर्थिक संबल प्रदान करना है।

### झारखंड ई- शिक्षा महोत्सव 2025 के आईसीटी चैंपियनशिप में 'दिव्य रत्न' को मिला प्रथम पुरस्कार

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा "दिव्य रत्न" को झारखंड



ई - शिक्षा महोत्सव 2025 के राज्य स्तरीय आईसीटी चैंपियनशिप में जिला स्तरीय का प्रथम पुरस्कार मिला। पुरस्कार के रूप में एक स्वर्ण पदक, एक स्मार्ट वॉच एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही पूर्वी सिंहभूम शिक्षा विभाग कार्यालय में प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान आने पर 'दिव्य रत्न' को एक रजत पदक, एक स्कूल बैग एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 'दिव्य रत्न' सीएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस, साकची की 11वीं कक्षा की छात्रा है। झारखंड ई - शिक्षा महोत्सव 2025 के राज्य स्तरीय आईसीटी चैंपियनशिप का रिजल्ट आना अभी बाकी है। 'दिव्य रत्न' को स्कूल स्तर पर भी प्रथम आने के लिए कांस्य पदक, प्रमाण पत्र आदि मिलना बाकी है। गौरतलब है कि पिछले दिनों 'दिव्य रत्न' को जिला स्तरीय कला उत्सव, संगीत एकल गायन में प्रथम पुरस्कार का सम्मान मिला था। सीएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस की प्रिंसिपल मंजू सिन्हा ने शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा है कि 'दिव्य रत्न' को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान मिले, ऐसी हम शुभकामनाएं देते हैं। डॉक्टर राजेश कुमार लाल दास (दूरदर्शन संवाददाता) एवं कुमारी किरण के सुपुत्री 'दिव्य रत्न' आकाशवाणी एवं दूरदर्शन की कलाकार भी है और संगीत के क्षेत्र में भी लगातार आगे बढ़ रही है।

# बिचौलियों के झांसें में नहीं आएं किसान, धान क्रय केंद्र पर ही धान की करें बिक्री: उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिले में धान क्रय कार्य की शुरूआत को लेकर शनिवार को अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा ने की। इस बैठक में जिले के सभी संबंधित पैक्स संचालक, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के प्रतिनिधि एवं मिलर उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी धान क्रय सत्र को सुचारू, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाना रहा। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती शालिनी खालखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्री ऋतुराज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मो. साहिद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



**पैक्स संचालक किसानों के साथ करें अच्छा व्यवहार**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने धान क्रय के लिए चिन्हित पैक्सों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान क्रय के दौरान किसानों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि पैक्स संचालक धैर्य एवं पेशेवर तरीके से धान की खरीदारी करें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। तौल, गुणवत्ता जांच और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाए।

**15 दिसंबर से शुरू होगा धान का क्रय कार्य**

उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में धान क्रय कार्य 15 दिसंबर से प्रारंभ किया जाएगा। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 17 धान क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि किसानों को अपनी धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो।

**सप्ताह भर में होगा सत्यापन,एक साथ मिलेगा भुगतान**

किसानों की सहूलियत को देखते हुए विभाग ने इस वर्ष एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस बार धान का सत्यापन कार्य सप्ताह भर में पूरा किया जाएगा। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होते ही किसानों को धान की पूरी राशि एक साथ सीधे उनके बैंक खाते में भुगतान की जाएगी। इससे किसानों को समय पर भुगतान मिलेगा और आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी।

**पारदर्शिता और विभागों के समन्वय पर दिया गया जोर**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी संबंधित विभागों, एजेंसियों, पैक्स, एफसीआई और मिलरों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि धान क्रय प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक के अंत में उपायुक्त ने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से इस वर्ष धान क्रय कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होगा और किसानों को इसका पूरा लाभ मिलेगा।

**धान क्रय केंद्र जाने से पूर्व किसान धान की करें अच्छी तरह सफाई**

धान क्रय कार्य को लेकर जिला प्रशासन द्वारा किसानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने जिले के किसानों से अपील किया है कि वे धान क्रय केंद्र पर जाने से पूर्व अपने धान की अच्छी तरह सफाई कर लें और उसे पूरी तरह सूखा कर ही केंद्र पर लाएं, ताकि गुणवत्ता मानकों के अनुरूप धान की खरीद हो सके और किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य प्राप्त हो।

**समर्थन मूल्य 2450 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित**

उन्होंने जानकारी दी कि विभाग द्वारा इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2450 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। सरकार का उद्देश्य किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य प्रदान करना है। किसान अधिकृत धान क्रय केंद्रों पर ही अपनी धान की बिक्री करें और किसी भी प्रकार के बिचौलियों के झांसे में नहीं आएं।

**जिले के धान अधिप्राप्ति केंद्रों की सूची निम्न हैं:-**

गायछन्दा पैक्स लिमिटेड, पोटसो पैक्स लिमिटेड, तिलैया पैक्स लिमिटेड, बारीड़ारी पैक्स लिमिटेड, राधा नगर पैक्स लिमिटेड, सिंहपुर पैक्स लिमिटेड, हिसीम पैक्स लिमिटेड, बागदा पैक्स लिमिटेड, साबड़ा पैक्स लिमिटेड, चंदनकियारी एफपीओ, तेलो एफपीओ, बुण्डू पैक्स लिमिटेड, अराजू पैक्स लिमिटेड, पेंक पैक्स लिमिटेड, सतनपुर पैक्स लिमिटेड, मधुकरपुर पैक्स लिमिटेड एवं लुगूबुरु एफपीओ।

# उपायुक्त ने किया गोदामों की क्षमता व रख-रखाव का निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अजय नाथ झा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीएसओ शालिनी खालखो, डीपीआरओ रवि कुमार आदि ने तीन जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जागरूकता वैन जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण करेंगी और किसानों को धान क्रय से संबंधित प्रक्रिया, समर्थन मूल्य, क्रय केंद्रों की जानकारी तथा सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी देंगे।



**किसानों को जागरूक करने का अभियान तेज**

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जागरूकता वैन के माध्यम से किसानों तक सही और प्रामाणिक जानकारी पहुंचाई जाएगी, ताकि वे किसी भी प्रकार के भ्रम या बिचौलियों के झांसे में न आएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रचार-प्रसार के दौरान किसानों को धान की गुणवत्ता, पंजीकरण प्रक्रिया एवं भुगतान प्रणाली के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाए।

**गोदामों की क्षमता और रख-रखाव का लिया जायजा**

आगे, उपायुक्त ने बाजार समिति, चास परिसर स्थित 1000 - 1000 मैट्रिक टन क्षमता वाले बीएस सिटी, चास-वन एवं चास-टू गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चावल, गेहूं, चीनी एवं नमक के भंडारण की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने आगामी धान क्रय के बाद भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से आवंटित चावल के रख-रखाव हेतु निर्धारित भंडारण स्थल का भी जायजा लिया। उन्होंने गोदामों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं भंडारण मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के डीएसओ को निर्देश दिए।

**सड़क और पुराने गोदाम की मरम्मति का दिया निर्देश**

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने गोदाम तक पहुंचने वाली सड़क एवं पुराने गोदाम की जर्जर स्थिति पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को शीघ्र मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान क्रय एवं भंडारण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त की जाएं। उन्होंने बाजार समिति स्थित दुकानों - उसके किराये की भी जानकारी ली। संबंधित विपणन पदाधिकारी को खाली पड़ें स्थानों पर अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण, जर्जर दुकानों की मरम्मति - बाजार समिति की आय बढ़ोतरी के दिशा में किए जाने वाले कार्यों से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहायक गोदाम प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

# सांसद ढुलू महतो ने केंद्रीय इस्पात मंत्री से की मुलाकात

## बोकारो स्टील लिमिटेड एवं औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े गंभीर मुद्दों पर सौंपा समेकित ज्ञापन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुलू महतो ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी से शिष्टाचार मुलाकात कर बोकारो स्टील लिमिटेड (इख्छ) एवं उससे जुड़े औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित अनेक गंभीर एवं जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए एक समेकित ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के दौरान सांसद महतो ने बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता के विस्तार, स्पेशल ग्रेड स्टील आधारित उद्योगों की स्थापना तथा अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से जुड़ी लंबित परियोजनाओं की प्रगति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सांसद ढुलू महतो ने बैठक में नए सेंटर प्लांट में हो रही अनावश्यक देरी, बोकारो स्टील में किए गए उपकरणों की अनावश्यक खरीद की जांच तथा मैनपॉवर कटौती के निर्णय पर पुनर्विचार की



आवश्यकता पर भी माननीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्णयों का सीधा प्रभाव उत्पादन, रोजगार और क्षेत्रीय औद्योगिक विकास पर पड़ रहा है, जिस पर केंद्र सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। मुलाकात के दौरान सांसद महतो ने बीएसएल के स्थायी कर्मचारियों के लंबित वेज एरियर, ठेका मजदूरों की वेतन कटौती, चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति एवं सेवा सुरक्षा जैसे श्रमिक हितों से जुड़े विषयों को भी प्रमुखता से रखा। इसके साथ ही बोकारो स्टील प्लांट से प्रभावित विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, रोजगार, आधारभूत सुविधाओं तथा उनके न्यायोचित अधिकारों से संबंधित मांगों को लेकर केंद्र सरकार से ठोस पहल की आवश्यकता पर बल दिया। सांसद ढुलू महतो ने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार बोकारो स्टील प्लांट एवं उससे जुड़े औद्योगिक क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए इन सभी जनहित और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी तथा श्रमिकों, विस्थापितों और स्थानीय समाज के हित में ठोस कदम उठाएगी।

# केन्दुआडीह गैस रिसाव मामले की जांच को मुख्य सचिव के नेतृत्व में उच्चस्तरीय टीम पहुंची धनबाद

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंदुआडीह क्षेत्र में गैस रिसाव की घटना को लेकर शनिवार को एक उच्च स्तरीय टीम को धनबाद भेजा। टीम का नेतृत्व झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार कर रहे थे। उनके साथ डीजीपी तदाशा मिश्रा, गृह सचिव वंदना दादेल, खान सचिव अरवा राजकमल, राजस्व सचिव चंद्र शेखर भी धनबाद पहुंचे। टीम ने धनबाद के विधायक राज सिन्हा, उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार तथा अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल और तकनीकी अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। टीम ने गैस रिसाव से प्रभावित क्षेत्र का आकलन किया। तकनीकी अधिकारियों के साथ गैस रिसाव को रोकने की दिशा में उठाए गए कदम, गैस की वर्तमान मात्रा तथा लोगों की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद टीम जिला प्रशासन एवं भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा बनाई गए राहत शिविर पहुंची। जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्य सचिव ने कहा कि गैस रिसाव की घटना प्राकृतिक कारणों से हो सकती है। इस पर पूर्ण नियंत्रण करने का प्रयास जारी है। हालांकि अब तक हुई तकनीकी प्रगति और उपलब्ध वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर सभी पहलुओं का गहन अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग वर्षों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं और परिस्थितियों से भली-भांति परिचित हैं। इसलिए किसी भी समाधान में उनकी भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार वर्तमान स्थिति का आकलन कर रही है। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आवश्यकता पड़ने पर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने तथा गैस रिसाव का स्थायी समाधान निकालने के लिए गहन अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने कहा इसके लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, बीसीसीएल प्रबंधन और स्थानीय लोगों के बीच समन्वय और संवाद से समाधान निकालना अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन की पूरी मशीनरी इस संकट से निपटने में जुटी हुई है। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि केंदुआडीह में उत्पन्न स्थिति को लेकर राज्य और केंद्र, दोनों सरकारें चिंतित हैं।



### गैस रिसाव का केंद्र और राज्य सरकार मिलकर करेंगे स्थायी समाधान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंदुआडीह क्षेत्र में लंबे समय से जारी गंभीर गैस रिसाव की समस्या को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इस महत्वपूर्ण विषय को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने जोर-शोर से उठाया था। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर केंदुआडीह क्षेत्र के आम नागरिकों एवं रैयतों के पक्ष में मामले की गंभीरता से अवगत कराया था। इसके पहले गैस रिसाव की सूचना के प्रथम दिन पिछले 03 दिसंबर को ही विधायक श्री सिन्हा केंदुआडीह पहुंचकर वहां के स्थानीय से मिले थे। एवं प्रभावित क्षेत्र का मुआयना किया था।

# जैनामोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स में उद्यम पंजीयन और जागरूकता कैंप आयोजित

## उद्यमियों को मिली रजिस्ट्रेशन के फायदे और आसान व्यवसाय की जानकारी

**जैनामोड (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उद्योग निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा जैनामोड क्षेत्रों में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने और स्थानीय व्यवसाईयों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से एक विशेष उद्यम पंजीयन एवं जागरूकता कैंप का आयोजन जैनामोड चैंबर कॉमर्स मारवाड़ी पंचायत भवन में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लघु कुटीर उद्योग व्यवसाईयों ने भाग लिया और मौके पर ही उनका उद्यम पंजीयन कराया गया। शिविर में मुख्य रूप से जिला उद्योग महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। जिन्होंने उद्यम रजिस्ट्रेशन के महत्व और प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। श्री प्रसाद ने बताया कि ग्रामीण उद्यमियों के लिए उद्यम पंजीकरण के कई महत्वपूर्ण फायदे हैं। इनमें सबसे प्रमुख है बैंकों से बिना किसी गारंटी के आसान ऋण की सुविधा, ब्याज पर सब्सिडी, सरकारी निविदाओं (टेंडरों) में प्राथमिकता और कर (टैक्स) में छूट मिलना। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह पंजीकरण बिजली बिलों में रियायत दिलाने के साथ-साथ लाइसेंस एवं परमिट प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी सरल बनाता है, जो ग्रामीण उद्यमों के सुचारु विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। चेंबर के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि जैनामोड एक प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्र है जहां के लोगों को सरकार के विभिन्न योजना से जोड़ने का लगातार प्रयास किया जाता रहा है। इस अवसर पर सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि "जानकारी के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र के व्यवसाईयों को बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए सभी विभागों एवं संस्थाओं को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।" पंचायत के वित्तीय साक्षरता परामर्शदातृ प्रबंधक नसरुद्दीन अंसारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में विभिन्न व्यवसाय के लोग निवास करते हैं और महिला-पुरुष सभी का उद्यम रजिस्ट्रेशन किया जाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पंजीकरण उन्हें आगे व्यवसाय करने और सरकारी सहायता प्राप्त करने में काफी मदद करेगा। जिला उद्योग केंद्र के समन्वयक किशोर रजक ने कहा कि यह जागरूकता कैंप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और उद्यमियों को औपचारिक औद्योगिक ढांचे से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सफल आयोजन में जिला उद्योग केंद्र के विकाश प्रकाश, सुभाष चंद्र सिंह, मोहन प्रसाद महतो, संजय कुमार दास, नरेंद्र शेखर, पन्ना लाल जायसवाल, रमापति पाण्डेय, नवीन गर्ग, नरेश कुमार, अकबर अंसारी, आशिक अंसारी , अनामिका सिंह, सलीमन खातून तथा सहयोगिनी संस्था से रवि कुमार राय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।




# सेल ने अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान बिक्री में दर्ज की मजबूत वृद्धि

**नई दिल्ली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने नवंबर 2025 में बिक्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 27% वृद्धि हासिल की। नवंबर 2025 में रिटेल बिक्री में उल्लेखनीय 69% की वृद्धि दर्ज हुई और यह 0.14 मिलियन टन (एमटी) रही, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में यह 0.084 एमटी थी। यह वृद्धि विभिन्न उत्पाद श्रेणियों और वितरण चैनलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन से संभव हुई, जिनमें घरेलू सेलएबल स्टील, रोड डिस्पैच और वेयरहाउस से डोर डिलीवरी शामिल हैं। इस माह सेल देश में टीएमटी बार्स की सबसे बड़ी विक्रेता के रूप में भी उभरी। इस मासिक गति पर आगे बढ़ते हुए, सेल ने अप्रैल-नवंबर 2025 की अवधि में मजबूत समग्र प्रदर्शन दर्ज किया, जिसमें कुल 12.7 एमटी बिक्री हुई,



जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 11.1 एमटी की तुलना में 14% की वृद्धि है। यह सुदृढ़ प्रदर्शन एक मजबूत बिक्री रणनीति और बाजार में सेल टीम के निरंतर प्रयासों से संभव हुआ, और कंपनी ने विभिन्न वैश्विक व्यापारनीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न मांग में अस्थिरता सहित वैश्विक मूल्य दबाव चुनौतियों के बावजूद ये प्रदर्शन हासिल किया। यह सुदृढ़ प्रदर्शन एक मजबूत बिक्री रणनीति और बाजार में सेल टीम के निरंतर प्रयासों से संभव हुआ, जबकि कंपनी को वैश्विक मूल्य दबावों और वैश्विक व्यापार नीति की अनिश्चितताओं तथा भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न मांग अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान रिटेल चैनल बिक्री भी काफी मजबूत रही, जो 0.97 एमटी रही और पिछले वर्ष की इसी अवधि के 0.86 एमटी की तुलना में 13% वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने यह भी जोड़ा कि यह वृद्धि चल रहे राष्ट्रव्यापी ब्रांड प्रचार अभियानों से समर्थित है। ये परिणाम चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में सेल की ग्राहक-केंद्रित प्रयासों, बाजार नेतृत्व और परिचालन उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं, जो विभिन्न खंडों में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करते हैं। सेल भविष्य में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।

**बीएसएल में 'स्पर्श - वेलफेयर वॉकः केयर एंड कनेक्ट' का आयोजन**

बोकारो स्टील प्लांट में कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों की सहभागिता, कल्याण तथा कार्यस्थल सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'स्पर्श - वेलफेयर वॉकः केयर एंड कनेक्ट' पहल के अंतर्गत एसएमएस-न्यू विभाग में वेलफेयर वॉक का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मियों से उनके कार्यस्थल पर सीधा संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों को समझना, मौजूदा कार्य एवं कल्याण सुविधाओं की प्रभावशीलता का आकलन करना तथा सुधार की संभावनाओं की पहचान कर उन्हें और अधिक सशक्त बनाना है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री अंजनी कुमार शरण, मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) श्री शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-न्यू) श्री पी. वी. राव, महाप्रबंधक प्रभारी (एचआर-वर्क्स) श्री वी. एम. बक्शी, महाप्रबंधक (सीईडी) श्री ए. के. अविनाश, महाप्रबंधक (एचआर-वर्क्स) श्री सुशांत शिशिर, तथा वरीय प्रबंधक (एचआर-वर्क्स) सुश्री रीतिका शुक्ला सहित एसएमएस-न्यू एवं एचआर विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। वेलफेयर वॉक के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों एवं संबंधित विभागों की टीमों ने एसएमएस-न्यू के विभिन्न शॉप फ्लोर क्षेत्रों का भ्रमण किया तथा कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों से सीधे संवाद स्थापित किया। इस दौरान कार्यस्थल की परिस्थितियों, उपलब्ध कल्याणकारी सुविधाओं तथा उनके प्रभावी उपयोग का अवलोकन किया गया और इन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं नए वेलफेयर उपायों को लागू करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कार्यस्थल को और अधिक सुरक्षित, समावेशी एवं संवेदनशील बनाने के संबंध में कई उपयोगी सुझाव भी प्राप्त हुए। 'स्पर्श - वेलफेयर वॉकः केयर एंड कनेक्ट' पहल सुरक्षित, सुविधाजनक एवं समावेशी कार्यस्थल के निर्माण की दिशा में बोकारो स्टील प्लांट की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भविष्य में भी इस प्रकार के नियमित संवाद एवं फीडबैक-आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े सुझावों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जाता रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com